


जबलपुर गुरुवार 24 सितंबर 2026 > भाद्रपद शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
वर्ष 32 अंक 87 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

अब हर रोज दर्पण ▸▸ 3



सूर्योदय - 5.00 | सूर्यास्त - 6.05

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।


जीवनशैली में खान-पान, दिनचर्या और ... ▸▸ 4


रोहित सराफ खुद को एक ही तरह के किरदार ... ▸▸ 7


पंडालों में देर रात तक गणेश दर्शन ... ▸▸ 9

# एडवांस तकनीक से प्रशिक्षित बस चालकों के हाथों में होगी स्टेयरिंग

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 25 सितंबर को बीएचईएल दशहरा मैदान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत सावर्जनिक यात्री बसों के संचालन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत शुरू होने वाली इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों के संचालन को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके अंतर्गत सड़कों पर दौड़ने वाली बसों का स्टेयरिंग एडवांस तकनीक से प्रशिक्षित ड्राइवरों के हाथों में होगा। इसके लिए बस चालकों को इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की तकनीक, संचालन और सुरक्षा मानकों से परिचित कराने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे नई तकनीक वाली बसों का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस की सुविधा रहेगी। जीपीएस के माध्यम से बसों की लाइव लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। पैनिक बटन आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रदेश में इंटरसिटी और

## पैनिक बटन और जीपीएस से मिलेगी बसों की लाइव लोकेशन



इंट्रासिटी बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। इससे शहरों के बीच आवागमन के साथ ही शहरों के भीतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं बढ़ेंगी। सेवा का उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सुगम, सुरक्षित और भरोसेमंद परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इंटरसिटी बसें दो या दो से अधिक शहरों को जोड़ेंगी, जबकि इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर चलेंगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार करते हुए बसों की संख्या 15 हजार तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा चरणबद्ध कार्य योजना भी तैयार की गई है। इसके अनुसार प्रतिवर्ष 2500 से तीन हजार नई बसें जोड़ी जाएंगी। सार्वजनिक परिवहन के दायरे का विस्तार होने के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों के लिए आवागमन के अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे।

### नए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर जल्द होंगे तैयार

प्रदेश में वाहन चालकों को आधुनिक बसों की सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इंदौर और छिंदवाड़ा में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में 5 रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार हो जाएंगे। ये सेंटर भोपाल, बैतूल, छतरपुर, उज्जैन और ग्वालियर में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर 22 ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से वाहन चालकों को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों के संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## देश और समाज हित में काम आने पर ही शिक्षा सार्थक : मुर्मू



**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को गुजरात के वडोदरा में महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के 75 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसका लाभ देश और समाज को मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय पिछले 75 वर्षों से ज्ञान की अलग-अलग धाराओं को जोड़कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में किसी भी समस्या का समाधान केवल एक विषय तक सीमित नहीं है। बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए अलग-अलग विषयों को साथ लेकर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वैज्ञानिक की जिज्ञासा, कलाकार की संवेदनशीलता, इतिहासकार का नजरिया, अर्थशास्त्री की समझ और समाजशास्त्री की सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों को इस दिशा में लगातार सजग और सक्रिय रहना चाहिए।

## भाजपा प्रत्याशी जन्म से पहले 10वीं पास हुई : कांग्रेस

**कोलकाता।** बंगाल की नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव से पहले कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी हसीरानी रथ के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र और पढ़ाई से जुड़ी गलत जानकारी दी है। कांग्रेस नेता और वकील रित्जू घोषाल ने कोर्ट में कहा-हसीरानी रथ ने हलफनामे में जन्म साल 1966 बताया है, जबकि 1965 में माध्यमिक यानी 10वीं की परीक्षा पास करने का जिक्र किया है। हसीरानी ने जन्म से पहले 10वीं कैसे पास कर ली। भाजपा प्रत्याशी ने जिस स्कूल का नाम हलफनामे में दिया गया है, कांग्रेस ने उसके रिकॉर्ड पर भी सवाल उठाए हैं। पार्टी के मुताबिक, चौखाली गंगा पद्म मिलन कन्या विद्यापीठ की शुरुआत 1963 में हुई थी। उस समय वहां 5वीं तक पढ़ाई होती थी। कांग्रेस के मुताबिक, स्कूल को 10वीं तक पढ़ाने की सरकारी मंजूरी 1973 में मिली थी। रित्जू घोषाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने हलफनामे की जांच की थी, लेकिन गड़बड़ी पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# चुनाव निष्पक्ष नहीं तो लोकतंत्र कहां?

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने 10 माह में 14 बार असहमति के बाद भी नहीं सुनी आपत्तियां

नई दिल्ली




कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी की प्रक्रिया में भूमिका निभाने और अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों तथा अधिकारों को तरजीह नहीं देने का आरोप लगाते हुए तत्काल पद से इस्तीफा देने की मांग की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस व्यक्ति के कारण 13 करोड़ से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाये गये हैं उसे संवैधानिक पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और उसे तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। एक खबर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में मुख्य चुनाव आयुक्त के कामकाज और विभिन्न फैसलों पर 14 बार लिखित विरोध और असहमति दर्ज करायी है लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया जाता है। सिंघवी ने कहा कि 1995 में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त अन्य चुनाव आयुक्तों से ऊपर नहीं हैं और तीनों समान हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त फर्स्ट अमंग इक्वल्स यानी बराबरों में प्रथम हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय संस्था बताते हुए कहा था कि सभी चुनाव आयुक्तों की निर्णय प्रक्रिया में भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगस्त 2026 में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने फॉर्म-6 में किये गये बदलावों को अनधिकृत और अवैध बताया था जबकि चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने भी इसका विरोध किया था। मई 2026 में दोनों चुनाव आयुक्तों ने इस बात पर आपत्ति जतायी थी कि उनके निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को चुनाव आयोग के पोर्टल तक पहुंच नहीं दी गयी। अगस्त में संधू ने यह भी सवाल उठाया था कि पश्चिम बंगाल ट्रिब्यूनल के समक्ष चुनाव आयोग की ओर से अपील दायर करने की अनुमति किसने दी। सिंघवी ने कहा कि इन परिस्थितियों में सवाल उठता है कि क्या अन्य चुनाव आयुक्तों को केवल डमी बना दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त पर अपने सहयोगियों के अधिकार छीनने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त मनमानी करते हैं और देश में वोट चोरी का जरिया बनते हैं।

### ...तो लोकतंत्र कहां रहेगा : प्रियंका


कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर मुद्दा बताया, केरल के नीलांबुर में मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव नहीं होंगे तो लोकतंत्र कहां रहेगा। प्रियंका ने कहा कि अगर चुनाव किसी भी तरह अनुचित या प्रभावित होते हैं और चुनाव आयोग को इसकी जानकारी होने के बावजूद ऐसा होने दिया जाता है, तो यह लोकतंत्र पर गंभीर हमला है। उन्होंने इसे 'देशद्रोह बताया। विवाद उस रिपोर्ट के बाद बढ़ा जिसमें दावा किया गया कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार आयोग के कुछ फैसलों और आदेशों पर रिकॉर्ड में आपत्ति दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक, इन आपत्तियों में फॉर्म 6 में बदलाव, मतदाता डेटा के केंद्रीकरण और मतदाता सूची से जुड़े कुछ फैसलों जैसे मुद्दे शामिल थे।

### वैचारिक मतभेद का मतलब टकराव नहीं: ईसीआई

चुनाव आयोग के अंदर दो चुनाव आयुक्तों की असहमतियों के बीच उपजे विवाद पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने सफाई दी है और कहा है कि आयोग के अंदर सभी फैसले सर्वसम्मति से हो रहे हैं। वैचारिक मतभेद का मतलब टकराव नहीं समझा जाना चाहिए। किसी भी संस्था में विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग राय और टिप्पणियां होना सामान्य बात है। ये अंतिम फैसला लेने से पहले निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। न केवल तीनों आयुक्तों, बल्कि आयोग का हर अधिकारी चुनावी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आयोग को अपने सुझाव देने के लिए पूरी तरह से अधिकृत है। आयोग ने बयान में कहा कि दस महीनों के दौरान की कुछ खास आंतरिक टिप्पणियों/अवलोकनों को उजागर करना, जबकि बड़ी संख्या में मंजूरियों, फैसलों, निर्देशों और पहलों को नजरअंदाज करना, तस्वीर का केवल एक हिस्सा ही दिखाता है। हाल के महीनों में आयोग ने कई फैसले लेने के साथ ही निर्देश जारी किये हैं तथा लगभग 40 नयी पहलें शुरू की हैं और देश भर में मतदाता सूची संशोधन के संचालन सहित कई चुनावी सुधार किये हैं। ये सभी फैसले पिछले एक साल में पूरे आयोग के सर्वसम्मत फैसलों के परिणाम हैं। आयोग के मुताबिक किसी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले सदस्यों के बीच चर्चा होती है और इस दौरान अलग-अलग राय, सुझाव या प्रशासनिक सवाल उठना सामान्य प्रक्रिया है। इनका उद्देश्य चुनावी व्यवस्था को मजबूत करना और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना है।

### प्रधानमंत्री देश को जवाब दें : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल पिछले कई वर्षों से चुनावों की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खड़गे ने फॉर्म 6, सॉफ्टवेयर के कथित इस्तेमाल, मतदाता सूचियों और पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी के 'वोट चोरी' और एसआईआर को लेकर उठाए गए सवालों को भी सामने रखा। खड़गे ने यह भी कहा कि एसआईआर के पहले तीन चरणों में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों से 13.8 करोड़ नाम बाहर हुए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल केवल वोट चोरी का नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं पर सरकार के कब्जे, उनकी स्वतंत्रता और निष्पक्षता का है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के भीतर से सामने आये दस्तावेज केंद्र सरकार तथा भाजपा-आरएसएस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश को जवाब देना चाहिए।



## यूएन में पेजेश्कियान का ट्रंप पर निशाना

# हम आतंकवाद के शिकार

मैनहैटन

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। मसूद पेजेश्कियान ने ट्रंप पर पलटवार करते हुए ईरान को आतंकवादी देश कहे जाने वाला बयान खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। इसी के साथ उन्होंने अमेरिका और इस्राइल पर ईरानी क्षेत्र में हमले करने का आरोप लगाया। पेजेश्कियान ने कहा, कल अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमें आतंकवादी बताया। हम आतंकवाद के शिकार रहे हैं। पेजेश्कियान ने अपने संबोधन के दौरान मिनाब स्कूल हमले के पीड़ितों की तस्वीरें भी दिखाईं। उन्होंने इन तस्वीरों के जरिए संघर्ष में मारे गए निर्दोष नागरिकों का मुद्दा उठाया। ईरानी राष्ट्रपति ने ईरानी नागरिकों पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कब्रों और बच्चों समेत अन्य पीड़ितों की तस्वीरें दिखाईं। ईरानी राष्ट्रपति ने अपना पक्ष रखते हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के साथ ईरानी नागरिकों और संस्थानों पर हुए हमलों का भी जिक्र किया। पेजेश्कियान ने कहा, मैं ऐसे ईरान से आता हूं, जहां हमारे सम्मानित सर्वोच्च नेता की बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या कारण के हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा, मैं ऐसे ईरान से आता हूं, जहां वास्तव में एक स्कूल पर बम गिराया गया। आप इन बच्चों को देख रहे हैं? ये बच्चे अमेरिका और इस्राइल द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों से किए गए बम हमलों में मारे गए। उन्होंने कहा, वे निर्दोष थे और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने अपना बचाव किया, लेकिन दावा किया कि उसकी सेना ने जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने से परहेज किया। उन्होंने कहा, हमारे निर्दोष लोग हमारे देश पर थोपे गए कायराना हमलों का निशाना बने। हमने पूरी ताकत के साथ अपना बचाव किया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान को अपने देश की रक्षा करने के लिए किसी की अनुमति या मंजूरी की जरूरत नहीं है। पेजेश्कियान के संबोधन के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का एक अधिकारी संयुक्त राष्ट्र महासभा से बाहर निकल गया। जैसे ही ईरानी राष्ट्रपति ने अपना भाषण शुरू किया, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का अधिकारी अपनी जगह से उठा और बैठक से बाहर चला गया।

# चढ़ावा चोरी : 36 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश

लखनऊ।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पुलिस ने बुधवार को विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट की अदालत में 36,039 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी। चार्जशीट में राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र व निर्माण प्रभारी गोपाल राव पर कोई आपराधिक संस्तुति नहीं की गई है, बल्कि उन्हें गवाह बनाया गया है। इससे पहले आरोपपत्र कई बक्सों और गत्तों में भरकर अदालत पहुंचाया गया।



आरोपपत्र में 133 गवाहों का उल्लेख है। इसके साथ 59 पृष्ठ का आरोपपत्र और 101 केस डायरी के परचे भी शामिल हैं।

## वायुसेना को मिलेंगे हवाई पट्टी ध्वस्त करने वाले 160 हथियार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए हवाई पट्टी को ध्वस्त करने वाले 160 सैटेलाइट स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड हथियार और संबंधित उपकरण खरीदने के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ 810.79 करोड़ रुपये का करार किया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह अनुबंध स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्मित श्रेणी के तहत किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक यह उपकरण हवा से जमीन पर मार करने वाला सटीक निर्देशित ग्लाइड बम है। इसे जगुआर, हॉक और सुखोई-30 जैसे विमानों से दागा जा सकता है और यह लंबी दूरी से दुश्मन की हवाई पट्टी को निष्क्रिय करने में सक्षम है। इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने देश में ही डिजाइन और विकसित किया है। इसमें 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री होगी। इसके साथ ही इनिशियल मेजरमेंट यूनिट, लॉन्ग इम्पैक्ट डिले फ्यूज और ट्विन स्टोर कैरियर जैसे सब सिस्टम का भी स्वदेशीकरण किया जाएगा। इन हथियारों की आपूर्ति वर्ष 2027-28 और 2028-29 के दौरान निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार, इसके शामिल होने से वायुसेना की परिचालन क्षमता बढ़ेगी और देश की रक्षा तैयारियों को मजबूती मिलेगी।

# सेलिब्रिटी होना कानून से ऊपर का लाइसेंस नहीं

## राष्ट्रपति की स्पीच शेयर कर तुकाराम मुंढे ने दी सख्त नसीहत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) आयुक्त तुकाराम मुंढे ने सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादों के प्रचार को लेकर फिल्मी सितारों और चर्चित हस्तियों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उस अपील को साझा किया, जिसमें उन्होंने लोकप्रिय फिल्म कलाकारों से लोगों की सेहत के लिए नुकसानदायक उत्पादों का प्रचार नहीं करने की बात कही थी। तुकाराम मुंढे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि किसी व्यक्ति का प्रभाव उसे कानून से ऊपर नहीं कर देता। उन्होंने कहा कि कलाकारों को भी अन्य नागरिकों की तरह कानून का सम्मान करना चाहिए और उन उत्पादों, व्यवहारों तथा आदतों का प्रचार करने की जिम्मेदारी समझनी चाहिए, जो आम लोगों के फैसलों और पसंद को प्रभावित करते हैं। मुंढे ने कहा, प्रभाव कोई प्रतिरक्षा नहीं है। उनके मुताबिक, जब किसी खाद्य उत्पाद के प्रचार में किसी प्रभावशाली व्यक्ति का इस्तेमाल होता है तो उसमें जनस्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने महाराष्ट्र में की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। एफडीए आयुक्त ने कहा कि व्यापक जनहित को लेकर चिंता पैदा करने वाले कुछ विज्ञापनों के मामले में राज्य में कलाकारों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उनके मुताबिक, किसी व्यक्ति का प्रभाव ऐसी चीजों के प्रचार का लाइसेंस नहीं बन सकता, जो लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यावसायिक हित जनस्वास्थ्य से ऊपर नहीं हो सकता।



### एफडीए ने दिया था नोटिस

यह बयान ऐसे समय आया है जब महाराष्ट्र एफडीए ने पिछले महीने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को एक विज्ञापन को लेकर नोटिस जारी किए थे। एफडीए का दावा था कि विमल इलायची का विज्ञापन महाराष्ट्र में प्रतिबंधित उत्पाद विमल पान मसाला के अप्रत्यक्ष प्रचार के तौर पर देखा जा सकता है।

### क्या कहा था राष्ट्रपति ने

दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए फिल्मी कलाकारों के समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि मशहूर कलाकारों का युवा पीढ़ी पर गहरा असर होता है और एक वास्तविक स्टार को अंधेरे के बजाय रोशनी फैलानी चाहिए।

# राहुल ने ओबीसी आरक्षण को लेकर मप्र के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित पदों पर लंबे समय से नियुक्तियां नहीं होने का मुद्दा उठाया और इन पदों पर तत्काल नियुक्ति करने की मांग की है। राहुल गांधी ने इंदौर में अपने छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बुधवार को कहा कि कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षा, रोजगार और अपने भविष्य से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाये। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण के तहत लंबित नियुक्तियों का मुद्दा भी छात्रों ने उनके साथ बातचीत में प्रमुखता से उठाया और बताया कि राज्य सरकार के 87 अनुपात 13 के फार्मूले के तहत ओबीसी के 13 प्रतिशत पद लंबे समय से रोके गये हैं। उन्होंने कहा कि इन पदों पर चयनित अभ्यर्थी 2022 से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सभी दलों ने सर्वसम्मति से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का समर्थन किया था, इसके बावजूद लंबित नियुक्तियों का समाधान नहीं हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि नियुक्तियों में देरी से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है और वे आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नियुक्ति की मांग को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरुवार 24 सितंबर 2026



# रिलायंस फाउंडेशन स्कॉलरशिप योजना से छात्रों को लाभान्वित कराने जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया

शहडोल/बुढार (स्वतंत्रमत )।

प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार में रिलायंस सी.बी.एम. – सी.एस.आर. टीम द्वारा महाविद्यालयीन छात्रों को रिलायंस फाउंडेशन स्कॉलरशिप योजना 2026 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के लगभग 150 छात्रों ने आयोजित स्कॉलरशिप योजना कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल उपाध्याय, डॉ आर.एस. नापित डॉ नागमणि मानिकपुरी सहित अनेक



प्राध्यापको की गरिमामय उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में डॉ. समीम खान एवं अभिलाष तिवारी द्वारा आयोजित किया गया। स्कालरशिप सत्र के अवसर पर डॉ. समीम खान ने विद्यार्थियों को रिलायंस फाउंडेशन स्कॉलरशिप योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया, और उन्होंने योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, चयन मानदंड तथा एप्टीट्यूड टेस्ट की तैयारी एवं उसे सफलतापूर्वक देने के संदर्भ में सरल एवं व्यावहारिक जानकारी छात्रों के मध्य साझा की। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी सत्र अवसर पर समाधान किया गया। रिलायंस फाउंडेशन स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत देशभर के 5,000 स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी उच्च शिक्षा में सहयोग के लिए 2 लाख तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। रिलायंस सी.बी.एम. – सी.एस.आर. टीम का उद्देश्य परियोजना क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाना रहा है, ताकि पात्र विद्यार्थी समय पर आवेदन कर सकें और इस अवसर का लाभ उठाने के लिए छात्रवृत्ति चयन प्रक्रिया में भाग ले सकें। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय पांडेय, दिलीप नामदेव एवं प्रदीप गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा।



# बाणसागर विस्थापित परिवारों के न्याय के लिए जमुनी में हुआ विशाल जन आंदोलन

शहडोल/ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

विधानसभा के अंतिम छोर पपौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमुनी में बाणसागर विस्थापित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वाधान में विशाल जन आंदोलन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए।

आंदोलन के दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह पेंड्रो 'मोनू' ने राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की कि बाणसागर परियोजना से प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को लंबित मुआवजा, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना का लाभ दिलाया जाए तथा डूब प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर वास्तविक नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए। साथ ही मकान, कृषि भूमि एवं फसल क्षति का उचित मुआवजा तथा प्रभावित परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# अभाविप की मांगों के बाद जैतपुर कॉलेज में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

## सड़क निर्माण शुरू, बाउंड्री वॉल का काम पूरा; विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़ी अन्य मांगों पर भी कार्रवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत )।

शासकीय महाविद्यालय जैतपुर में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) शहडोल द्वारा पूर्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उठाई गई मांगों का असर अब दिखाई देने लगा है। महाविद्यालय तक पक्की सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है, जबकि परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण भी पूर्ण कर लिया गया है। अभाविप ने महाविद्यालय में सड़क, बाउंड्री वॉल, खेल मैदान, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, गर्ल्स गार्डन, प्रयोगशाला सहित विद्यार्थियों से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। मांगों के बाद विकास कार्यों की शुरुआत से विद्यार्थियों को आवागमन और परिसर की सुरक्षा में राहत मिलने की उम्मीद है।परिषद ने कहा कि विद्यार्थी हित में उठाई गई मांगों पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई स्वागत योग्य है। अभाविप का उद्देश्य विवाद खड़ा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि जिन कार्यों की शुरुआत हो चुकी है, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा शेष मांगों पर भी जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभाविप शहडोल ने विद्यार्थी हित में की गई कार्यवाही के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 25 को एक स्वर में होगा गायन

**शहडोल, स्वतंत्रमत।** नमामिं भारतम्– वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर की ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ार तथा केशवपुरम विद्यालय में 25 सितम्बर को प्रातः 11 बजे विद्यालय के विद्यार्थी अभिभावक तथा विद्यालय के आचार्य वन्देमातरम का गायन करेंगे। विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के दिशा निर्देशन पर नमामिं भारतम्– वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर के साथ-साथ देश एवं प्रदेश में एक साथ वन्देमातरम का गायन का आयोजन किया जा रहा है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक चेतना में अतिविशिष्ट स्थान प्राप्त वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान पीढ़ी में स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगानें के पुनीत उद्देश्य से नमामिं भारतम्– वन्दे मातरम के एक साथ गायन का कार्यक्रम भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया है।

# नगर विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को लेकर पार्षदों ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

शहडोल ( स्वतंत्रमत ) । –

नगर पालिका शहडोल के समस्त पार्षद मंच द्वारा बुधवार को शहर के विकास कार्यों एवं वार्डों की मूलभूत समस्याओं को लेकर कमिश्नर महोदया को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विभिन्न दलों के पार्षद एकजुट होकर नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर कमिश्नर महोदया के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं।

पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वार्डों में हैंडपंप सामग्री, स्ट्रीट लाइट सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता नहीं होने के कारण नागरिकों की समस्याओं का समय पर निराकरण कराने में पार्षदों को कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा है। पार्षदों ने कहा कि जनता ने विश्वास के साथ उन्हें अपने वार्ड का प्रतिनिधि चुना है और उनसे विकास कार्यों की अपेक्षा रखती है। लेकिन आवश्यक सामग्री एवं कार्यों की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण पार्षदों के लिए अपने वार्डों में विकास कार्य कराना और जनता की समस्याओं का समाधान कराना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। ज्ञापन में ई देवेंद्र कोल द्वारा टी एस ना देनें से टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है जिससे वार्ड विकास का रुके हुए लंबित विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने, आवश्यक सामग्रियों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा टेंडर एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में आ रही बाधाओं का निराकरण करने की मांग की गई। पार्षदों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का विरोध करना नहीं, बल्कि शहडोल शहर के विकास और जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराना है। सर्वदलीय पार्षद मंच ने कमिश्नर से मांग की कि जनहित से जुड़े इन विषयों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए नगर विकास कार्यों को गति प्रदान की जाए, ताकि पार्षद अपने-अपने वार्डों में जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करा सकें।पार्षदों ने एक स्वर में कहा-जनता का विश्वास हमारी जिम्मेदारी है और शहर का विकास हमारी प्राथमिकता है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) एवं जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार बुधवार, 23 सितंबर 2026 को जिला जेल उमरिया में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेष ई-केवाईसी कैंप एवं विधिक सहायताध्विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को आवश्यक शासकीय दस्तावेजों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराने के साथ-साथ उन्हें उनके कानूनी एवं संवैधानिक अधिकारों तथा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया श्री प्रियदर्शन शर्मा की गरिमामयी अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मोहन डावर तथा वर्तमान पदेन जेल अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अम्बिकेश प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।शिविर में यूनियन बैंक के प्रबंधक, खाद्य एवं जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, लीगल एड के अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स, पत्रकारगण तथा उमरिया के वरिष्ठ अधिकारी एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी संबंधित विभागों के समन्वय से बंदियों को एक ही स्थान पर विभिन्न आवश्यक सेवाओं एवं विधिक जानकारी का लाभ उपलब्ध कराया गया।



**20 बंदियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण**-विशेष ई-केवाईसी कैंप के दौरान चिन्हित किए गए 20 बंदियों के आवश्यक शासकीय दस्तावेजों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इसमें राशन कार्ड, गैस कनेक्शन तथा बैंक खातों से संबंधित आवश्यक सत्यापन की कार्रवाई की गई। विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित संस्थाओं के सहयोग से बंदियों को दस्तावेज संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे भविष्य में उन्हें शासकीय योजनाओं एवं बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके।

**150 बंदियों ने लिया शिविर का लाभ**-विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर में जिला जेल में निरुद्ध लगभग 150 बंदियों ने सहभागिता की। इस दौरान उपस्थित बंदियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की व्यवस्था, न्यायालयीन प्रक्रिया तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अधिवक्ता उपलब्ध कराने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं विधिक सेवा से जुड़े प्रतिनिधियों ने बंदियों को बताया कि आर्थिक अथवा अन्य कारणों से कोई व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। शिविर के माध्यम से बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा न्यायिक प्रक्रिया को समझने के लिए प्रेरित किया गया।

**जेल परिसर की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण**-कार्यक्रम के उपरांत प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा जिला जेल परिसर का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं के साथ-साथ जेल परिसर में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर जेल के प्रमुख मुख्य प्रहरी सहित ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जेल प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास से ई-केवायसी एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# शासकीय महाविद्यालय नौरोजाबाद में संकल्प सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सोमवार 21 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय नौरोजाबाद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह थे। इस अवसर पर मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण, रंगोली, चित्रकला, निबंध इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधायक जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं वाटर कूलर स्थापित करने घोषणा की।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम जारी



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** – जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा लगातार शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम चला रहा है। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशन में तथा उमरिया जिले में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में कक्षा 6 से 8 का शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण डाइट में आयोजित हुआ। विषयरू सीखने की प्रक्रिया में टीएलएम इस माह की विषय वस्तु पर चर्चा की गई। शैक्षिक संवाद का मुख्य संदेश लर्निंग के लिए हमेशा नये संशाधनों की आवश्यकता नही होती। विद्यार्थियों को अपनी पहचान व्यक्त करने, अपने आसपास की दुनिया को जानने साथियों के साथ शैक्षिक गतिविधियॉ करने खेलते हुये सीखने और अपनी बात रखने के अवसर देना भी लर्निंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिन विद्यालय तय करें कि वे विद्यार्थियों को ऐसा कौन सा अनुभव देंगे, मेरी पहचान और मेरी बात महत्तपूर्ण है और यहॉ सीखना खुशी की बात है। और जब कभी भविष्य में आपके विद्यार्थी आपका परिचय किसी को दे रहा हो तो वे गर्व से आपकी कक्षा के उन अनुभवों को बतायें जिसने उन्हें आत्मविश्वास दिया, प्रेरणा दी नया सीखने और आगे बढने के अवसर दिए इस उदेश्य की पूर्ति के लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गयाा। इसकी बारीकियों को ध्यान में रखते हुये सहजकर्ताओं द्वारा इस शनिवार जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर होने वाले शैक्षिक संवाद का उन्मुखीकरण किया जायेगा। मुख्य प्रतिभागी एवं योगदानरू जनशिक्षा केन्द्र रू उमरिया जिले के 33 जनशिक्षा केन्द्रों से सहजककर्ता इसमें सम्मिलित हुए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के श्री विनोद कुमार मनवारे प्राचार्य एवं डॉ0 ब्रजेश शर्मा प्रशिक्षण प्रभारी का विशेष मार्गदर्शन रहा। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रदीप त्रिपाठी एवं ज्योतिराज नाई की महत्तपूर्ण भूमिका रही तथा सभी जनशिक्षा केन्द्रों से जनशिक्षक एवं सहजकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचायत में 5वें-15वें वित्त की राशि पर सवाल, जांच की मांग

## बिना काम राशि आहरण से लेकर सीसी रोड और बाउंड्रीवाल निर्माण में अनियमितता के आरोप

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत मेंहदवानी की ग्राम पंचायत खजरवारा में 5वें एवं 15वें वित्त की राशि के उपयोग को लेकर शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ताओं ने सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और मटेरियल सप्लायर पर शासन के नियमों का उल्लंघन कर राशि आहरित करने तथा निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच के लिए ग्रामीण सेवा संभाग डिंडौरी के कार्यपालन यंत्री को शिकायत पत्र सौंपा गया है।

## मूल्यांकन राशि से अधिक भुगतान का आरोप

शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2025-26 में नल-जल योजना के तहत स्वीकृत एवं मूल्यांकन राशि 4.83 लाख रुपये थी, जबकि कुल 5,02,940 रुपये का भुगतान किए जाने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार मूल्यांकन राशि से 19,940 रुपये अधिक राशि खाते से आहरित की गई। इस बिंदु पर दस्तावेजों की जांच की मांग की गई है।

## पहले से बनी बाउंड्रीवाल पर दोबारा स्वीकृति का आरोप

खेरमाता सुडगांव में करीब 10 लाख रुपये के रंगमंच एवं बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति को लेकर भी शिकायत में सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि बाउंड्रीवाल पहले ही ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित कराई जा चुकी थी, इसके बावजूद उसी कार्य के लिए अलग से स्वीकृति कराकर राशि आहरित की गई। शिकायतकर्ताओं ने मौके पर भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

## चार सीसी रोड कार्यों में भी अनियमितता का आरोप

ग्राम पंचायत में बनाए गए चार सीसी रोड कार्यों को लेकर भी शिकायत की गई है। इनमें गंगाराम के घर से यशवंत के घर तक, प्रधानमंत्री रोड से राजकुमार के घर तक, पूरन के घर से पुलिया तक तथा भगत के घर से पिरमा के घर तक के कार्य शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इन कार्यों में अधिक राशि का प्राक्कलन तैयार कर राशि आहरित की गई, जबकि मौके पर सड़क की लंबाई और मोटाई प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है। शिकायत में सभी कार्यों की तकनीकी एवं भौतिक जांच कराने की मांग की गई है।



## 5.79 लाख रुपये के आहरण पर उठे सवाल

शिकायत में ग्राम पंचायत खजरवारा के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं मटेरियल सप्लायर हरिओम ट्रेडर्स के संबंध में भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार बिना कार्य कराए ग्राम पंचायत के एकल खाते से 5,79,248 रुपये की राशि आहरित की गई। साथ ही आरोप है कि राशि आहरण के बावजूद संबंधित मटेरियल सप्लायर द्वारा सामग्री की आपूर्ति नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं ने मामले में पंचायत के अभिलेख, भुगतान दस्तावेज, प्राक्कलन, मूल्यांकन, मस्टर एवं मौके पर हुए निर्माण कार्यों का मिलान कर विधि-सम्मत जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी को भी भेजी गई है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वास्तविक स्थिति जांच और भौतिक सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगी।

# किरचॉफ के नियमों में धारा की दिशा और संकेत ऐसे समझें


विद्युत परिपथों में जब कई प्रतिरोध, बैटरी और शाखाएं जुड़ी होती हैं, तब केवल ओम के नियम से पूरे परिपथ की धारा ज्ञात करना हमेशा आसान नहीं होता। ऐसे जटिल परिपथों को हल करने के लिए जर्मन भौतिक विज्ञानी गुस्ताव रॉबर्ट किरचॉफ ने दो महत्वपूर्ण नियम दिए। इन्हें किरचॉफ के धारा नियम और विभव नियम कहा जाता है। विद्युत परिपथ में धारा और विभवांतर की गणना के लिए किरचॉफके नियम महत्वपूर्ण हैं।

## किरचॉफका प्रथम नियम

इसे जंक्शन नियम या धारा नियम कहा जाता है। इसके अनुसार किसी विद्युत परिपथ के जंक्शन पर आने वाली कुल धारा, जंक्शन से बाहर जाने वाली कुल धारा के बराबर होती है। सूत्र के तौर पर, आने वाली धाराओं का योग बराबर जाने वाली धाराओं का योग होगा। उदाहरण के लिए किसी जंक्शन पर एल1 और एल 2 धाराएं धाराएं आ रही हैं तथा एल 3 बाहर जा रही है, तो, एल 1 प्लस एल 2 बराबर एल 3 होगा। यह नियम आवेश संरक्षण के सिद्धांत पर आधारित है। इसका अर्थ है कि किसी जंक्शन पर विद्युत आवेश न तो उत्पन्न होता है और न ही नष्ट होता है।

## किरचॉफका द्वितीय नियम

इसे लूप नियम या विभव नियम कहा जाता है। इसके अनुसार किसी बंद




विद्युत परिपथ में सभी विभवांतरों का बीजगणितीय योग शून्य होता है। सूत्र के तौर पर, यदि किसी बंद लूप में बैटरी का विद्युत वाहक बल ई और प्रतिरोधों के कारण विभव पतन आई आर है, तो, ई माइनस आई 1 आर 1 माइनस आई 2 आर 2 बराबर 0 होगा। यह नियम ऊर्जा संरक्षण के सिद्धांत पर आधारित है। बंद परिपथ में आवेश को एक पूरा चक्कर लगाने पर कुल ऊर्जा में कोई शुद्ध परिवर्तन नहीं होता।

### परीक्षा में ध्यान रखें

- प्रथम नियम जंक्शन पर लगाया जाता है।
- द्वितीय नियम बंद लूप पर लगाया जाता है।
- प्रथम नियम का आधार आवेश संरक्षण है।
- द्वितीय नियम का आधार ऊर्जा संरक्षण है।
- धारा की दिशा अनुमानित की जा सकती है। यदि गणना में धारा का मान ऋणात्मक आए तो वास्तविक दिशा अनुमानित दिशा के विपरीत होगी।
- परिपथ हल करते समय प्रत्येक लूप और जंक्शन के लिए समीकरण स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए।

### याद रखने की आसान ट्रिक

- **किरचॉफप्रथम नियम** – जंक्शन – धारा – आवेश संरक्षण
- **किरचॉफ द्वितीय नियम** – बंद लूप – विभव – ऊर्जा संरक्षण

### परीक्षा में पूछे जा सकते हैं

**प्रश्न** – किरचॉफ के प्रथम नियम को लिखिए और इसका आधार बताइए।

**प्रश्न** – किरचॉफ के द्वितीय नियम का कथन एवं गणितीय रूप लिखिए।

**प्रश्न** – किरचॉफके दोनों नियमों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

# समझिए साबुन और अपमार्जक में अंतर

हम रोजाना कपड़े, बर्तन और शरीर की सफाई के लिए साबुन या अपमार्जक का उपयोग करते हैं। देखने में दोनों का काम एक जैसा लगता है, लेकिन रसायन विज्ञान की दृष्टि से इनमें महत्वपूर्ण अंतर होता है। दोनों का उपयोग सफाई के लिए होता है, लेकिन उनकी रासायनिक संरचना और कठोर जल में कार्य करने की क्षमता अलग होती है।

## साबुन क्या है?

साबुन सामान्यत: उच्च वसीय अम्लों के सोडियम या पोटैशियम लवण होते हैं। इन्हें वसा या तेल की क्षार के साथ अभिक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया को साबुनीकरण कहते हैं। साबुन के अणु के दो प्रमुख भाग होते हैं, एक भाग पानी से आकर्षित होता है और दूसरा तेल तथा चिकनाई से। इसी गुण के कारण साबुन गंदगी और चिकनाई को पानी के साथ हटाने में मदद करता है।

## अपमार्जक क्या है?

अपमार्जक या डिटर्जेंट सामान्यत: सल्फोनिक अम्लों या सल्फेट यौगिकों के सोडियम लवण होते हैं। इनका उपयोग कपड़े और अन्य वस्तुओं की सफाई में व्यापक रूप से किया जाता है। डिटर्जेंट की खासियत यह है कि यह कठोर जल में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है।

## साबुन कठोर जल में कम प्रभावी क्यों?

कठोर जल में कैल्शियम और मैग्नीशियम आयन मौजूद होते हैं। ये साबुन के साथ अभिक्रिया करके अघुलनशील पदार्थ बनाते हैं, जिसे सामान्यत: स्कम कहा जाता है। इससे झाग कम बनता है और सफाई की क्षमता घट जाती है।

## परीक्षा में याद रखें

1 **साबुन** – वसीय अम्लों के लवण
2 **अपमार्जक** – सल्फोनेट/सल्फेट आधारित यौगिक
3 **साबुनीकरण** – वसा/तेल और क्षार से साबुन बनने की प्रक्रिया

# वर्चुअल लैब: विज्ञान शिक्षा में प्रयोगशाला का नया विकल्प

विज्ञान को केवल किताबों से पढ़ने के बजाय प्रयोगों के माध्यम से समझना अधिक प्रभावी होता है। लेकिन हर विद्यालय में आधुनिक प्रयोगशाला और पर्याप्त उपकरण उपलब्ध नहीं होते। ऐसे में वर्चुअल लैब विज्ञान शिक्षा में उपयोगी डिजिटल विकल्प बनकर सामने आई है।



## क्या है वर्चुअल लैब?

वर्चुअल लैब एक डिजिटल प्रयोगशाला है, जिसमें विद्यार्थी कंप्यूटर, टैबलेट या मोबाइल के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों को देख और समझ सकते हैं। इसमें प्रयोगों के ''सिमुलेशन, वीडियो, चित्र और अभ्यास'' उपलब्ध होते हैं। विद्यार्थी किसी प्रयोग को अपनी सुविधा के अनुसार बार-बार देख सकते हैं।

## कठिन प्रयोगों को समझना आसान

कई वैज्ञानिक प्रयोग जटिल होते हैं या उनके लिए विशेष उपकरणों की जरूरत होती है। वर्चुअल लैब में ऐसे प्रयोगों को चरणबद्ध तरीके से समझाया जा सकता है। इससे विद्यार्थियों में प्रयोग करने, सवाल पूछने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने की रुचि बढ़ती है।

## अपनी गति से सीखने का अवसर

वर्चुअल लैब का एक बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी प्रयोगों को अपनी गति से समझ सकते हैं। किसी चरण में गलती होने पर वे उसे दोबारा देखकर सीख सकते हैं। इससे विषय को याद करने के बजाय समझने में मदद मिलती है।

## शिक्षकों के लिए भी उपयोगी


शिक्षक कठिन प्रयोगों को पूरी कक्षा के सामने डिजिटल माध्यम से आसानी से समझा सकते हैं। वीडियो और सिमुलेशन विद्यार्थियों का ध्यान विषय पर केंद्रित करने में सहायक होते हैं।

## वास्तविक प्रयोगशाला का विकल्प नहीं

वर्चुअल लैब उपयोगी है, लेकिन यह वास्तविक प्रयोगशाला का पूरी तरह विकल्प नहीं है। वास्तविक प्रयोग में विद्यार्थी उपकरणों को स्वयं संभालना, माप लेना और प्रयोगात्मक कौशल सीखते हैं। इसलिए दोनों का संतुलित उपयोग जरूरी है।



शिवानी तिवारी
शिक्षक
आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, गोविंदगंज, जबलपुर।




# जीव विज्ञान के रोचक तथ्य

1 मानव शरीर में लगभग 37 ट्रिलियन कोशिकाएं होती हैं।
2 हृदय एक दिन में लगभग 1 लाख बार धड़कता है।
3 मानव शरीर का सबसे बड़ा अंग त्वचा है।
4 मस्तिष्क शरीर की ऊर्जा का लगभग 20 प्रतिशत उपयोग करता है।
5 लाल रक्त कोशिकाएं शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाती हैं।
6 हीमोग्लोबिन रक्त को लाल रंग देता है।
7 फेफड़ों में गैसों के आदान-प्रदान के लिए लाखों वायुकोष्ठिकाएं होती हैं।
8 छोटी आंत मानव पाचन तंत्र का सबसे लंबा भाग है।
9 यकृत (लिवर) शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है।
10 पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा अपना भोजन बनाते हैं।
11 पत्तियों का हरा रंग क्लोरोफिल के कारण होता है।
12 पौधे भी प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण और स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं।
13 न्यूरॉन तंत्रिका तंत्र की प्रमुख कोशिका है।
14 माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का पावरहाउस कहा जाता है।
15 राइबोसोम कोशिका में प्रोटीन निर्माण का कार्य करते हैं।
16 यदि आपके शरीर में मौजूद सभी डीएनए को खोल दिया जाए, तो उसकी लंबाई पृथ्वी से सूर्य और वापस सूर्य से पृथ्वी तक की दूरी से लगभग 600 गुना अधिक हो जाएगी।
17 हमारा दिल जीवन भर में इतना रक्त पंप करता है कि उससे कई बड़े तालाब भर सकते हैं।
18 भालू के उंगलियों के निशान बिल्कुल इंसानों के फिंगरप्रिंट्स जैसे होते हैं। इन्हें पहचानना फोरेंसिक एक्सपर्ट के लिए भी मुश्किल होता है।
19 हमारे पेट में पाया जाने वाला हाइड्रोक्लोरिक एसिड इतना तेज होता है कि यह एक रेजर ब्लेड को भी आसानी से गला सकता है।
20 एक टमाटर के पौधे में इंसानों से ज्यादा (लगभग 30,000) जीन होते हैं, जबकि इंसानों में लगभग 20,000 से 25,000 जीन होते हैं।

## विज्ञान के प्रयोग

# काली और सफेद सतह का तापमान, ऊष्मा के अवशोषण को समझें

गर्मियों में काले कपड़े पहनने पर अधिक गर्मी महसूस होती है, जबकि सफेद कपड़े अपेक्षाकृत ठंडे लगते हैं। इसके पीछे प्रकाश और ऊष्मा के अवशोषण का विज्ञान काम करता है। घर पर किए जाने वाले इस आसान प्रयोग से समझें कि अलग-अलग रंगों की सतहें सूर्य की ऊष्मा को अलग-अलग मात्रा में अवशोषित करती हैं।

## प्रयोग के लिए सामग्री

1 दो एक जैसे धातु या कांच के बर्तन
2 काला और सफेद कागज या पेंट
3 समान मात्रा में पानी
4 दो थर्मामीटर और
5 धूप वाली जगह की आवश्यकता होगी।

## प्रयोग की विधि

सबसे पहले दोनों बर्तनों में समान मात्रा में पानी भरें। एक बर्तन को काले कागज से ढकें या बाहर से काला रंग करें और दूसरे को सफेद कागज से ढकें। दोनों बर्तनों को एक ही स्थान पर सूर्य की सीधी रोशनी में रखें। शुरुआत में दोनों बर्तनों के पानी का तापमान थर्मामीटर से मापकर लिख लें। अब उन्हें लगभग 20 से 30 मिनट धूप में रखें। इसके बाद दोनों बर्तनों के पानी का तापमान दोबारा मापें और दोनों तापमानों की तुलना करें।




## क्या दिखाई देगा?

सामान्य परिस्थितियों में काले बर्तन का पानी सफेद बर्तन की तुलना में अधिक गर्म पाया जा सकता है। इसका कारण यह है कि काली सतह सूर्य से आने वाले विकिरण का अधिक भाग अवशोषित करती है। सफेद सतह प्रकाश के बड़े हिस्से को परावर्तित करती है, इसलिए वह अपेक्षाकृत कम ऊर्जा अवशोषित करती है।

## विज्ञान का कारण


सूर्य से पृथ्वी तक ऊर्जा मुख्यत: विकिरण के रूप में पहुंचती है। किसी सतह का रंग और प्रकृति इस बात को प्रभावित करते हैं कि वह ऊर्जा कितनी अवशोषित या परावर्तित करती है। सामान्यत: काली और गहरी सतहें अधिक विकिरण अवशोषित करती हैं, जबकि सफेद और चमकीली सतहें अधिक विकिरण परावर्तित करती हैं। इसी सिद्धांत के कारण गर्मियों में हल्के रंग के कपड़े अधिक आरामदायक माने जाते हैं। घरों की छतों पर सफेद रंग का प्रयोग भी सूर्य के विकिरण के परावर्तन को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

## प्रयोग में सावधानियां

- दोनों बर्तनों में पानी की मात्रा समान रखें।
- दोनों बर्तनों को एक ही समय पर धूप में रखें।
- दोनों पर पड़ने वाली धूप लगभग समान होनी चाहिए।
- शुरुआत में दोनों पानी का तापमान समान या लगभग समान रखें।
- थर्मामीटर को बर्तन की तली या दीवार से न लगाएं।
- तापमान पढ़ते समय थर्मामीटर को कुछ समय स्थिर रखें।
- प्रयोग के दौरान गर्म बर्तन को हाथ से सीधे न छुएं।
- अधिक गर्मी होने पर प्रयोग किसी बड़े व्यक्ति की निगरानी में करें।

एक जरूरी बात, परिणाम को केवल रंग के कारण मानने के लिए बाकी सभी परिस्थितियां समान रखना जरूरी है। यही प्रयोग को निष्पक्ष और वैज्ञानिक बनाता है।

## शब्द पहेली - 8984



**बाएँ से दाएँ**

1.साले की पत्नी-4
3.उच्च कुल का -3
5.पाताल-4
8.व्यंग,चुटीली बात-2
10.दुख,कष्ट-2
11.शराब का प्याला-2
13.सत्य,तेज-2
14.जुड़वा-3
15.विश्राम,राहत-3
17.मक्का-मदीना की यात्रा-2
19.झुका हुआ-2
20.टैक्स,हाथ-2
21.होठ,अधर-2
23.सुरक्षित-4
25.नाश,विनाश,विध्वंस-3
26.निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1.नदी-3
2.संपत्ति,धन-2
3.वंश,खानदान-2
4.उत्तमता,परिष्कृतता-4
6.समुद्र,दरिया-3
7.अंधकार-2
9.जो जायज न हो-4
12.संस्कृत में 'मेरा'-2
13.सपाट- 4
16.जांघ-2
17.पैगंबर,महापुरुष-4
18.रनिवास (उर्दू-3)
20.हुनर,फन-2
22.देह,काया-3
23.गलत का विलोम -2
24.निश्चित-2

शब्द पहेली - 8983 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore



# सतना जिला पंचायत की नई सीईओ बनीं सपना त्रिपाठी, पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों से की विकास कार्यों पर चर्चा

सतना (स्वतंत्र मत)

जिला पंचायत सतना में नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में श्रीमती सपना त्रिपाठी ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत कार्यालय में अधिकारियों,कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। पदभार संभालते ही सीईओ श्रीमती त्रिपाठी ने अपने कक्ष में जिला पंचायत के मानचित्र और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से जिले में चल रही मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास स्वच्छ भारत मिशन आजीविका मिशन सहित पंचायत स्तर की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार नवागत सीईओ ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें और समय-सीमा में लक्ष्य पूरे करें। बताया जा रहा है कि श्रीमती सपना



त्रिपाठी एक तेजतर्रार और अनुशासित प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। उनके आने से जिला पंचायत के कामकाज में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**मनरेगा के 13.58 लाख के फर्जीवाड़े की फाइल खुल सकती है** - जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बाबूपुर में मनरेगा योजना में हुए 13 लाख 58 हजार रुपये' के कथित फर्जीवाड़े की फाइल एक बार फिर खुल सकती है। जिला पंचायत में नवागत सीईओ श्रीमती सपना त्रिपाठी के पदभार ग्रहण करते ही इस दबे हुए मामले में कार्रवाई की उम्मीदें फिर जगी हैं।

मामला बाबूपुर पंचायत का है जहां मनरेगा कार्यों में फर्जी मस्टररोल और फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगा था। ग्रामीणों ने इस पूरे घोटाले की लिखित शिकायत तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ को दी थी। शिकायत को गंभीर मानते हुए जिला कलेक्टर के आदेश पर मामले की जांच भी शुरू हुई थी।

सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पंचायत सचिव 'अनिल दुबे' की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी और उन्हें दोषी भी माना गया था। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू भी हुई लेकिन अचानक यह फाइल जिला पंचायत में ही रोक दी गई। आरोप है कि सचिव की ऊंची पहुंच के चलते इस फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और इसे रेड्डी खाते में डालकर बंद कर दिया गया।

जबकि नियमानुसार दोषी पाए जाने पर सचिव के खिलाफ एफआईआर और वसूली की कार्रवाई होनी थी। अब जिला पंचायत में नई सीईओ के आने के बाद ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं को उम्मीद है कि 13 लाख 58 हजार के इस फर्जीवाड़े की फाइल फिर से निकाली जाएगी और निष्पक्ष जांच कर दोषी सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस बार भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मामले को लेकर कलेक्टर और संभागायुक्त कार्यालय में जनसुनवाई में जाएंगे।

# मैहर में 5 हाथियों का तांडव 20 गांवों में फैली दहशत

## फसलें तबाह-मकान ध्वस्त, 3 दिन में नहीं हटाया तो होगा महाआंदोलन

सतना (स्वतंत्र मत)

मैहर जिले के रामनगर अंचल में जंगली हाथी.5 ने आतंक मचा रखा है। कैमोर के घने जंगलों से सटे रामनगर गोरसरी पहाड़ समेत करीब 20 गांवों में पिछले 15 दिनों से हाथी का डेरा है। दिन में जंगल और रात में गांव हाथी की इस आवाजाही ने ग्रामीणों की जिंदगी दूभर कर दी है। लोग रात.रात भर जागकर अपने परिवार और फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### फसलें रौंदी आशियाने तोड़े

स्थानीय लोगों के मुताबिक .5 हाथी खेतों में घुसकर धान और सब्जियों की खड़ी फसलों को पैरों तले रौंद रहा है। कई जगह कच्चे मकानों की दीवारें तोड़कर घर में रखा अनाज भी खा गया। गोरसरी बड़वार और आसपास के गांवों में मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। दहशत इतनी है कि शाम ढलते ही गांवों में सन्नाटा पसर जाता है।

**कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रशासन को 3 दिन का अल्टीमेटम**- आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को रामनगर एसडीएम एस.पी. मिश्रा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने दो टूक कहा . हमें आश्वासन नहीं समाधान चाहिए। 5 हाथी का जल्द से



जल्द सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे घने जंगल में शिफ्ट किया जाए। हाथी से हुए फसल और मकानों के नुकसान का तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए। प्रभावित गांवों में वन विभाग की विशेष टीम टॉर्च और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 3 दिन के अंदर प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की तो रामनगर तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना.प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। इस मौके पर गोरसरी सरपंच वकील यादवेंद्र सिंह भाजपा बड़वार मंडल अध्यक्ष विष्णुकांत पांडे जान्हवी तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि अधिवक्ता और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए मार्ग और विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**सतना (स्वतंत्रमत)।** जिले में 14 सितम्बर से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पूजनोत्सव मनाया जा रहा है। गणेश उत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 25 सितम्बर को होगा। इस दिन निर्धारित विसर्जन स्थलों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। गणेश प्रतिमा विसर्जन को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित स्थलों का चयन तथा प्रतिमा स्थापना स्थलों से विसर्जन स्थल तक जाने वाले मार्गों का निर्धारण संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों के साथ समन्वय एवं बैठक कर किया जाएगा। विसर्जन मार्ग एवं निर्धारित विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा पेयजल सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय क्षेत्रों में इन व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगरपालिक निगम सतना के आयुक्त एवं संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों की होगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। जिले के सभी संबंधित अधिकारी अपने विभागीय अमले के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के साथ-साथ विसर्जन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

# रेवती कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ब्रेन पावर एकेडमी के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें करियर निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साक्षात्कार दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रोजगार अवसरों को लेकर अपनी योग्यता एवं कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कनिका खरे ने साक्षात्कार में शामिल सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य कामना की उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय संचालक डॉ. अभिषेक चौबे के निर्देशन में किया गया



प्लेसमेंट ड्राइव की प्रभारी अपूर्वा मिश्रा रहीं जिन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यार्थियों ने भी प्लेसमेंट ड्राइव में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए रोजगार के अवसरों को लेकर उत्साह दिखाया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय चिरईडोंगरी में भगवान धन्वंतरि का पूजन कर कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद रही। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत परिसर में आंवला एवं हरड़ के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए आयुर्वेद आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें आयुर्वेद एवं औषधीय पौधों के महत्व की जानकारी दी गई इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति होने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। दैनिक जीवन में संतुलित आहार प्राकृतिक औषधियों और स्वस्थ दिनचर्या को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम में सरपंच कृपाल सिंह कुशराम, जनपद सदस्य गुलाब सिंह वरकड़े, वरिष्ठ नागरिक रघुनंदन सोनी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजसिंह ताराम, औषधि संयोजक हृदय सिंह मरावी सहित औषधालय का समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 145 आवेदकों की समस्यायें



सतना (स्वतंत्र मत)

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 145 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर जीतेन्द्र वर्मा, संदीप परस्ते द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

## शासकीय आईटीआई सतना में आज कैंपस ड्राइव

**सतना (स्वतंत्रमत)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सतना द्वारा महिला अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 सितंबर 2026 को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। कैंपस ड्राइव शासकीय आईटीआई जे.आर. बिड़ला रोड सतना में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगा। कैंपस ड्राइव में अरविन्द फैशन इंदौर तथा एसपियर फुटवेयर वेल्लोर द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अरविन्द फैशन इंदौर में प्रेसर्स, दर्जी (टेलर्स), चेकर, इस्त्री करने वाले एवं सहायक पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदो के लिए वेतन 11841 रूपये प्रतिमाह होगा। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं उत्तीर्ण अथवा आईटीआई तथा आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। इसी प्रकार एसपियर फुटवेयर वेल्लोर में 10वीं, 12वीं अथवा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का अवसर है। इसमें आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित है। जिसमें 12970 रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। शासकीय आईटीआई सतना के प्राचार्य ने इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर मूल दस्तावेज एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 26 से

**सतना(स्वतंत्रमत)।** जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 26 सितम्बर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधु रीवा रोड सतना में ताईक्वांडो का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रतिभागियों की उम्र 17 वर्ष निर्धारित की गई है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संबंध में दिशा-निर्देश दिये हैं।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत गौवंश संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में गौवंश संरक्षण, पशु स्वास्थ्य, पर्यावरण संवर्धन एवं गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के करेली एवं साईखेड़ा विकासखंडों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान गौवंश का एलएसडी टीकाकरण, पौधरोपण, गो-पूजन तथा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इको-फ्रेंडली धूप-दीप निर्माण जैसी गतिविधियां की गई। करेली विकासखंड के ग्राम गोबरगांव के श्री सुरभि गो-अभयारण्य में अभियान के तहत पौधरोपण, गो-पूजन एवं विकासखंड स्तरीय लंपी स्किन डिजीज टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। साथ ही गौशाला को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में इको-फ्रेंडली धूप-दीप निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपसंचालक



पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. सुनील कुमार बृजपुरिया ने गौशाला परिसर का निरीक्षण कर इसके उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए वर्मी कम्पोस्ट एवं गो-कास्ट निर्माण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वदेशी नस्लों के संवर्धन पर कार्य करने को कहा, जिससे गौशाला में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही स्थायी आय के स्रोत विकसित किए जा सकें। गौशाला में शुरू किए गए इको-फ्रेंडली धूप-दीप निर्माण के माध्यम से गोबर जैसे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार करने तथा गौशाला के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत विकसित करने की पहल की गई। इसी क्रम में उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर डॉ. एस.के. बृजपुरिया के निर्देशानुसार विकासखंड साईखेड़ा में भी पशु चिकित्सा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पशु चिकित्सा सहायक साईखेड़ा डॉ. एन.के. कुशराम एवं मोबाइल वेटरनरी यूनिट साईखेड़ा के पैरावेट श्री शुभम मेश्राम की टीम द्वारा मां नर्मदा गौ सेवा समिति, निमावर में 90 गौवंश का लंपी स्किन डिजीज से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। इस दौरान पशुपालकों एवं गौशाला से जुड़े लोगों को गौवंश के स्वास्थ्य संरक्षण, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा समय पर टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिरसिरी संदूक स्थित मुख्यमंत्री गौशाला परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण के माध्यम से गौशाला परिसर को हरा-भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से गौवंश के स्वास्थ्य संरक्षण, संक्रामक रोगों की रोकथाम, पर्यावरण संवर्धन तथा गौशालाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का संदेश दिया गया। विभाग द्वारा पशुपालकों एवं गौशाला संचालकों से गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, समय पर टीकाकरण कराने तथा पशुओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रमों में सिविल सर्जन डॉ. मनोहर तिवारी, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. शैलेंद्र ठाकुर, डॉ. श्रेया दुबे, डॉ. सौरव नागवंशी, श्री सुरभि गो सेवा चैरिटेबल सोसाइटी के चेयरमैन श्री अनुज तिवारी, श्री योगेश यादव, श्री पीयूष साहू, श्री आदित्य रजक, श्री शानू राजपूत, श्री प्रद्युम्न राजपूत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने जिला परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति, नागरिक सेवाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वाहनों के पंजीयन की स्थिति, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, आज प्राप्त आवेदनों तथा फिटनेस कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# जीवनशैली में खान-पान, दिनचर्या और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी- कलेक्टर श्रीमती सिंह

## कलेक्टर ने प्राचीन परंपरा और स्वस्थ जीवनशैली में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा है, जो केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और निरोगी रहने की दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली में खान-पान, दिनचर्या और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद आवश्यक है। आयुर्वेद में बताए गए प्राकृतिक उपायों और संतुलित जीवनशैली को अपनाकर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रख सकता है। उक्ताशय के विचार कलेक्टर श्रीमती सिंह ने 11 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला चिकित्सा परिसर नरसिंहपुर में स्थित आयुष विंग में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में औषधीय दवाईयों के स्टॉल लगाए गए थे, जिसका कलेक्टर ने अवलोकन किया। यहाँ आमजन को उपलब्ध कराई जा रही



दवाइयों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों की उपलब्धता, उनके वितरण तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध हों और आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, इसके महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली में आयुर्वेद की भूमिका को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि आयुर्वेद की उपयोगिता को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जनजागरूकता आवश्यक है। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ योग, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या को जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों ने आयुर्वेद दिवस के उद्देश्य, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं तथा आमजन के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उपस्थित नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा आयुर्वेद को दैनिक जीवन से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनंत दुबे, श्री एसके चतुर्वेदी, आयुष अधिकारी डॉ. सूर्यप्रकाश जोशी, आयुष विभाग के अधिकारी, चिकित्सक सहित नागरिक मौजूद थे।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उदघोषणा**

रा.प्र.क्र. 0092/अ-6/वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 09/10/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचारधीन प्रकरण के संबध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शटि क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उक्त व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कंदेली | 21 | 851 | बाबूलाल, भागचंद, रूपचंद, पिस. पुनउ, श्रीमति गोमतीबाई बेवा रामकिशन, सरवनकुमार, टीकाराम पिस. रामकिशन, सुशीलाबाई, लीलाबाई पिस. रामकिशन, श्रीमति शांतिबाई बेवा छतरसिंह, शिवशंकर, अनीताबाई, अमिता, सुनीता, पिस. छतरसिंह, दशोदाबाई आ. पुनउ, शीतल, मुकेश, देवेन्द्र, माया पिस. जगन्नाथ, कुल्लड आ. भतान ढीमर सा. कंदेली | भागचंद, रूपचंद, पिस. पुनउ, शकुन आ. टीकाराम, श्रीमति लीलाबाई पिस. रामकिशन, संगीता पुत्री बाबूलाल, अजय आ. दुल्ली रेकवार, शिवशंकर, अनीताबाई, अमिता, सुनीता, पिस. छतरसिंह, शीतल, मुकेश, देवेन्द्र, पिस. जगन्नाथ, सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 11/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# सरकारी विद्युत तार की हेरा-फेरी करते पकड़ाए अधिकारी

## ग्रामीणों ने कहा- लकड़ी का कांटा, कांटे की घोड़ी, घोड़ी की दुम पर मारा हथौड़ा, दौड़ा दौड़ा घोड़ा धूम मचाकर दौड़ा

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

रोजाना नए-नए कारनामे विद्युत मंडल के सामने आ रहे हैं। जबावदारों की लापरवाही और मिलीभगत स्पष्ट दिखाई दे रही है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है जिसके तूल पकड़ने के बाद गजब की लापरवाही दिखाई दी है। नगर मुख्यालय में 33 केवी हाईटेंशन लाइन डाली जा रही है जिस पर पहले खुले तार डालने का व्यापारियों ने विरोध किया था जिसकी शिकायत की गई थी और केवल लाइन डालने की मांग व्यापारियों ने की थी जिस पर विभाग के जबावदार अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र में लगी केवल लाइन को सुबह पहर निकलवाया और मंडला नगर में लाइन डालने का काम चालू कर दिया। जिसका हो हल्ला मचा और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण नगर मुख्यालय पहुंचे जहां पर एसडीएम कलेक्टर और पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर डाली। वहीं बुधवार को पड़ाव क्षेत्र में सुबह 33 केवी हाईटेंशन लाइन के लिए केबल डाली जा रही थी। इस पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने विरोध किया। उन्होंने विद्युत विभाग पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी केबल की





गुणवत्ता और काम करने के तरीके पर सवाल उठाए। विरोध कर रहे लोगों ने अधिकारियों से केबल के बिल-बाउचर और नगर पालिका की एनओसी दिखाने को कहा। जब दस्तावेज नहीं दिखाए गए तो स्थानीय लोग केबल से लदे ट्रक को लेकर थाने पहुंच गए। इसी बीच ग्राम खुड़िया के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि मंगलवार को उनके गांव में सुरक्षा के लिए लगाई गई 33 केवी केबल को विद्युत विभाग ने निकाल दिया। उसकी जगह खुली तार लगा दी गई। ग्रामीणों के विरोध करने पर कार्यपालन अभियंता राकेश आमपुरी ने कथित तौर पर कहा था कि खुली तार केबल से ज्यादा सुरक्षित है। उन्होंने इसे बदलने की बात कही थी। ग्रामीणों का कहना है कि अब वही निकाली गई केबल पड़ाव क्षेत्र में डाली जा रही है। जनपद अध्यक्ष संतोष भल्लावी ने बताया कि खुड़िया में ग्रामीण लंबे समय से 33 केवी लाइन में खुली तार की जगह केबल लगाने की मांग कर रहे थे। सुरक्षा को देखते हुए यह मांग की जा रही थी। काफी कोशिशों के बाद केबल लगाई गई थी। लेकिन मंगलवार को जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद उसे निकाल कर फिर से खुली तार लगा दी गई। भगत सिंह वार्ड के पार्षद विनय वरदानी ने आरोप लगाया कि लाइन डालने में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं हो रहा है। भवनों से जरूरी दूरी का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार और अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया। वरदानी ने चेतावनी दी कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई तो वे आंदोलन करेंगे। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष गिरीश चंदानी ने काम की मंजूरी और एस्टीमेट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आमानाला से मंडला पावर हाउस तक 6.8 किलोमीटर लाइन का एस्टीमेट है। जबकि आमानाला से फिल्टर प्लांट तक करीब 5 किलोमीटर लाइन पहले से ही बिछी हुई है। मामले में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कोतवाली थाना प्रभारी को आवेदन दिया और एसडीएम को भी सूचित कर जांच और कार्रवाई मांग की है। वहीं कार्यपालन अभियंता राकेश आमपुरी से विभाग का पक्ष जानने फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बता दें कि ग्राम पंचायत खुड़िया के बर्राटोला रसैयादोना क्षेत्र में 33 केवी विद्युत केबल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पुलिस से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत खुड़िया की ओर से 23 सितंबर को थाना मंडला में लिखित शिकायत भी दी गई है। शिकायत में 22 सितंबर को विद्युत लाइन से संबंधित केबल निकाले जाने की घटना का उल्लेख किया गया है ग्राम पंचायत के अनुसार बर्राटोला मुख्य डिंडोरी मार्ग पर स्थित है और सड़क किनारे कच्चे-पक्के मकानों में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं।

सड़क निर्माण के पूर्व विद्युत पोल मकानों के किनारे लगाए गए थे। इन पोलों पर 33 केवी की खुली विद्युत लाइन होने से स्थानीय लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों की ओर से विभाग को कई बार समस्या से अवगत कराते हुए विद्युत लाइन को सुरक्षित करने की मांग की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि करीब छह माह पूर्व 33 केवी की जोखिमभरी लाइन के स्थान पर केबल डाली गई थी। इससे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब खुले तारों से होने वाले संभावित हादसों का खतरा कम होगा। लेकिन ग्राम पंचायत का आरोप है कि 22 सितंबर को कार्यपालन अभियंता राकेश अमपुरी द्वारा कथित रूप से चोरी की नीयत से केबल को निकाल दिया गया और उसे नंगी स्थिति में छोड़ दिया गया। सरपंच श्रीमती रीना कुंजाम सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जाए। शिकायत में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने और बरटोला क्षेत्र में दोबारा 33 केवी केबल लगाए जाने की मांग की गई है ताकि आबादी के बीच विद्युत दुर्घटना का खतरा न रहे ग्राम पंचायत द्वारा दी गई शिकायत ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर छह माह पहले डाली गई 33 केवी केबल को अचानक क्यों निकाला गया उसे हटाने की अनुमति किस स्तर से मिली केबल हटाने के बाद उसे कहां ले जाया जा रहा था और सबसे बड़ा सवाल क्या आबादी वाले क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा के नियमों का पालन किया गया।

## हत्या का खुलासा दो गिरफ्तार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा की हत्या के मामले का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विवेचना में प्राप्त जानकारी अनुसार 18 सितंबर की रात्रि दोनों ने संगमघाट के पास निर्माणाधीन नए पुल के नीचे पड़ी लोहे की रॉड उठाई और रज्जू नंदा की झोपड़ी में जाकर सो रहे रज्जू नंदा के सिर मुंह एवं कान पर लोहे की रॉड से प्रहार किया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड एवं घटना के समय पहने गए कपड़े विधिवत जप्त किए गए। दोनों आरोपियों नंदा पिता खुज्जु नंदा उम्र 35 वर्ष राजेश बैरागी पिता राममिलन उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी बूढ़ीमाई वार्ड संगमघाट महाराजपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है

## सेवा भारती में स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** रोटरी क्लब मेकल द्वारा सेवा भारती कन्या छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। छात्रावास में निवासरत लगभग 65 छात्राओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. श्रुति बाजपेयी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अर्चना द्विवेदी, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका धावर्डे, जनरल फिजिशियन डॉ. हेमा पाटिल एवं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य धावर्डे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## सड़क किनारे अवैध पार्किंग

**मण्डला/निवास (स्वतंत्रमत)।** निवास नगर के मुख्य तिराहा पर सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग ने आम राहगीरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि पैदल चलने वालों को भी सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है नतीजतन दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है यह स्थिति शहर की यातायात व्यवस्था और प्रशासनिक सक्रियता पर सवाल खड़े करती है किसी भी शहर की सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं बल्कि पैदल यात्रियों साइकिल चालकों और आम जनजीवन के लिए होती हैं। जब सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं तो सड़क की उपयोगी चौड़ाई स्वत: कम हो जाती है।

## पेंशनर्स की बैठक आज

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय राज्य शासकीय पेंशनर महासंघ नई दिल्ली के आव्हान एवं राजकुमार दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के आव्हान पर जिले में आज दोपहर 12:30 बजे बैठक आयोजित की गई है। 25 सितंबर को जिले के पेंशनर्स स्थानीय बैगा-बैगी चौक स्टेट बैंक चौराहे में बड़ी संख्या में एकत्र होंगे जो एक विशाल रैली के रूप में कलेक्ट्रेट जाकर ज्ञापन सौंपेंगे।

## सेवा संकल्प पर जलाए दीप

मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।

ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत बाबा देवरी दुर्गा मंदिर में प्रधानमंत्री के राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लाड़ली बहनों बच्चियों एवं ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर जन्मोत्सव मनाया। मां जगत जननी के दरबार में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा कृष्ण कुमार झारिया प्रहलाद पटेल, अनुसूईया सिंगरौरे, शशि बाई, चमरी बाई, राजकुमारी, बिपासा बाई, पूजा, मुन्नी बाई, आरती, नेहा, कौशल्या, पूनम, मदुरू बाई, संध्या सहित अन्य महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लाइसेंस विहीन ऑटो से हादसे का खतरा



**मण्डला/घुघरी (स्वतंत्रमत)।** जिले के घुघरी में स्कूली बच्चों की जिंदगी भगवान भरोसे है। यहां सुबह 9 से शाम 7 बजे तक सड़कों पर मौत दौड़ रही है। स्कूली ऑटो में क्षमता से तीन गुना ज्यादा बच्चों को भरकर बेलगाम रफ्तार से दौड़ाया जा रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इन ऑटो को चला रहे कई चालक नाबालिग हैं और उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है। कुछ दिन पहले ही घुघरी में एक ओवरलोड ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था। इस हादसे में 10 से 11 स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए थे। कई ऑटो जब्त किए गए थे और चालान काटे गए थे। अभी कुछ ही दिन बीते हैं और फिर वही आलम शुरू हो गया जिम्मेदार शांत हो गए खुलासा उम्र 18 से कम हाथ में ऑटो घुघरी में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत ऑटो चालकों की उम्र 18 साल से कम है। ये नाबालिग चालक न तो ट्रैफिक नियम जानते हैं न ही उनके पास वाहन पर नियंत्रण है। फिर भी अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठाकर ये मासूमों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना परमिट के ये ऑटो सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। वाहनों की चेकिंग और कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी घुघरी थाना पुलिस की है। लेकिन थाना पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग न करने से ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं। सुबह-शाम स्कूल लगने और छुट्टी के समय थाना पुलिस का कोई भी जवान सड़कों पर नजर नहीं आता स्थानीय अभिभावक रामकुमार मरावी ने बताया हम 1000 रुपये महीना देते हैं ताकि बच्चा सुरक्षित स्कूल पहुंचे लेकिन यहां तो ऑटो में भेड़-बकरियों की तरह भरकर भेजा जाता है।

# राष्ट्रीय करमाडार पूजन एवं करमा महोत्सव सम्पन्न

मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।

भादों उजियारी पक्ष एकादशी के पावन पर्व पर गोंडवाना गुरुदेव दुर्गे भगत सिदार गुरुदादा एवं गुरुमाता दाई दुर्गे दुलेश्वरी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में राष्ट्रीय करमाडार पूजन एवं करमा महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन पुलिस मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संपतिया उइके मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन रही। मंत्री द्वारा गोंडी मान्यताओं परंपराओं व्यवस्था धर्म संस्कृति भाषा संरक्षण के लिए समिति के आयोजन व गोंडी धर्म गोंडी संस्कृति गोंडी रीति रिवाज और परम्पराओं के संरक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की गई। अपने उद्बोधन के दौरान मंत्री ने पूरा भाषण गोंडी बोली भाषा में दिया और समाज को अपनी मूल भाषा को संरक्षित करने की प्रेरणा मिले व कहा कि भाषा नदी की धारा की तरह है जो जिसमें प्रेम का बहाव बहता है और आपस में जोड़े




रखता है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया, चैन सिंह वरकड़े विधायक निवास, संजय कुशराम जिला पंचायत अध्यक्ष, संतोष सोनू भलावी जनपद अध्यक्ष मंडला व गुलजार मरकाम गोंडवाना समग्र क्रांति ने अपने विचार रखे गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के प्रदेश संयोजक दिलीप सैयाम ने आयोजन के संबंध में कहा हम गोंड आदिवासी उस प्रकृति शक्ति अर्थात भूमि आकाश हवा जल और अग्नि के पुजारी हैं जो कल भी था आज भी है और हमेशा रहेगा अमर है अचल है और अटल है जिसने कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। यह आयोजन समाज में सामाजिक सद्भावना और जागरूकता को समर्पित है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नारायण सिंह पट्टा विधायक उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि चाहे जो भी कीमत चुकानी हो हम अपनी अस्मिता मौलिक अधिकारों मूल संस्कृति और मूल पहचान को बचाए रखने की लड़ाई हर हाल में लड़ेंगे और इस लड़ाई में समाज के हर व्यक्ति को दलगत भावना से ऊपर उठकर सबको शामिल होना चाहिए क्योंकि यह हमारे भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने की लड़ाई है। हमारा यह उद्देश्य यह नहीं है कि किसी धर्म भाषा संस्कृति जाति समुदाय को ठेस पहुंचाना न ही किसी अन्य से किसी प्रकार की स्पर्धा है। वरन आदिवासी समाज की आवाज अस्मिता अस्तित्व गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक परंपराओं को संरक्षित करना है। कार्यक्रम का सफल संचालन भूपेंद्र वरकड़े सदस्य जिला पंचायत सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत द्वारा किया गया। इस दौरान शैलेश मिश्रा सभापति निर्माण समिति जिला पंचायत, केएस नेताम ज्वाइंट डायरेक्टर कृषि विभाग जबलपुर, दिलीप सैयाम संयोजक गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्यप्रदेश, मनोज मंडावी युवा प्रभाग छत्तीसगढ़ प्रकाश नेताम युवा प्रभाग छत्तीसगढ़ धर्मेश उइके अध्यक्ष गोंड समाज महासभा, नीरज अग्रवाल अध्यक्ष पत्रकार परिषद मंडला, अशोक सरोते जिलाध्यक्ष गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मंडला, झुन्नी सोयाम प्रदेश सलाहकार गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, लोक सिंह मरकाम, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, सुग्रीव मरावी, जिला उपाध्यक्ष, दिलीप भगदीया सचिव सहित गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्यप्रदेश के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने छात्राओं को किया पुरस्कृत

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में उमंग दिवस का आयोजन उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हुए छात्राओं में आत्मविश्वास जागरूकता जीवन कौशल तथा चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की क्षमता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उमंग कॉर्नर में मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ



अतिथियों एवं छात्राओं द्वारा उमंग गीत का सामूहिक गायन किया गया कार्यक्रम की नोडल शिक्षक सुश्री लता गुरवानी ने उमंग एवं उज्ज्वल कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इनके माध्यम से छात्राओं को जीवन कौशल सुरक्षा तनाव प्रबंधन वित्तीय समझ एवं भविष्य निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है वित्तीय प्रबंधन तनाव का सामना एवं आकांक्षा पथ जैसे विषयों पर रोल-प्ले प्रस्तुत किए गए तथा रैपिड फायर क्विज का आयोजन कर विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। 14425 हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उसके प्रयोग की जानकारी देने के लिए मॉक कॉल का प्रभावी प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने छात्राओं को बालिका सुरक्षा कैरियर मार्गदर्शन एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सजग आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अनूप नामदेव, एसडीओपी महिला सुरक्षा सतीश चतुर्वेदी महाराजपुर थाना प्रभारी जयसिंह यादव सहित प्राचार्य विभा मिश्रा, शिक्षक सतीश मिश्रा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा।

## मीनाक्षी मंदिर का दिया स्वरूप

**मण्डला।** गणेशोत्सव के अवसर पर शहर में जगह-जगह आकर्षक झांकियां और पंडाल सजाए गए हैं। इसी क्रम में बॉटल आर्टिस्ट त्रिलोक सिंधिया ने अपने घर में विराजमान भगवान गणेश के लिए इस वर्ष मीनाक्षी मंदिर की शैली पर आधारित एक अनूठा मंदिर तैयार किया है। बांस और लकड़ी से निर्मित करीब 6 फीट ऊंचा यह मंदिर अपनी बारीक कारीगरी और आकर्षक सजावट के कारण लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ।

# अतरिया में 12वीं की छात्रा की मौत

## घर के किचिन में फांसी लगाकर की आत्महत्या

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

नैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अतरिया से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा की घर के किचन में फंदे पर लटकी हुई स्थिति में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। फिलहाल छात्रा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।मामला नैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अतरिया का है। जानकारी के मुताबिक सुबह परिजनों ने छात्रा को घर के किचन में फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही नैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को नीचे उतारा। इसके बाद शव को नैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। छात्रा की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण रहा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

# बहुउद्देशीय प्रा. कृषि साख सह. समिति जामगांव की वार्षिक आमसभा संपन्न

## कृषकों की बड़ी संख्या रही उपस्थित, आय-व्यय एवं बजट सहित विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित जामगांव पं. क्र. 104 की साधारण वार्षिक आमसभा का आयोजन मंडी प्रांगण में किया गया। आमसभा में समिति के अंशधारी सदस्य कृषकों सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2025-26 में आयोजित प्रबंधकारिणी बैठकों का अवलोकन एवं अनुमोदन किया गया। समिति की वर्ष 2025-26 की आय-व्यय तथा लाभ-हानि स्थिति का विवरण कृषकों के




समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही वर्षभर में हुए व्ययों का अवलोकन तथा स्वीकृत बजट में कम-अधिक हुए व्यय के पुनरीक्षित समायोजन पर भी विचार किया गया। आमसभा में वर्ष 2027-28 के अनुमानित आय-व्यय बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। समिति की सिलक सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव भी चर्चा के बाद पारित किया गया। वहीं वर्ष 2026-27 के अंकेक्षण के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष निरंजन ठाकुर, प्रशासक के.एस. अहाके, प्रबंधक सुश्री अपेक्षा तिवारी सहित कृषक भारत भोरिया, जगदीश तिवारी, शिव जघेला, सुरेंद्र ठाकुर, बेसाखु यादव सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं अंशधारी सदस्य उपस्थित रहे।

### कृषकों ने रखीं अपनी समस्याएं

आमसभा के दौरान पूर्व समिति अध्यक्ष निरंजन ठाकुर ने कृषकों की ओर से विभिन्न समस्याएं भी रखीं। उन्होंने कहा कि कृषकों की उपज की खरीदी समिति प्रांगण में ही किए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। साथ ही कृषकों को समय-समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। सभा में उपस्थित सदस्यों ने कृषक हित से जुड़े विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की तथा आवश्यक प्रस्तावों को पारित किया।

संपादकीय

## एसआईआर 'ब्रह्म-ग्रंथ' नहीं

देश के उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रह चुके करीब 98 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी देश की बेटी प्रतिभा और बहू को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल हैं, लिहाजा उन्हें चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। देश के मौजूदा विदेश मंत्री एस. जयशंकर, उनकी जापानी पत्नी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी को भी नोटिस भेजे गए हैं। दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल के मतदाता होने पर भी चुनाव आयोग को संदेह है। बहरहाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का मामला किसी तरह निपटा लिया गया है, लेकिन केजरीवाल, उनके 85 वर्षीय माता-पिता, उनकी आईआरएस रहीं और सरकारी पेंशनधारी पत्नी और बेटे के दिल्ली में मतदाता होने पर आयोग के सवाल हैं, लिहाजा उन्हें नोटिस के जवाब देने ही पड़ेंगे। देश के कानून मंत्री रहे, चांदनी चौक के पूर्व सांसद, मौजूदा राज्यसभा सांसद एवं सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मतदाता होने पर आयोग को क्या आपत्तियां हैं, कमोबेश हर किसी की समझ के बाहर है। यहां तक कि मौजूदा चुनाव आयुक्त एसएस संधू, जो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के समकक्ष ही हैं, को भी नोटिस भेजा गया है कि उनके नाम की स्पेलिंग 2002 के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती, लिहाजा वह स्पष्ट करें। बेहद हास्यास्पद है कि सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद, थलसेना प्रमुख रहे जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रहीं जस्टिस रंजना देसाई, सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला आदि अति विशिष्ट चेहरों को भी चुनाव आयोग ने नोटिस भेजे हैं, तो आम मतदाता की कराहें, चीखें, गुहार कौन सुनेगा?

क्या संविधान के अनुच्छेद 324 और 325 में चुनाव आयोग को यही विशेष शक्तियां दी गई हैं कि मतदाता वही होगा, जिसे चुनाव आयोग चाहेगा? लेकिन अनुच्छेद 326 में यह प्रावधान भी है कि देश का प्रत्येक 18 वर्षीय वयस्क नागरिक 'अधिकृत मतदाता' होगा। यह मताधिकार क्यों छीना जा रहा है? एसआईआर के तहत करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम अभी तक काटे जा चुके हैं। उनके अलग-अलग कारण हो सकते हैं। लोग 'दिवंगत' भी हुए होंगे, तो नए मतदाता भी जुड़े होंगे! मताधिकार गंवाने वालों की यह कोई सामान्य संख्या नहीं है और एसआईआर अभी जारी है। यह सवाल लगातार अनुत्तरित क्यों है कि आयोग काटे गए नामों का खुलासा, वर्गीकरण समेत, सर्वोच्च अदालत को दे और वहां से देश को अवगत कराया जाए। ज्ञानेश कुमार गुप्ता संविधान के भी 'सुप्रीम' नहीं हैं। संविधान के तहत ही उन्हें इस पद का दायित्व और विशेषाधिकार दिए गए हैं। दरअसल जिन अति विशिष्ट चेहरों का उल्लेख किया गया है, उन्हें निर्वाचित भी घोषित किया जा चुका है और यह काम आयोग ने ही किया और ये लोग दशकों से मतदाता भी रहे हैं। आडवाणी और केजरीवाल के माता-पिता की जो उम्र है, उसके मुताबिक वे 60-70 साल से मतदान कर रहे होंगे, अचानक उस पर सवाल किए जा रहे हैं! क्या अब मतदाता की परिभाषा बदल गई है और वे 2002 की मतदाता-सूची के आधार पर ही तय किए जाएंगे? यह कोई 'ब्रह्म-ग्रंथ' है क्या? यह पुनरीक्षण उसी आधार पर किया जाना चाहिए, जो मतदाता ने फॉर्म भरा है। 2002 में कोई गलती रह गई होगी, तो उसके आधार पर आप किसी का मताधिकार छीन लेंगे? माता-पिता का नाम देने की स्वतंत्रता भी मतदाता की होनी चाहिए और उनका मिलान करना ही गलत है। यह अधिकार भी मतदाता का होना चाहिए। कोई मतदाता किसी काम से या व्यवसाय के कारण अथवा पारिवारिक कारणों से स्थानांतरित हो गया है, तो उसे फोन कर पुष्टि करनी चाहिए और फिर आयोग कोई अंतिम निर्णय ले। अराजकता खत्म होनी चाहिए।आयोग का कर्त्तव्य नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, न कि उन्हें परेशान करना।

### बीटेक छात्र साहिल वाकोडे

# आईआईटी बॉम्बे के छात्र आत्महत्या से जुड़े सवाल



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

आईआईटी बॉम्बे के द्वितीय वर्ष के बीटेक छात्र साहिल वाकोडे की 18 सितंबर 2026 को हुई मृत्यु ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव, परीक्षा में बढ़ती अनैतिकता, शिक्षकों की जवाबदेही, मानसिक स्वास्थ्य और परिसरों में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे अनेक गंभीर प्रश्न एक साथ खड़े कर दिए हैं। इस घटना को फिलहाल आत्महत्या के रूप में रिपोर्ट किया गया है, इसके पीछे की परिस्थितियों और किसी व्यक्ति की आपराधिक जिम्मेदारी का निर्धारण जांच का विषय है। मुंबई पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है और जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इसलिए किसी व्यक्ति को घटना के लिए दोषी ठहराना जांच पूरी होने से पहले उचित नहीं होगा। घटना से पहले परीक्षा के दौरान साहिल के मोबाइल और कथित रूप से एआई चैटजीपीटी के इस्तेमाल को लेकर संस्थागत कार्रवाई की स्थिति बनी थी। इसके बाद छात्रों में यह धारणा पैदा हुई कि मामले को जिस तरीके से संभाला गया, उसमें पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं थी। संस्थान ने बाद में अपने पूर्व सार्वजनिक बयान के लिए माफी मांगते हुए स्वीकार किया कि जांच पूरी होने से पहले घटना से जुड़े विवरण सार्वजनिक करना उचित नहीं था। संबंधित प्रोफेसर को डीन के प्रशासनिक पद से हटाया गया है, जबकि उनके विरुद्ध दर्ज मामले में अंतिम निष्कर्ष अभी जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

इस घटना के बाद तीन दिनों तक छात्रों का विरोध प्रदर्शन हुआ और 18 सूत्रीय मांगपत्र सामने आया। इन मांगों में स्वतंत्र जांच, शिक्षकों के विरुद्ध शिकायतों की स्पष्ट प्रक्रिया, छात्र-प्रतिनिधित्व, बेहतर काउंसलिंग, चौबीसों घंटे मनोचिकित्सकीय सहायता, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण और परीक्षा में अनियमितता के मामलों को संभालने के लिए अधिक मानवीय प्रक्रिया जैसी बातें शामिल हैं। आईआईटी बॉम्बे के निदेशक ने छात्रों के साथ बातचीत के बाद इस चार्टर पर हस्ताक्षर किए, हालांकि संस्थान की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आगे की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। यहीं से इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। क्या शिक्षा संस्थान में अनुशासन और मानवीय संवेदना एक-दूसरे के विरोधी हैं? निश्चित रूप से नहीं। परीक्षा में नकल, मोबाइल का अनुचित इस्तेमाल अथवा एआई के माध्यम से अनुचित सहायता लेना शिक्षा की विश्वसनीयता के लिए गंभीर चुनौती है। यदि उच्च शिक्षण संस्थान ऐसी अनैतिकताओं को रोकने में असफल होते हैं तो डिग्री,



शोध और प्रतिभा की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। लेकिन दूसरी ओर अनुशासनात्मक कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जिसमें आरोप की निष्पक्ष जांच, छात्र को अपनी बात रखने का अवसर, अपील की व्यवस्था और मानसिक स्थिति को समझने की संवेदनशीलता शामिल हो। अपराध या अकादमिक कदाचार को नजरअंदाज करना भी गलत है और किसी छात्र को बिना समुचित प्रक्रिया के सामाजिक रूप से दोषी ठहरा देना भी।

आज एआई ने शिक्षा के सामने एक बिल्कुल नई चुनौती खड़ी कर दी है। चैटजीपीटी जैसे उपकरण ज्ञान प्राप्त करने, शोध करने और सीखने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन परीक्षा में अनुचित तरीके से इनका इस्तेमाल शैक्षणिक ईमानदारी का प्रश्न बन जाता है। इसलिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होंगे। विश्वविद्यालयों को यह स्पष्ट करना होगा कि एआई का उपयोग कहां स्वीकार्य है, कहां निषिद्ध है और उल्लंघन की स्थिति में कौन-सी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। शिक्षकों को भी केवल दंड देने वाले अधिकारी की भूमिका से आगे बढ़कर मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। साहिल प्रकरण ने जातिगत भेदभाव के आरोपों को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है, जबकि संस्थान की ओर से यह कहा गया कि छात्र ने पहले एससी/एसटी सेल या प्रशासन के समक्ष ऐसी शिकायत नहीं की थी। इन दोनों पक्षों में से सत्य क्या है, इसका निर्णय जांच के बाद ही हो सकता है। लेकिन इससे एक व्यापक तथ्य सामने आता है-किसी भी विद्यार्थी को अपनी जाति, आर्थिक स्थिति, भाषा, क्षेत्र या सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण स्वयं को अकेला या असुरक्षित महसूस नहीं होना चाहिए।

भारत में उच्च शिक्षा को लेकर नियामकीय ढांचा भी लगातार अधिक जवाबदेही और छात्र-केंद्रित व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूजीसी की 2023 की छात्र शिकायत निवारण संबंधी नियमावली के साथ-साथ 2026 में प्रमोशन आफ इक्विटी इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन भी सूचीबद्ध हैं। इसका मूल उद्देश्य यही होना चाहिए कि विद्यार्थी के अधिकार सुरक्षित रहें, शिकायतों का स्वतंत्र और समयबद्ध निवारण हो तथा संस्थान अपनी जिम्मेदारी से बच न सकें। लेकिन यहां एक सावधानी भी आवश्यक है। कानून का अर्थ यह नहीं हो सकता कि हर दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद बिना जांच किसी शिक्षक या अधिकारी को अपराधी घोषित कर दिया जाए। शिक्षक निश्चित रूप से कानून से ऊपर नहीं हैं, लेकिन वे कानून की प्रक्रिया से नीचे भी नहीं हैं। यदि किसी शिक्षक ने भेदभाव, उत्पीड़न, धमकी या अन्य गैरकानूनी आचरण किया है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यदि उसने संस्थागत नियमों के तहत अकादमिक कदाचार पर कार्रवाई की है, तो उस कार्रवाई की वैधानिकता और अनुपातिकता की जांच भी उतनी ही जरूरी है। यही न्यायपूर्ण व्यवस्था का आधार है।

सबसे चिंताजनक पहलू तब सामने आता है जब किसी दुखद घटना के बाद विश्वविद्यालय का परिसर राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बनने लगता है। राजनीतिक दलों और बाहरी संगठनों को छात्रों की आवाज उठाने का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन शिक्षा परिसर की मूल प्रकृति बची रहनी चाहिए। यदि हर प्रशासनिक निर्णय राजनीतिक नारों, धरनों और दबाव की राजनीति से तय होने लगे तो विश्वविद्यालय में अकादमिक स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर यदि प्रशासन छात्रों की आवाज को केवल आंदोलन या राजनीति कहकर खारिज कर दे तो संस्थागत विश्वास और कमजोर होगा। रास्ता दोनों के बीच है-संवाद, पारदर्शिता और स्वतंत्र जांच। आईआईटी जैसे संस्थानों से देश केवल इंजीनियर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी तैयार करने की अपेक्षा करता है। इसलिए सफलता का पैमाना केवल प्लेसमेंट, रैंकिंग, पेटेंट और वैश्विक प्रतिष्ठा नहीं हो सकता। यह भी देखना होगा कि वहां विद्यार्थी अपने प्रश्न कितनी सहजता से उठा सकता है, शिक्षक से असहमति कितनी सुरक्षित है, शिकायत का समाधान कितनी जल्दी होता है और संकट की घड़ी में संस्थान छात्र के साथ किस तरह खड़ा होता है।

साहिल की मृत्यु को किसी एक प्रोफेसर, किसी एक प्रशासनिक निर्णय या किसी एक राजनीतिक संगठन तक सीमित कर देना इस त्रासदी के व्यापक संदेश को छोटा कर देगा। असली प्रश्न यह है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था प्रतिभा के साथ संवेदना, अनुशासन के साथ संवाद और अधिकार के साथ जवाबदेही का संतुलन कैसे बनाए? छात्रों को ईमानदार होना सीखना होगा, शिक्षकों को संवेदनशील होना होगा, संस्थानों को पारदर्शी होना होगा और सरकार तथा नियामक संस्थाओं को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें कानून सुरक्षा का माध्यम बने, भय का नहीं। भारत को यदि अपनी उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित बनाना है तो केवल विश्व रैंकिंग में ऊपर जाना पर्याप्त नहीं होगा। हमारे विश्वविद्यालयों को ऐसा वातावरण बनाना होगा जहां अकादमिक ईमानदारी से कोई समझौता न हो, लेकिन गलती करने वाले विद्यार्थी के लिए सुधार का रास्ता भी बंद न हो। जहां शिक्षक की गरिमा सुरक्षित हो, लेकिन शिक्षक की शक्ति निरंकुश न हो। जहां छात्र की आवाज सुनी जाए, लेकिन हर निर्णय सड़क के दबाव से न हो।

आईआईटी जैसी शिक्षण संस्थाएं ज्ञान, संवाद और चरित्र निर्माण के केंद्र हैं-उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनने से बचाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उन्हें जवाबदेही से मुक्त रखना भी नहीं है। सवाल यह नहीं कि छात्र आंदोलन क्यों कर रहे हैं या राजनीति क्यों पहुंच रही है, बड़ा सवाल यह है कि ऐसी परिस्थितियां बार-बार पैदा ही क्यों होती हैं? जब तक इस प्रश्न का संस्थागत उत्तर नहीं खोजा जाएगा, तब तक हर नई घटना के बाद विरोध, जांच, आरोप और कार्रवाई का चक्र चलता रहेगा। भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अब इस चक्र से आगे बढ़कर ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी जिसमें अनुशासन भी हो, न्याय भी, उत्कृष्टता भी हो और मानवीयता भी। तभी हम विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थान बनाने के अपने संकल्प को वास्तविक अर्थ दे सकेंगे।

### स्मृति शेष कर्मयोगी डॉ. आनंद तिवारी

# बड़े करीब से कोई उठ कर चला गया...

डॉ वन्दना पाण्डेय दुबे

सरलता, सहजता सादगी और निराभिमानता की प्रतिमूर्ति डॉ. आनंद तिवारीजी के अवसान ने केवल परिजनों, प्रियजनों और शुभचिंतकों के जीवन में ही नहीं वरन पूरे समाज में रिक्तता ला दी। बहुआयामी प्रतिभा के धनी डॉ.आनंद तिवारी सुप्रसिद्ध चिकित्सक के साथ-साथ समाजसेवा कला और संस्कृति को समर्पित व्यक्तित्व थे। मानवीय गुणों से भरपूर डॉ. तिवारी में दया, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, उदारता के साथ-साथ लोगों एवं परिस्थितियों से सामंजस्य की भी अद्भुत क्षमता थी।

सर्वे भवंतु सुखिन: की भावना उनके रगों में दौड़ती थी। वे जानते थे कि पहला सुख निरोगी काया होती है। सम्भवत: इसी कारण उन्होंने अध्ययन हेतु चिकित्सा का क्षेत्र चुना और तत्पश्चात शिक्षा पूर्ण कर चिकित्सा अधिकारी के रूप में विक्टोरिया हॉस्पिटल जबलपुर से शासकीय सेवा प्रारंभ की। आपने नगर के कोतवाली गोरखपुर में लंबे समय तक सेवाएं प्रदान की। कुछ ही समय मे आप श्रेष्ठ चिकित्सकों की श्रेणी में शामिल हो गए। ग्रामीण इलाकों कटनी , सिवनी बानापुरा आदि छोटे-छोटे कस्बों में भी न केवल आपने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की वरन स्थानीय जनों को उत्तम स्वास्थ्य और स्वछता संबंधी जानकारी देकर जागरूक भी बनाया। अपनी सहृदयता के कारण लोगों से उन्हें प्रेम-स्नेह आदर भी खूब मिला। ग्रामीण परिवेश कला,संस्कृति के लगाव ने उन्हें बड़ा सम्मोहित किया। जिसकी स्पष्ट छाप उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व में दिखाई देती थी । समाज को साहित्य कला संगीत से जोड़ने हेतु भी उन्होंने अथक प्रयास किए। अनेक साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थाओं से उनका जुड़ाव रहा । प्रतिभाओं को उभारने निखारने का कार्य करने वाली संस्था गुंजन कला सदन के आप अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक थे। कहा जाता है कि लक्ष्मी और सरस्वती का वास एक साथ नहीं होता किंतु डॉ.आनंद तिवारी जी के बारे में यह कहावत खरी नहीं उतरती थी द्य सरस्वती पुत्र कुशल चिकित्सक डॉ. आनंद जी पर लक्ष्मी जी की भी विशेष कृपा रही जिसका उपयोग उन्होंने मुक्त हस्त से समाज सेवा हेतु किया।

ज्ञान पिपासु, जिज्ञासु एवं नवाचार के प्रयोग की तीव्र इछा शक्ति रखने वाले डॉ. तिवारी वक्त के साथ नहीं बल्कि वक्त के आगे चलने पर विश्वास रखते थे । शासकीय सेवक होने के नाते अपनी सीमाओं में रहकर कार्य करना उनके लिए मुश्किल होने लगा फलस्वरुप सन 2003 में उन्होंने स्वयं को इस बंधन से मुक्त किया और संस्कारधानी के हृदयस्थल गोल बाजार में नेशनल हॉस्पिटल की स्थापना की जो आज प्रदेश के श्रेष्ठ अस्पतालों में से एक है। उत्तम चिकित्सा सुविधा और अल्प व्यय यहाँ की विशेषता है। कोरोना काल में भी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाला यह विशिष्ट हॉस्पिटल रहा। चिकित्सा क्षेत्र में देखा जाता है कि कुछ बीमारियों का या तो पता नहीं चलता या इतने विलंब से पता चलता है कि उपचार महंगा एवं दुष्कर हो जाता है। समय पर सही उपचार प्रारंभ हो सके और कष्टों से मुक्ति मिल सके इस हेतु सदा संतुष्ट और आनन्दित रहने वाले समाजसेवी डॉ.तिवारी जी ने आधुनिकतम यंत्रों एवं उपकरणों से युक्त शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगरवासियों की सुविधा हेतु सन लाइफ केयर पैथोलॉजी सेंटर खोले। जहाँ न्यूनतम मूल्य पर सही और सूक्ष्म जांच होती है। इससे सही दिशा में सही समय पर उपचार संभव है। इस प्रतिस्पर्धी युग में पूर्ण ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ मानवीय सेवा में उनकी पत्नी उनकी सहगामिनी श्रीमती ममता तिवारी का विशेष सहयोग रहा। यह बड़े संतोष एवं गर्व की बात है कि उनके कार्यों को पुत्र इंजी.हिमांशु, इंजी. सुधांशु, पुत्रवधु डॉ. प्रियंका, डॉ.गार्गी भी गति प्रदान कर सेवा परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं।

हरदिल अजीज डॉ. आनंद तिवारी जी की यह विशेषता थी कि वे हर वर्ग,हर स्तर, हर उम्र के व्यक्तियों को भरपूर आदर सम्मान और स्नेह देते थे द्य वे सदैव सबके मददगार रहे द्य न जाने कितने लोगों को उन्होंने नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीद्य विनम्र स्वभाव वाले डॉ. तिवारी हर किसी के सुख- दुख में अपनी सहभागिता देते थे द्ययही कारण था कि सभी के मन में उनके लिए अपार प्रेम और श्रद्धा-सम्मान था द्य सब उन्हें अपना ही समझते थे द्यपिछले कुछ माह से असाध्य बीमारी से ग्रस्त डॉ. आनंद तिवारी जी सब कुछ जानते-समझते हुए हर संभव जिंदगी से सहर्ष संघर्ष करते रहे और जब उन्हें यह एहसास हुआ कि अब शरीर साथ नहीं देगा अपने परिजनों को बुलाकर उनसे बातचीत की और अपने जाने का संकेत दिया द्य उन्होंने लाइफ सपोर्टिंग उपकरण का प्रयोग स्वीकार नहीं किया द्य स्वयं ही ऑक्सीजन मास्क अलग करके संसार से विदा हो गए द्य ऐसे महान लोग विरले ही होते हैं जो जीवन को ही नहीं बल्कि मृत्यु को भी ससम्मान गरिमामय रूप से स्वीकार करते हैं द्यरविवार 13 सितंबर 2026 को अपराह्न जब उनके निधन की दुखद सूचना मिली तो यह खबर दावानल की तरह शहर में फैल गई द्य कम ही समयावधि में हज़ारों-हज़ार लोग दु:खी मन से उनके अंतिम दर्शन हेतु उमड़ पड़े द्य विधि का विधान तो कोई रोक नहीं सकता पर हर कोई क्षुब्ध निराश मन से एक कसक के साथ यही कहता- सोचता रह गया कि..



न हाथ थाम सके न पकड़ सके दामन
बड़े करीब से उठकर कोई चला गया।

**लेखिका- प्राचार्य, चंचल बाई महाविद्यालय, जबलपुर**

### आज श्रद्धांजलि समारोह पर विशेष

उनके गांव के युवा शासकीय चिकित्सक का ट्रांसफर हो गया है, जैसे ही यह खबर गांव में फैली, न सिर्फ उस गांव के वरन आसपास के भी अनेक छोटे-छोटे गांव के लोगों में दु:ख की लहर फैल गई । ग्रामवासी दूर-दूर से उस युवा चिकित्सक से मिलने और आग्रह करने आने लगे कि वे उन्हें छोड़कर न जाएं। अनेक ग्रामवासियों के हाथों में अपने प्रिय डॉक्टर के लिए प्रेम से भरी भेंटें भी थीं। एक वृद्धा अपनी पोटली में डॉक्टर के लिए गुड़ की एक छोटी डली लाई थी, उसकी आँखों में आँसू थे। डॉक्टर के विदा लेने का दिन भी आ गया। उन्हें विदा करने पास के छोटे से रेलवे स्टेशन पर आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग उपस्थित थे। आपको लग रहा होगा कि यह किसी बम्बइया फिल्म की शुरूआत या अंत का दृश्य है। जी नहीं, यह दृश्य है सन 1980 में मध्यप्रदेश के सिवनी बानापुरा ने निकट, बाबडिया भाऊ गांव का। वहां के शासकीय चिकित्सक डॉ.आनंद तिवारी की विदाई का, जो अब हमारे बीच नहीं हैं। श्यामवर्ण के ऊँचे-पूरे, खुशमिजाज, भव्य व्यक्तित्व के धनी डॉ आनंद तिवारी जितने खुलकर ठहाका लगाते थे उतनी ही सहजता से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति भी करते थे और लोगों के दु:ख में द्रवित भी होते थे। गांव से विदा लेते हुए उन्हें इस बात की प्रसन्नता थी कि वे अपने पिता पंडित नर्मदा प्रसाद तिवारी जो कि जबलपुर के विख्यात समाजसेवी, उद्योगपति एवं प्रतिष्ठित किसान के रूप में जाने जाते थे उन्हें व अपनी माता श्रीमती रेवारानी जी को सच्ची जनसेवा का जो वचन देकर आये थे उस संकल्प में खरे उतरे। लगभग 45-50 वर्ष पहले बाबडिया भाऊ गांव एवं आसपास के कुछ अन्य गांव प्रमुख रूप से पांडववंशी कौम की सीमित जनसंख्या वाले गांव थे। सीमित जनसंख्या वाली किसी भी कौम में कुछ विशिष्ट विकृतियां आ जाती हैं। उन्हें दूर करने के लिए डॉ.आनंद तिवारी ने क्षेत्र में पैदल घूम-घूम कर काम किया। सफाई और स्वास्थ्य का महत्व समझाया। काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत ग्रामीणों से ही श्रम करवाकर गांव में एक खेल का मैदान व स्कूल भवन तथा 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करवाया। उल्लेखनीय है कि काम के बदले अनाज योजना में डॉ. तिवारी द्वारा इस गांव में कराए गए कार्य को सर्वाधिक तेज गति से हुआ कार्य माना गया था तथा उन्हें मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया था। डॉ. तिवारी ने क्रमश: बड़ेरा एवं बड़वारा (कटनी) मैं भी समर्पित मन से पीड़ितों की सेवा की । उनके सानिध्य से वंचित उनके मित्र और प्रशंसक चाहते थे कि वे जबलपुर आकर ही सेवा कार्य करें। अंतत: मित्रों की इच्छा पूरी हुई, उन्होंने नगर में विक्टोरिया चिकित्सालय, गोरखपुर, हाईकोर्ट एवं सिटी डिस्पेंसरी कोतवाली में न केवल एक आदर्श चिकित्सक के रूप में सेवाएं दीं वरन अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य संबंधी तमाम शासकीय योजनाओं को नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से प्रभावी ढंग से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ.तिवारी ने तत्कालीन राज्यसभा एवं लोकसभा सदस्यों श्रीमती रत्नकुमारी देवी, पं. चन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी, शिवकुमार चनपुरिया, श्रीमती जयश्री बैनर्जी एवं समाजसेवियों के साथ विभिन्न संस्थाओं अस्तु, समाज कल्याण परिषद, समाधान, सावधान एवं गुंजन कला सदन के विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक व सांस्कृतिक जागरण के कार्य किये। अनेक चिकित्सा शिविर लगाए। नगर में दवा एकत्रीकरण एवं वितरण योजना को अंजाम दिया। गन्दी बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाए । मित्रों के साथ दूध के दाम घटाने आंदोलन भी किया। डॉ.तिवारी के इन कार्यों में उनकी पत्नी श्रीमती ममता तिवारी एवं बाद में उनके सुपुत्रों हिमांशु-सुधांशु व पुत्र वधुओं डॉ. प्रियंका एवं डॉ. गार्गी का भी पूरा सहयोग मिला। सामाजिक कार्यों के बढ़ते दायरे और रोग मुक्त सुसंस्कृत समाज के निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए डॉ.आनंद तिवारी ने दिसंबर 2003 में स्वयं को शासकीय सेवा से मुक्त कर लिया। डॉ.आनंद तिवारी ने अपने मित्रों के साथ मिलकर गोलबाजार, जबलपुर में नेशनल हॉस्पिटल एवं ओमेगा चिल्ड्रंस हॉस्पिटल की स्थापना की जिसकी गिनती आज देश के उत्कृष्ट चिकित्सालयों में की जाती है। वे आजीवन भारतीय एवं क्षेत्रीय साहित्य, कला, संस्कृति के संरक्षण व विकास के लिए सजग और सक्रिय रहे। गुंजन कला सदन के प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने नगर की तरुणाई को नई दिशा और प्रतिभा विकास के लिए एक सशक्त मंच दिया। विषम कोरोना काल में डॉ.आनंद तिवारी सभी परिचितों से निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें हौसला और मार्गदर्शन देते रहे। नेशनल अस्पताल के माध्यम से उन्होंने रोगियों की सेवाएं जारी रखीं। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. आनंद तिवारी के परामर्श न केवल रोग निवारण में वरन जीवन के विविध क्षेत्रों में आई समस्याओं का भी चुटकियों में समाधान करने वाले साबित होते थे। 13 सितंबर को उन्होंने इस नश्वर संसार को छोड़ दिया। ऐसे सहृदय, कला एवं संस्कृति प्रेमी चिकित्सक डॉ. आनंद तिवारी जी को सादर नमन।

**- प्रतुल श्रीवास्तव**

# भारत को डराया नहीं जा सकता, यह नया भारत है



प्रह्लाद सबनानी


सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

हाल ही में अमेरिकी संसद द्वारा भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने सम्बंधी कानून को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, क्योंकि, ये देश रूस से कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अमेरिका के अनुसार, इन देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात के चलते रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने की आर्थिक शक्ति प्राप्त हो रही है। जबकि, यूरोपीयन देश एवं अमेरिका स्वयं रूस से गैस एवं अन्य उत्पादों का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अर्थात, इन देशों द्वारा रूस से अन्य पदार्थों के आयात करने से रूस को कोई आर्थिक ताकत प्राप्त नहीं होती है, केवल भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात से रूस को आर्थिक शक्ति प्राप्त होती है। अमेरिका का यह दोहरा चरित्र अब पूरे विश्व के सामने प्रदर्शित हो रहा है। अमेरिका को अब यह समझ लेना चाहिए कि भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाने का डर दिखा कर एवं भारत को दबाव में लाकर अमेरिका भारत से अपने मनमाफिक निर्णय करवा लेगा, तो आज की बदली हुई परिस्थितियों के बीच यह सम्भव होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका एवं पूरे विश्व के सामने अब एक नया भारत खड़ा है। अमेरिका दरअसल चाहता है कि भारत उसके कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार खोले ताकि वह भारत को अपने कृषि एवं डेयरी उत्पाद निर्यात कर सके। यदि भारत अमेरिका के इस दबाव में आता है तो भारतीय किसानों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा और केंद्र सरकार भारत के किसानों के हितों की बलि किसी भी कीमत पर देने को तैयार नहीं है। आज, संभवत~ अमेरिका को भारत की अधिक आवश्यकता है क्योंकि भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है, जिसके कारण भारत पूरे विश्व में सबसे युवा देशों की श्रेणी में उच्च स्थान रखता है। साथ ही, भारत आज विश्व में विभिन्न उत्पादों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश बन गया है एवं आगे आने वाले समय में भारत की यही स्थिति लम्बे समय तक बनी रहने वाली है। भारत आज विश्व के अन्य उत्पादक देशों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद आज विश्व में बड़े देशों के बीच सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में जापान ने भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। और तो और, अब अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियां भी भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग में सुधार करने पर विचार करने को मजबूर हो रही हैं। हाल ही में मूडीज ने वर्ष 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, जेफरीज ने भी अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत को सुधारकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जबकि भारत ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। भारत के अपने विदेशी उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने सम्बंधित प्रयास आज सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि, अगस्त 2026 का माह भारतीय निर्यातकों के लिए बहुत शानदार रहा है। वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की चुनौतियों के चलते भी भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 26.12 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज हुई है। अगस्त 2025 माह में भारत के कुल निर्यात 3,474 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे थे जो अगस्त 2026 में बढ़कर 4,381 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हो गए हैं। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आरगनाईजेशन के अनुसार, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में हो रही आकर्षक वृद्धि दर भारतीय निर्यातकों की ताकत, प्रतिस्पर्धा व बाजार के हिसाब से ढलने की क्षमता को दर्शाती है। चीन, सिंगापुर, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, तंजानिया, हांगकांग, आस्ट्रेलिया, स्पेन एवं श्रीलंका जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच भारत के निर्यात बास्केट के विस्तार का संकेत है। आटोमोबाईल निर्यात में 22.2 प्रतिशत की मजबूत बृद्धि दर्ज हुई है, इसमें दोपहिया व तिपाहिया वाहनों का दबदबा रहा है। जेम्स एंड ज्वेलरी के निर्यात में भी 3.14 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई है। विदेशी व्यापार के मामले में भारत विश्व में केवल कुछ देशों पर निर्भर रहने के स्थान पर अब अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए नए नए बाजार तलाश रहा है। केंद्र सरकार के इन प्रयासों का सुपरिणाम दिखाई भी देने लगा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम पांच माह (अप्रेल-अगस्त 2026) के दौरान भारत का ब्रिक्स देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) को निर्यात 34 प्रतिशत बढ़कर 1,990 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। इसी अवधि में चीन को भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। ब्रिक्स समूह के समस्त सदस्य देशों के साथ भारत अपने आर्थिक एवं राजनैतिक सम्बंध लगातार मजबूत कर रहा है, जिसका परिणाम अब इन देशों के साथ भारत के लगातार बढ़ रहे विदेशी व्यापार के रूप में दिखाई देने लगा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, ब्रिक्स के चार मुख्य देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) का भारत के कुल निर्यात में हिस्सा अप्रेल-अगस्त 2025 के दौरान 8.1 प्रतिशत से बढ़कर अप्रेल-अगस्त 2026 के दौरान 9.2 प्रतिशत हो गया है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच माह के दौरान चीन को 960 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया है तो वहीं दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस को भारतीय उत्पादों के निर्यात में क्रमश: 58 प्रतिशत, 13 प्रतिशत एवं 11 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज की गई है। आज कई अमेरिकी कम्पनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - एस्ट्रा जेनेका, बैंक ओफ अमेरिका, ट्रूब्रिज, गाइडवायर, आदि। भारत में स्थापित इन वैश्विक योग्यता केंद्रों में हजारों की संख्या में भारतीय इंजीनीयर कार्य कर रहे हैं।

# इमरान खान की रिहाई की मांग, प्रदर्शन से पहले इस्लामाबाद की सड़कें सील

इस्लामाबाद (वार्ता)

पाकिस्तान में प्रशासन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले राजधानी इस्लामाबाद में प्रवेश करने वाली प्रमुख सड़कों को बंद करना शुरू कर दिया है। इस्लामाबाद पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस्लामाबाद-पेशावर मोटरवे, इस्लामाबाद-डेरा इस्माइल खान मोटरवे और ग्रैंड ट्रंक रोड को बुधवार शाम से कई स्थानों पर बंद किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से यात्रा की योजना उसी के अनुरूप बनाने का आग्रह किया है। पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार, सड़क बंदी अनिश्चितकालीन है और इसका उद्देश्य श्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों को 27 सितंबर को राजधानी में मार्च करने से रोकना है। श्री खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। उन्हें कई मामलों में दोषी ठहराया गया था, हालांकि उनकी पार्टी ने इन मामलों को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। इनमें से अधिकांश मामलों में बाद में अपील के दौरान सजा निलंबित या फैसले पलटे जा चुके हैं। श्री खान की सेहत, विशेषकर उनकी दायीं आंख की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। उनकी आंख के उपचार के लिए कई महीनों से विशेषज्ञ चिकित्सा की आवश्यकता बताई गई है। पीटीआई ने उनकी रिहाई के लिए अभियान तेज किया है। प्रस्तावित मार्च में लोगों के पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची से करीब 1,150 किलोमीटर और लाहौर से करीब 270 किलोमीटर की दूरी तय कर इस्लामाबाद पहुंचने की



योजना थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने राजधानी और उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा से आने वाले प्रमुख मार्ग अटक पुल पर करीब 2,000 मालवाहक कंटेनर तैनात किए हैं। खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब के बीच एक अन्य महत्वपूर्ण मार्ग हारून पुल पर भी कंटेनर और रेत की बोरियां रखी गई हैं। अटक जिले में करीब 30,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को पीटीआई को प्रदर्शन के खिलाफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ऐसे कदमों से कोई उद्देश्य हासिल नहीं किया जा सकता और पार्टी को प्रदर्शन से पहले स्थिति पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस बीच, एक अन्य विपक्षी दल जमात-ए-इस्लामी ने ऊंची ईंधन कीमतों के विरोध में रविवार को कराची से इस्लामाबाद के लिए अपना मार्च शुरू किया था। पार्टी प्रमुख हाफिज नईमुर रहमान ने रवाना होने से पहले कहा था कि यदि सरकार पेट्रोलियम पर 100 पाकिस्तानी रुपये से अधिक प्रति लीटर का लेवी नहीं हटाती है तो आंदोलन सरकार हटाने के अभियान में बदल सकता है। पंजाब प्रांत के मुल्तान पहुंचने के बाद रहमान ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अनुरोध पर मार्च स्थगित किया जाएगा। दोनों नेताओं के बीच इस मुद्दे पर बैठक प्रस्तावित है। इसी बीच, पुलिस ने रविवार को श्री खान की बहन अलीमा खान को लाहौर स्थित उनके आवास से सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी कानून के तहत गिरफ्तार किया। उनकी दो अन्य बहनों उजमा खान और नोरीन नियाजी समेत कई अन्य रिश्तेदारों को भी गिरफ्तार किया गया है।

## रूस-यूक्रेन शांति समझौते की शर्तों पर हो रही चर्चा : ट्रंप

**मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रूस और यूक्रेन के बीच संभावित शांति समझौते की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान श्री ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि वे कोई समझौता करने जा रहे हैं और मैं यह नहीं बताना चाहता कि समझौता क्या है। हम इस बारे में काफ़ी बातचीत कर रहे हैं, जिसमें राष्ट्रपति पुतिन के साथ हुई बातचीत भी शामिल है और मुझे लगता है कि कुछ न कुछ तो होना ही है।

श्री ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचना दोनों पक्षों के हित में है और इससे रूस और यूक्रेन दोनों को फ़ायदा होगा।

# इधर ट्रंप करते रहे ईरान के साथ अच्छी बातचीत का दावा, उधर होर्मुज में हो गए धमाके

वॉशिंगटन

एक तरफ जहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों के साथ पहली बार सीधी बातचीत की तो वहीं दूसरी तरफ ईरानी मीडिया ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में केशम द्वीप के पास धमाके की आवाज सुनी गई। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ तो वे इस इस्लामिक देश को पूरी तरह खत्म कर देंगे। लंबे समय से एक-दूसरे के दुश्मन रहे इन देशों के बीच यह अप्रत्याशित बातचीत तब हुई, जब ईरानी प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र महासभा की सालाना बैठक के लिए न्यूयॉर्क गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण के बाद बताया कि उनके मुख्य दूतों, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने दुनिया भर के नेताओं की इस



सालाना बैठक के दौरान ईरानी अधिकारियों के साथ लगभग तीन घंटे तक बातचीत की। यह बहुत अच्छी बैठक थी और जल्द ही और बातचीत होने वाली है। उन्होंने बाद में यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी सबसे ऊंचे स्तर के नहीं थे, लेकिन फिर भी यह कुछ तो है। इस बीच विटकोफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बातचीत मध्यस्थों के जरिए हुई जो अमेरिकी और ईरानी टीमों के बीच आते-जाते रहे। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह कोशिश रचनात्मक और उम्मीद जगाने वाली साबित होगी। जब ईरानी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ शांति वार्ता कर रहा था तभी ईरानी मीडिया ने खबर दी कि होर्मुज स्ट्रेट में केशम द्वीप के पास धमाके की आवाज सुनी गई। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि धमाके की वजह और उसके असर के बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिल पाई। फरवरी में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से केशम द्वीप पर कई धमाके होने की खबरें आई हैं। लगभग सात महीने से चल रहे इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा कीमतों को प्रभावित किया है और ईरान की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है, जिससे इस इस्लामिक देश में मुद्रा संकट पैदा हो गया है।

## दक्षिण अफ्रीका में अंधाधुंध फायरिंग, हमलावर ने घर में घुसकर 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

केप टाउन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी बंदरगाह शहर डरबन से एक बेहद भयावह और झकझोर देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां डरबन के एक टाउनशिप में स्थित घर में कुछ हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर 11 लोगों की निर्मम हत्या कर दी, जबकि इस खूनी हमले में 3 लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। बता दें कि यह दर्दनाक वारदात डरबन के दक्षिण में स्थित क्वामाखुथा टाउनशिप के एक घर में हुई। यह घटना मंगलवार देर रात करीब 11:00 बजे से ठीक पहले की है, जब कुछ लोग एक घर में इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान अचानक हथियारबंद हमलावर वहां घुस आए और ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। क्वाजुलू-नेताल प्रांत के प्रीमियर थामसंखा न्तुली ने बताया कि मारे गए लोगों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। वहीं स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमलावरों की क्रूरता यहीं नहीं रुकी। हमलावरों ने घर में मौजूद सभी लोगों को जबरन एक कमरे में बंद किया और फिर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उन्होंने पीड़ितों में से एक की कार को भी आग के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार इस भयावह हमले में तीन लोग किसी तरह जीवित बचने में सफल रहे, जिनका इलाज चल रहा है। वहीं कार्यवाहक पुलिस प्रमुख पुलेंग डिम्पने ने अपराधियों को पकड़ने के लिए 72 घंटे का विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस का कहना है कि उन्हें कुछ ठोस सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# पुतिन एवं सऊदी क्राउन प्रिंस ने फ़ारस की खाड़ी के संकट पर चर्चा की : क्रेमलिन

मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता)

रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से फ़ोन पर बातचीत की। क्रेमलिन ने मंगलवार को एक बयान में कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के बीच टेलीफ़ोन पर बातचीत हुई। क्रेमलिन ने बताया कि श्री पुतिन और श्री अल-सऊद ने राजनीतिक, व्यापार-आर्थिक और मानवीय क्षेत्रों में सहयोग के स्तर पर आपसी संतुष्टि ज़ाहिर की।

क्रेमलिन ने बताया कि इसके अलावा, श्री पुतिन और सऊदी क्राउन प्रिंस ने पश्चिम एशिया, खासकर फ़ारस की खाड़ी के




हालात पर चर्चा की और बाब-अल-मंदेब और होर्मुज़ जलडमरूमध्य से जहाज़ों के सुरक्षित गुज़रने को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया। बयान में कहा गया, यमन में बिगड़ते सैन्य-राजनीतिक हालात के मद्देनजर जल्द से जल्द लड़ाई रोकने और संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में यमन में ही सार्थक बातचीत शुरू करने के लिए माहौल बनाने की ज़रूरत की पुष्टि की गई। इसके अलावा, क्रेमलिन ने कहा कि श्री पुतिन और श्री अल सऊद अलग-अलग स्तरों पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए।

## भारत, यूएई और फ्रांस ने त्रिपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**न्यूयॉर्क, (वार्ता)।** भारत , संयुक्त अरब अमीरात और फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान त्रिपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य विज्ञान, ऊर्जा और संस्कृति जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री एस. जयशंकर, यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने न्यूयॉर्क में भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय बैठक में भाग लिया। तीनों मंत्रियों ने आपसी हित के सहमत क्षेत्रों - जिनमें अंतरिक्ष, एआई , संस्कृति विरासत शामिल हैं-में त्रिपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया। साझा हित के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत एवं विस्तारित करने तथा भारत, फ्रांस और यूएई के बीच मजबूत एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## लश्कर-जैश अनगाइडेड मिसाइल हैं, ख्वाजा आसिफ को सता रहा पाकिस्तान के सीरिया-इराक बनने का डर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगार है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को पनाह देने वाला ये देश अब खुद इस डर में है कि कहीं ये आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के ही खात्मे ही वजह न बन जाएं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने देश में पनप रहे आतंकवाद की बात कबूली है। ख्वाजा आसिफ को डर सता रहा है कि जैश और लश्कर की वजह से पाकिस्तान की वो हाल न हो जाए, जो सीरिया और इराक का हुआ है। पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान के हम न्यूज पॉडकास्ट पर पत्रकार जाहिद गिश्कोरी से बातचीत में कहा, ये लोग जो हैं वे हथियार उठाते हैं और हुलिए बदल लेते हैं। कभी अमेरिका की जंग लड़नी शुरू कर देते हैं, कभी अपनी जंग लड़नी शुरू कर देते हैं कभी किसी की। ख्वाजा आसिफ ने इन आतंकी संगठनों को फ्रेंचाइजी बताते हुए कहा, आप देख लें सीरिया का क्या हाल हुआ, ईराक का क्या हाल हुआ। खुदा न खास्ता कहीं हमारा भी वहीं हाल न हो। यह आपकी फौज की ताकत को कम करते हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जैश और लश्कर को ऐसी मिसाइलें बताया, जो उनके देश में भी फट सकती हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा, पाकिस्तान को इन मिलिशिया की जरूरत नहीं है। ये अनगाइडेड मिसाइल हैं और किसी के कंट्रोल में नहीं होते। पाकिस्तान के इतिहास के 40-50 सालों ने यह साबित किया है। ख्वाजा आसिफ का ये पॉडकास्ट 15 सितंबर को रिलीज हुआ था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले साल यूनाइटेड नेशंस में जो भाषण दिया था, उसका एक हिस्सा फिर से काफी चर्चा में है। यह चर्चा उनके जनरल असेंबली में होने वाले अगले भाषण से ठीक पहले हो रही है। इस क्लिप में शरीफ को सितंबर 2025 को 80वीं जनरल असेंबली में यह कहते हुए सुना जा सकता है, अगर हमने इन आतंकवादियों का सामना नहीं किया होता, तो वे न्यूयॉर्क और लंदन की सड़कों पर घूम रहे होते और न जाने कहां-कहां शायद सुदूर पूर्व तक पहुंच गए होते।

# ताकाइची ने क्षेत्रीय सुरक्षा, एआई पर ट्रंप के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क

जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अपने पहले दिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ उच्चस्तरीय बैठकें कीं।

इन बैठकों में चीन और उत्तर कोरिया से जुड़े मुद्दों, यूक्रेन के लिए समर्थन और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर चर्चा हुई। सुश्री ताकाइची ने महासभा से इतर श्री ट्रंप से मुलाकात की। उन्होंने बातचीत को %बहुत खुली और सौहार्दपूर्ण% बताया और कहा कि दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक तथा ठोस चर्चा हुई। जून में फ्रांस के एवियां में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं की यह चौथी मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। सुश्री ताकाइची ने कहा कि दोनों पक्षों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर समेत विभिन्न क्षेत्रों में %तकनीकी प्रतिस्पर्धा जीतने के प्रयासों की पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय शुल्क समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को भी दोहराया। सुश्री ताकाइची ने कहा कि उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा



जापानी नागरिकों के अपहरण के लंबे समय से लंबित मुद्दे को भी श्री ट्रंप के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि वह इस मामले के समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं और इस मुद्दे पर उन्हें श्री ट्रंप का पूर्ण समर्थन मिला है। यूक्रेन के मुद्दे पर सुश्री ताकाइची ने श्री जेलेंस्की से मुलाकात की। जून में एवियां में हुई बातचीत के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने यूक्रेनवासियों द्वारा अपनी मातृभूमि की शांति के लिए खड़े होने के प्रति सम्मान व्यक्त किया और यूक्रेन को लेकर जापान के अडिग रुख को दोहराया। सुश्री ताकाइची ने कहा कि जापान अपने सहयोगी देशों के साथ समन्वय करते हुए यूक्रेन को समर्थन और रूस के खिलाफ प्रतिबंध जारी रखेगा। श्री जेलेंस्की ने जापान के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और यूक्रेन की मौजूदा पहलों के बारे में उन्हें जानकारी दी। सुश्री ताकाइची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस से भी मुलाकात की और सुरक्षा परिषद में सुधार के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने श्री गुटेरेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार की सीटों का विस्तार अनिवार्य है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न पदों पर जापानी नागरिकों की अधिक नियुक्ति की मांग भी दोहराई। व्हाइट हाउस ने भी श्री ट्रंप और सुश्री ताकाइची की मुलाकात की पुष्टि की और सोशल मीडिया पर इसे अमेरिका-जापान के मजबूत गठबंधन को आगे बढ़ाने वाली बैठक बताया। सुश्री ताकाइची की इन बैठकों में अमेरिका के साथ सुरक्षा और आर्थिक सहयोग, यूक्रेन के लिए निरंतर समर्थन तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जापान के प्रयास प्रमुखता से सामने आये।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 91 वर्ष के हुये प्रेम चोपड़ा

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता प्रेम चोपड़ा आज 91 वर्ष के हो गये ।प्रेम चोपड़ा का जन्म 23 सितंबर 1935 को लाहौर में हुआ। वह अपने छह भाई बहनों में तीसरे नंबर पर थे। भारत विभाजन के बाद उनका परिवार शिमला आ गया, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा पूरी की। इस दौरान वह कॉलेज में अभिनय भी किया करते थे ।स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रेम चोपड़ा ने निश्चय किया कि वह अभिनेता के रूप फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनायेगे। हालांकि उनके पिता चाहते थे वह डॉक्टर बने लेकिन उन्होंने अपने पिता से साफ शब्द में कह दिया कि वह अभिनेता बनना चाहते हैं। अपने सपने को साकार करने के लिये वह पचास के दशक के अंतिम वर्षो में मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद प्रेम चोपड़ा को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।अपने जीवन यापन के लिये वह टाईम्स ऑफ इंडिया के सर्कुलेशन विभाग में काम करने लगे। इस दौरान



फिल्मों में काम करने के लिये वह संघर्षरत रहे। इस बीच उन्हें एक पंजाबी फिल्म चौधरी करनैल सिंह में काम करने का अवसर मिला ।वर्ष 1960 में प्रदर्शित यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट हुयी और वह दर्शको के बीच अपनी पहचान बनाने में कुछ हद तक कामयाब हो गए। वर्ष 1964 में प्रेम चोपड़ा की एक अहम फिल्म वो कौन थी प्रदर्शित हुयी। राज खोसला के निर्देशन में बनीं मनोज कुमार और साधना की मुख्य भूमिका वाली रहस्य और रोमांच से भरी इस फिल्म में प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में दिखाई दिये। फिल्म सफल रही और वह हिंदी फिल्मों में खलनायक के रूप में कुछ तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये।

वर्ष 1965 में प्रेम चोपड़ा की एक महत्वपूर्ण फिल्म शहीद प्रदर्शित हुयी। देश भक्ति के जज्बे से परिपूर्ण इस फिल्म में उन्होंने अपने किरदार से दर्शको का दिल जीत लिया। इसके बाद उन्हें तीसरी मंजिल और मेरा साया जैसी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिला। इन फिल्मों में उनके अभिनय के विविध रूप देखने को मिले ।वर्ष 1967 में प्रेम चोपड़ा को निर्माता- निर्देशक मनोज कुमार की फिल्म उपकार में काम करने का अवसर मिला। जय जवान जय किसान के नारे पर बनी इस फिल्म में उन्होंने मनोज कुमार के भाई की भूमिका निभाई ।उनकी यह भूमिका काफी हद तक ग्रे शेडस लिये हुयी थी। इसके बावजूद वह दर्शको की सहानुभूति पाने में कामयाब रहे।

वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म बॉबी प्रेम चोपड़ा के सिने कैरियर के लिये मील का पत्थर साबित हुयी ।बॉलीवुड के पहले शो मैन राजकपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक मवाली गुंडे की एक छोटी सी भूमिका में दिखाई दिये ।इस फिल्म में उनका बोला गया यह संवाद प्रेम नाम है मेरा प्रेम चोपड़ा दर्शको के जेहन में आज भी ताजा है ।वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने प्रेम चोपड़ा की एक और अहम फिल्म साबित हुयी। अमिताभ बच्चन और रेखा की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में प्रेम चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के दोस्त की भूमिका निभाई थी। अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किए गये। वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म सौतन प्रेम चोपड़ा अभिनीत महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। सावन कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजेश खन्ना पद्मिनी कोल्हापुरी और टीना मुनीम ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। इस फिल्म में उनका संवाद मैं वो बला हूं जो शीशे से पत्थर को तोड़ता हूं आज भी दर्शको की जुबान पर है। प्रेम चोपड़ा ने अपने पांच दशक लंबे सिने करियर में अब तक 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है।

## रोहित सराफ खुद को एक ही तरह के किरदार तक सीमित नहीं रखते

अभिनेता रोहित सराफ ने अपने अभिनय करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाई है। हालांकि नेटफ्लिक्स की सीरीज मिसमैड में रिषि के किरदार ने उन्हें खास पहचान दिलाई और उनका बॉय-नेक्स्ट-डोर अंदाज दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुआ, लेकिन रोहित का अभिनय सफर केवल रोमांटिक किरदारों तक सीमित नहीं रहा है ।द स्काई इज पिंक में रोहित ने ईशान चौधरी की भूमिका निभाई थी। भावनात्मक कहानी वाली इस फिल्म में उन्होंने परिवार, रिश्तों और भीतर के दर्द से जुड़े भावों को पर्दे पर उतारा। वहीं, डियर जिंदगी में उन्होंने आलिया भट्ट के भाई किड्डो का छोटा लेकिन प्रभावी किरदार निभाया।



डार्क कॉमेडी फिल्म लूडो में रोहित राहुल अवस्थी के रूप में नजर आए। मॉल में सेल्समैन राहुल की जिंदगी उस समय बदल जाती है, जब उसे एक गैंगस्टर का पैसों से भरा बैग मिल जाता है। इस भूमिका में भी रोहित ने अपने अभिनय का अलग अंदाज दिखाया।

# 83 वर्ष की हुईं तनुजा



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री तनुजा आज 83 वर्ष की हो गयीं ।23 सितम्बर 1943 को मुंबई में जन्मी तनुजा के पिता कुमारसेन समर्थ कवि और फिल्म निर्देशक थे तथा उनकी मां शोभना समर्थ प्रख्यात अभिनेत्री थी ।तनुजा ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार वर्ष 1950 में अपनी मां के होम प्रोडक्शन की फिल्म हमारी बेटी (1950) से की। इस फिल्म से तनुजा की बड़ी बहन नूतन ने भी अभिनेत्री के तौर पर शुरूआत की थी। 13 साल की उम्र में तनूजा पढ़ने के लिये स्विटजरलैंड चली गई जहां उन्होंने अंग्रेजी, फ्रेंच और जर्मन भाषाएं सीखीं। बतौर अभिनेत्री छबीली (1958) तनुजा की पहली फिल्म थी। वर्ष 1961 में प्रदर्शित फिल्म हमारी याद आएगी तनुजा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में तनुजा ने इतना सहज स्वाभाविक अभिनय किया कि दर्शकों ने महसूस किया कि गीता बाली की असमय मौत के बाद उनके खाली स्थान को भरने वाली नायिका उन्हें मिल गयी है। तनुजा ने अपनी जिंदगी बिंदास अंदाज मे जी और कभी इस बात की परवाह नही की लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं ।तनुजा उन चंद अभिनेत्रियों में शामिल थी जो सिगरेट और व्हिस्की पीया करती थीं। हिंदी फिल्मों के अलवा तनुजा ने बंगला फिल्मों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है ।बांग्ला फिल्मों में तनुजा की जोड़ी उत्तम कुमार और सौमित्र चटर्जी के साथ काफी पसंद की गई। इसके अलावा तनुजा ने गुजराती, मराठी, मलयालम और पंजाबी भाषाओं की फिल्मों में काम किया। तनूजा ने शशधर मुखर्जी के सबसे छोटे पुत्र शोमू मुखर्जी से वर्ष 1973 में शादी कर ली। उनकी दो बेटियां है। बड़ी बेटी काजोल भी हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अत्रिनेत्रियों में मानी जाती है ।तनुजा के सिने करियर में उनकी जोड़ी राजेश खन्ना के साथ काफी पसंद की गई। वर्ष 1967 में प्रदर्शित फिल्म पैसा या प्यार के लिए तनुजा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। तनूजा की करियर की कुछ उल्लेखनीय हिन्दी फिल्में नयी उमर की नयी फसल, भूत बंगला, बहारें फिर भी आएंगी, ज्वैल थीफ, दो दूनी चार, जीने की राह, गुस्ताखी माफ, पैसा या प्यार, पवित्र पापी, बचपन, हाथी मेरे साथी, दूर का राही, मेरे जीवन साथी, दो चोर, एक बार मुस्क रा दो, अनुभव,अमीर गरीब.इम्तिहान,प्रेम रोग,बेखुदी,साथिया, खाकी आदि शामिल है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा को सिविल अस्पताल बनाने की मांग तेज, एक डॉक्टर के भरोसे 1.23 लाख की आबादी

**अभिषेक राजपूत स्वतंत्र मत (सिवनी)।** 2011 की जनगणना के अनुसार 1,23,024 की आबादी वाले छपारा ब्लॉक का स्वास्थ्य तंत्र भगवान भरोसे चल रहा है। तहसील की कुल जनसंख्या में 1,07,653 ग्रामीण और 15,371 शहरी (डुंगरिया छपारा) आबादी शामिल है। 25,080 ग्रामीण परिवारों वाले इस बड़े ब्लॉक में 157 गांव आते हैं, लेकिन इन सबके इलाज की जिम्मेदारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा पर है, जो वर्तमान में मात्र एक डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है।




इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाएं नगण्य हैं। दूर-दराज के आदिवासी अंचलों से ग्रामीण सुबह से ही अस्पताल पहुंच जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के चलते उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ता है। कई बार तो गंभीर मरीजों को देखे बिना ही सिवनी या जबलपुर रेफर कर दिया जाता है, जिससे गरीब मरीजों पर दोहरी मार पड़ती है।

वर्तमान में बीएमओ डॉ. इनवाती साहब अकेले ही पूरा भार संभाल रहे हैं। ओपीडी, इमरजेंसी, प्रसव, पोस्टमार्टम, टीकाकरण अभियान और प्रशासनिक कार्य, सब कुछ एक ही डॉक्टर को देखना पड़ रहा है।

सवाल उठता है कि आखिर एक डॉक्टर कहां-कहां देखे?

क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। आंकड़ों के अनुसार तहसील में 58,073 अनुसूचित जनजाति और 12,309 अनुसूचित जाति की आबादी है। यहां कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया, टीबी और प्रसव संबंधी जटिलताएं अधिक सामने आती हैं, जिनके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सख्त आवश्यकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि जनसंख्या घनत्व और क्षेत्रफल की दृष्टि से छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब सिविल अस्पताल में उन्नयन का हकदार है।

### प्रमुख मांगें

1. छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल सिविल अस्पताल बनाया जाए।
2. सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित कम से कम 6 डॉक्टरों की नियुक्ति हो।
3. नर्सिंग व पैरा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पद तुरंत भरे जाएं
4. 24×7 प्रसव व इमरजेंसी सुविधा और ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित हो नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने जल्द ध्यान नहीं दिया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में उत्साहपूर्वक मनाया गया उमंग दिवस

## विद्यार्थियों ने जीवन कौशल के दस आयाम एवं सीख चक्र पर दी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा, जिला सिवनी में 22 सितंबर 2026 को उमंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। आयोजन के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं प्रेरक प्रस्तुतियों का परिचय दिया।

कार्यक्रम में जीवन कौशल के दस आयाम एवं सीख चक्र विषय पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करते हुए चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष



अभिलाषा बघेल, समिति के सदस्य एवं विद्यार्थियों के पालक उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख विपनेश जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षण स्टाफ वेदप्रकाश राय, हेमराज शरणागत, मुरलीधर राहंगडाले, वीणा तिवारी, शोभा दुबे, पारुल दुबे एवं श्रद्धा साहू उपस्थित रहे। शिक्षकों एवं पालकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कुरई पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी : पैसे के लेनदेन के विवाद में वृद्ध की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थाना कुरई पुलिस को अंधे हत्याकांड का खुलासा करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** दिनांक 16/09/2026 को प्रार्थी द्वारका मेश्राम निवासी ग्राम जिरेवाड़ा द्वारा थाना कुरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके 75 वर्षीय पिता मनीराम मेश्राम दिनांक 10/09/2026 को दोपहर 12.30 बजे से लापता हैं। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी सुराग न मिलने पर अपहरण की आशंका व्यक्त की गई। उक्त सूचना पर थाना कुरई में अपराध क्र. 418/2026 धारा 140(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान दिनांक 20/09/2026 को ग्राम रमली के जंगल में नालीनुमा स्थान पर एक प्लास्टिक की बोरी से ढका हुआ



अज्ञात शव प्राप्त हुआ। मौके पर पहुंचकर मृतक के पुत्र द्वारका मेश्राम एवं नाती शिवम द्वारा शव की शिनाख्त गुमशुदा मनीराम मेश्राम के रूप में की गई। शव अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में होने से मेडिकल कॉलेज सिवनी की फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम द्वारा पोस्टमार्टम कार्यवाही कराई गई। परिजनों द्वारा बताए अनुसार मृतक अंतिम बार गांव के ही अखिलेश कावल के साथ देखा गया था। संदेह एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही अखिलेश पिता अशोक कावल उम्र 37 साल निवासी ग्राम जिरेवाड़ा को तलब कर सघन पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक मनीराम मेश्राम द्वारा अपनी जमीन 13 लाख रुपये में बेची गई थी, जिसको लेकर मृतक एवं आरोपी के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी आर्थिक विवाद के चलते आरोपी ने वृद्ध की हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को रमली के जंगल में फेंक दिया था।

संपूर्ण विवेचना एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 140(3), 103(1) एवं 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अखिलेश कावल पिता अशोक कावल उम्र 37 साल निवासी ग्राम जिरेवाड़ा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल शाह तेकाम, उप निरीक्षक इंजनसिंह मर्सकोले, सउनि शैलेन्द्र डोंगरे, सउनि भुपेन्द्र नागेश्वर, सउनि दिलीप सरयाम, चंचलेश नरवरे, राजेश माथरे, महेन्द्र परतेती, अविनाश पांडे, राजेन्द्र कटरे, सतीश इनवाती, मुकेश भगत, प्रकाश उइके, ललित शर्मा, यशपाल सिंह उइके की सराहनीय भूमिका रही।

# मधुमक्खियों के हमले के बाद इलाज के दौरान संतोष पटले का निधन

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** ग्राम पाथरफोड़ी निवासी स्वर्गीय गुरुदयाल जी पटले के बड़े सुपुत्र संतोष पटले आज सुबह अपने खेत में घास लेने गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचने के लिए वे कुछ दूरी तक भागे, लेकिन अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय सिवनी ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान शाम को संतोष पटले का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से ग्राम पाथरफोड़ी में



शोक की लहर व्याप्त है और परिजनों एवं शुभचिंतकों में गहरा दुख है। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार कल ग्राम पाथरफोड़ी स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पोकलेन और जेसीबी से देवी तालाब की व्यापक सफाई, गहराई में दबी पॉलीथिन व मलबा निकाला



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा स्थानीय देवी तालाब में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पोकलेन मशीन को तालाब के भीतर उतारकर पानी के नीचे दबी पॉलीथिन, कचरा एवं अतिरिक्त मलबा निकाला गया। जेसीबी मशीनों और नगर पालिका के सफाई अमले ने भी तालाब एवं आसपास के पूरे क्षेत्र की सफाई की। स्वच्छता अभियान के दौरान तीन ऐसे नए स्थान चिह्नित किए गए, जहाँ लोगों द्वारा लगातार पॉलीथिन, पूजन सामग्री एवं घरेलू अनुपयोगी वस्तुएँ फेंकी जा रही थीं। नगर पालिका द्वारा पूर्व में दो स्थानों पर निगरानी कैमरे लगाए जा चुके हैं तथा नए चिह्नित स्थानों पर भी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कैमरों के माध्यम से गंदगी फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरप्रकाश उके ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा देवी तालाब के संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। तालाब परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा और समय-समय पर इसी प्रकार विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया और नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की अपील की।

बैठक में नगर पालिका का राजस्व एवं लोक निर्माण अमला भी उपस्थित रहेगा। बाजार क्षेत्र में आवश्यक निर्माण कार्यों को चिह्नित करने के साथ ही लगातार प्राप्त हो रही अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर व्यापारियों से चर्चा की जाएगी और आपसी समन्वय से उनके तत्काल निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका ने सभी संबंधित व्यापारियों से बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर बाजार को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। इस अवसर पर सभापति संगीता खगेस कावरे, वकील वाधवा, रेना धीरस सुराना सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आज

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने तथा उन्हें सुरक्षित एवं वैधानिक रूप से वाहन चलाने के लिए लर्निंग पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास जिला सिवनी के प्रशासक द्वारा जानकारी दी गई कि विशेष पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन 24 सितंबर 2026, गुरुवार को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय, सिवनी में किया जाएगा।

शिविर में पात्र बालिकाओं एवं महिलाओं के लर्निंग पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। शिविर का लाभ लेने के लिए आवेदिकाओं को अपने आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल फोन तथा आयु संबंधी प्रमाण-पत्र साथ लाना आवश्यक है।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी विजेता

**सिवनी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी के तत्वावधान में उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के परिपालन में आज जिला स्तरीय बैडमिंटन (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब प्राप्त किया, जबकि शासकीय महाविद्यालय लखनादौन की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने आशीर्वचन के माध्यम से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर डॉ. सविता मसीह, डॉ. एस.एस. राहंगडाले, डॉ. ज्योति



कुमरे एवं डॉ. टी.आर. सनोडिया सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अनिल कुमार परते द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी के खेल अधिकारी श्री कमलेश टेंभरे एवं जिले के समस्त खेल अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



# बिटोड़ी, सिवनघाट से है मेरा आत्मीय रिश्ता, हमेशा सुख दुख में बना रहेगा साथ: गौरव सिंह पारधी

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिटोड़ी एवं सिवनघाट में गणेश उत्सव के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की तथा आयोजन समितियों के सदस्यों एवं ग्रामवासियों से भेंट कर गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। ग्राम बिटोड़ी के जय जगदंबा देवी चौक में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा डीएम शायरी कायक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों से संवाद किया। इस अवसर पर महेंद्र सुलाके, मुन्नालाल खजरे, महेश कडपेती, गणेश कडपेती, साधुराम तुमरामे, नरेश टेकाम, नरेश सुलाके, किरेश नगपूरे, चयचद नगपूरे, दिनेश नगपूरे, बुधराम लिल्हारे, कंकर नगपुरे, विरेन्द्र नगपुरे, विपिन नगपुरे राजेश नगपुरे, साहेब लाल नगपुरे सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।वहीं ग्राम सिवनघाट में गणेश उत्सव समिति द्वारा देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक गौरव सिंह पारधी ने यहां पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी के दर्शन किए और देवी जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती उर्मिला युवराज बिसेन, जनपद पंचायत सदस्य ललित ठाकुर, समाजसेवी हूमेंद्र राहांगडाले, पूर्व सरपंच नरेंद्र पटले, स्थाई पटेल बालकृष्ण बिसेन, रेखलाल चौधरी सहित नवयुवक गणेश समिति सिवनघाट के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि ग्राम बिटोड़ी एवं सिवनघाट से उनका पुराना और आत्मीय संबंध रहा है।

# महिला से दुर्व्यवहार और अवैध गिरफ्तारी पर 4 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर

## किरनापुर थाने में दो मामलों में मामला दर्ज, 63 पर बलवा में एफआईआर

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के किरनापुर थाना परिसर में महिला एवं उसके पति के साथ कथित दुर्व्यवहार, अवैध परिरोधन और सूर्यास्त के बाद महिला की गिरफ्तारी के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। एक ओर डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल की जांच रिपोर्ट के बाद थाना किरनापुर के चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। दूसरी ओर, थाना में उपद्रवीं पर बलवा और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे सहित 63 नामजद पर एसआईटी दर्ज कर 26 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार, 2 सितंबर को किरनापुर पुलिस ने टिमकीटोला गांव के निवासी कैलाश चौधरी और उनकी करीब दो महीने की गर्भवती पत्नी सावित्री चौधरी को पोस्ट ऑफिस में चोरी



के शक में हिरासत में लिया था। आरोप है कि थाने में पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला के साथ मारपीट की और पति को फांसी की धमकी देकर जुर्म कबूल करवाया। 7 सितंबर को गर्भवती सावित्री चौधरी को परिजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर चौपाई में लेकर पहुंचे और तभी थाना में पुलिसकर्मियों पर गर्भवती महिला से मारपीट के आरोप लगे। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने तत्काल मामले में संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित की थी।

### थाने पर हमला और पथराव....

इस घटना से आक्रोशित मरार माली समाज और स्थानीय लोगों ने न्याय की मांग को लेकर 15 सितंबर को किरनापुर थाने का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान उग्र भीड़ ने थाने में पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की, जिसके जवाब में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़े गए। पुलिस ने उपद्रव, बलवा और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे सहित 63 नामजद और 100-200 अज्ञात लोगों पर 16 गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर अब तक 26 उपद्रवी को गिरफ्तार किया गया हैं।

### 49 लोगों से पूछताछ और फिर एफआईआर

एसआईटी ने मामले से जुड़े विधिक, तकनीकी, चिकित्सकीय और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जांच की। इस दौरान 49 से अधिक साक्षियों के बयान लिए गए। साक्षियों के बयान वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ दर्ज किए गए। मरार माली समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठजनों से भी जानकारी लेकर उनके बयान और उपलब्ध साक्ष्य जांच में शामिल किए गए। एसआईटी ने अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट 22 सितंबर 2026 को प्रस्तुत की। जांच में प्रथम दृष्टया चार पुलिसकर्मियों की भूमिका दोषपूर्ण पाए जाने के बाद उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई।

### सूर्यास्त के बाद महिला गिरफ्तारी पर सवाल...

एसआईटी के अनुसार, महिला को बिना पर्याप्त विधिक आधार के थाने में बैठाकर रखा गया तथा रोजनामचा में प्रविष्टि भी विलंब से की गई। इसके अलावा महिला को सूर्यास्त के बाद गिरफ्तार किया गया, जबकि जांच में ऐसी कोई असाधारण परिस्थिति सामने नहीं आई, जिसके आधार पर रात में महिला की गिरफ्तारी की जा सके। एसआईटी ने यह भी पाया कि सूर्यास्त के बाद महिला की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक सक्षम मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी।

### एकांगी विवेचना और दबाव बनाने के आरोप...

जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ता महिला के देवर दीपक चौधरी निवासी नेवरा के कथित इकबालिया साक्ष्य के आधार पर ही महिला के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। एसआईटी ने इसे विवेचना की गंभीर कमी माना और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की समुचित जांच किए जाने की आवश्यकता बताई। एसआईटी ने पाया कि आवेदिका और उसके पति कैलाश चौधरी को अवैधानिक रूप से थाने में परिरुद्ध रखने, डराने-धमकाने तथा अनुचित दबाव डालकर संस्वीकृति उत्प्रेरित कराने के तथ्य भी जांच में सामने आए।

### इन चार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर..

मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी एसआई दामेन्द्र तुरकर, प्रधान आरक्षक आशीष बघेल, आरक्षक कपिल राजपूत और महिला आरक्षक मेघा टेकाम के खिलाफ एफआईआर की धारा 127, 120, 115(2), 296(ड्ड), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। स्नङ्कक्र दर्ज होने के बाद मामले की अग्रिम वैधानिक विवेचना शुरू कर दी गई है।

### मेडिकल और न्यायालयीन रिकॉर्ड भी जांच का हिस्सा...

एसआईटी ने आवेदिका के 3 सितंबर को कराए गए शासकीय मेडिकल परीक्षण की भी जांच की। महिला चिकित्सक एवं नर्स के बयान दर्ज किए गए। जांच में मेडिकल रिपोर्ट सामान्य पाई गई। वहीं, न्यायालय में पेशी के दौरान पीड़िता महिला के सामान्य रूप से पैदल न्यायालय कक्ष तक जाने तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उस समय किसी शिकायत का उल्लेख नहीं होने संबंधी रिकॉर्ड का भी एसआईटी ने परीक्षण किया। मामले में न्यायालयीन दस्तावेज और केस डायरी को भी जांच का हिस्सा बनाया गया। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद चारों पुलिसकर्मियों की भूमिका और प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की वैधानिक विवेचना आगे जारी रहेगी।






# पंडालों में देर रात तक गणेश दर्शन

## 25 को विदा होंगे गणपति, विसर्जन पर कंट्रोल रूम से निगरानी

कटनी (स्वतंत्रमत)।

अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं की विदाई होगी। बुधवार को शहर में गणेशोत्सव की रौनक चरम पर रही। गणेश चौक स्थित कटनी के राजा के पंडाल में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दर्शन के साथ लोगों ने मेले का आनंद लिया। सजी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, सुखन्न चौक, जालपा माई, शेर चौक, आजाद चौक, गाटर घाट, रचना नगर, दद्दा धाम, खरहनी और कुठला सहित अन्य पंडालों में भी देर रात तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। दद्दा धाम में सुंदरकांड व भजन संध्या हुई, जबकि सुखन्न चौक के अष्ट विनायक पंडाल में भी भजन संध्या का आयोजन किया गया। धनतीबाई गांधी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती गणेश प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शहर के अन्य पंडालों में हवन-पूजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण का दौर जारी है।

**विसर्जन पर तीन पालियों में निगरानी** -25 सितंबर को प्रतिमा विसर्जन और चल समारोह के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस कंट्रोल रूम और कलेट्रेट स्थित डीसीसीसी कंट्रोल रूम में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। दोनों कंट्रोल रूम के प्रभारी राजस्व निरीक्षक दादराम पटेल रहेंगे। पुलिस कंट्रोल रूम में रुचिता जैन, अभिषेक तिवारी और शादाब खान तथा डीसीसीसी कंट्रोल रूम में पूजा सोनी, मनीष पाण्डेय और आशीष चौरसिया अलग-अलग पालियों में जिमेदारी संभालेंगे।नगर निगम और जिला प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए अलग-अलग घाट और कुंड तैयार किए हैं। पुलिस निगरानी के बीच विधिविधानसे विसर्जन कराया जाएगा।

# इन्द्रानगर में हुई जेवर एवं नगदी चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)




पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में इन्द्रानगर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने एवं सोना चाँदी एवं नगदी रूपये बरमाद करने में सफलता प्राप्त की है । प्रार्थी राकेश केशरवानी पिता रामचन्द्र केशरवानी उम्र 32 वर्ष निवासी इन्द्रनगर गली नं. 1 थाना कुठला कटनी का 13 सितंबर को थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 सितंबर की शाम वह अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ बाहर गया था। रात्रि करीब 12.30 बजे पत्नी ने घर से कुछ टूटने जैसी आवाज आने की जानकारी दी, जिसे उन्होंने नजर अंदाज कर दिया। रात्रि करीब 1 बजे घर वापस आने पर देखा कि घर का बाहरी ताला टूटा हुआ था तथा अंदर आलमारी का लॉक टूटा एवं सामान बिखरा पड़ा था देखा कि आलमारी में रखी सोने की चैन, लॉकेट, पंचाली, अंगूठी, बच्चों के सोने के लॉकेट सहित चांदी के आभूषण एवं बर्तन तथा नगदी रकम को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना पाया गया। रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 832/26 धारा 331(4) , 305(ए) बीएनएस का पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी एवं चोरी गए मशरुका की तलाश प्रारम्भ की गई। तलाश के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा परम्परागत एवं तकनीकी साक्ष्य सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज, सम्भावित स्थानों की चैकिंग की गई गई जिसके फलस्वरूप दिनांक 21 सितंबर को लाला उर्फमुकेश निषाद पिता लोकराज निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी इन्द्रानगर गली नम्बर 6 थाना कुठला से सघन पूछताछ करने पर अपने साथी मोहित के साथ चोरी करना स्वीकार किया । आरोपी लाला उर्फ मुकेश निषाद के द्वारा चोरी किए गए जेवरात आदि एवं नगदी रकम को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, राहुल मिश्रा, मोनी गुप्ता आरक्षक विजय प्रजापति, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी एवं अन्य स्टॉफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# त्योहारों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

कटनी (स्वतंत्रमत)



शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का लिया जायजा गणेशोत्सव एवं आगामी त्योहारों को लेकर जिले में शांति, कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी कमल मौर्य के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च मिशन चौक कटनी से प्रारंभ होकर आजाद चौक, शेर चौक, सुखन चौक, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, कमानिया गेट, विश्वकर्मा पार्क, मघई मंदिर, गणेश चौक, सिविल लाइन, फॉरेस्टर ग्राउंड होते हुए थाना तिराहा तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस द्वारा नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा अपुष्ट सूचनाओं को आगे प्रसारित न करने की समझाइश दी गई। पुलिस ने आमजन से आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। कटनी पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही।

# बच्चों को बांटी स्टेशनरी की सामग्री

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा से ही जीवन जीने के लिए आवश्यक हुनर प्राप्त होता है। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने शहर के प्रसिद्ध साधुराम शासकीय प्राथमिक स्कूल में जाकर बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी प्रदान की। साथ ही बच्चों को रोजाना स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान आहना की समाजसेविकाओं ने कहा कि हर माह जितने भी बच्चों की अटेंडेंस 100 प्रतिशत रहेगी उन सभी बच्चों को उपहार भेंट किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में परीक्षा के दौरान जरूरत का सामान जैसे एग्जाम बोर्ड, कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल, रबर और कटर आदि सामान आहना की समाज सेविकाओं ने स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को वितरित किया। साथ ही आगामी एग्जाम्स के लिए बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। आहना की समाज सेविकाओं का कहना है कि शिक्षा से व्यक्ति को जरूरी कौशल और ज्ञान की प्राप्ति होती है। जो आगे चलकर जीवन यापन करने का जरिया बनते हैं। बच्चों के बीच खुशियां बांटने वाले इस कार्यक्रम में आहना की संस्थापिका अध्यक्ष वाणी गट्टानी, रश्मि गट्टानी, शालिनी बजाज, सिमरन माहेश्वरी, स्वाती नायक, शानू बजाज, एकता महेश्वरी, रश्मि राय, उपासना बजाज, दीपिका जैन, शिखा गुप्ता उपस्थिति रही।



# त्योहारों के मद्देनजर कटनी पुलिस की सख्ती

## 334 आदतन एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की चेकिंग कर दी सख्त हिदायत

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनीअभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिले के चारों अनुविभागों के अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में सरप्राइज़ सघन चेकिंग एवं पेट्रोलिंग अभियान लगातार जारी है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा जिले के हॉटस्पॉट एवं शैडो एरिया में सघन चेकिंग एवं निगरानी की गई। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण एवं बाइक पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के तहत पुलिस द्वारा क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों, नकबजनों, लुटेरों, चाकूबाजों, निगरानीशुदा बदमाशों, जिलाबदर एवं रासुका के आरोपियों सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे कुल 334 व्यक्तियों की चेकिंग एवं निगरानी की गई। चेकिंग के दौरान संबंधित व्यक्तियों को कानून एवं शांति व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई किए जाने के संबंध में सख्त हिदायत दी गई। पुलिस टीमों द्वारा अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एवं चिन्हित हॉटस्पॉट तथा शैडो एरिया में लगातार भ्रमण एवं चेकिंग की गई। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवश्यकतानुसार पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई की।

**होटल, लॉज, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग**-अभियान के दौरान होटल, लॉज, रैन बसेरा, ढाबे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष चेकिंग की गई। यहां ठहरे एवं आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी ली गई तथा संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई।

# पयूर्षण पर्व के 7वें धर्म उत्तम तप पर चर्चा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पंरम्परा में दशलक्षण महापर्व में उत्तम तप को छठवां मूल धर्म माना गया है। जिसका वास्तविक अर्थ मात्र भूखे रहकर शरीर को कष्ट देना नहीं बल्कि आचार्य उमा स्वामी के अनुसार आनियंत्रित इच्छाओं और वासनाओं का विवेकपूर्वक निरोध करना ही उत्तम तप कहलाता है। जबकि इसके अंतर्गत अनशन, रस परित्याग जैसे 6 बाह्य तप इन्द्रियों पर संयम स्थापित करते हुये प्रायशचित विनय वैयावृत्त, स्वाध्याय और ध्यान जैसे 6 अभ्यांतर तप मन और भावों की अंतरिक शुद्धि करते है और जब यह तप मान-सम्मान, यश या सांसारिक लाभ की लालसा से मुक्त होकर सम्यंक दर्शन और सम्यंक ज्ञान के साथ धारण किया जाता है वही उत्तम तप कहलाता है। रात्रि में दिग.जैन पंचायत महासभा एवं आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल के द्वारा महाआरती का आयोजन महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने किया गया जिसे उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सराहा गया जिसमें पुरूस्कार वितरण पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंचम जैन, मंत्री विन्नी जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशुल जैन शिम्पी, तरूण जैन, पिंकू जैन के साथ संस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।



# कलेक्टर ने सुनीं 206 आवेदकों की समस्याएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे 206 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता, संवेदनशीलता और धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का तथ्यात्मक परीक्षण कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भवन निर्माण, अतिक्रमण, आवास, वेतन भुगतान, बिजली बिल, नामांतरण एवं राजस्व अभिलेखों में सुधार सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी



जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम पिपरिया कला निवासी होरीलाल चक्रवर्ती ने ग्राम खिरहनी में विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि का नामांतरण नहीं होने की शिकायत की। इसी प्रकार बरगवां निवासी मंजू चौरसिया ने खपत से अधिक आ रहे बिजली बिल की जांच कर बिल में सुधार कराने का अनुरोध किया। रीठी तहसील के ग्राम निटर्रा निवासी श्रीमती सुमन पांडे ने आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया। वहीं छेदीलाल ने माधवनगर कैम्प स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में किये गये सफाई कार्य का भुगतान कराने हेतु आवेदन दिया। ग्राम हरद्वारा, तहसील रीठी निवासी रोहणी प्रसाद ने भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में सुधार कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।

# किराना व्यापारियों ने मनाया नो यूपीआई पेमेंट डे

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** यूपीआई मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट एमडीआर व्यवस्था के विरोध में बुधवार को किराना व्यापारियों ने नो यूपीआई पेमेंट डे मनाया। किराना व्यापारी संघ, जिला कटनी के आह्वान पर व्यापारियों ने डिजिटल भुगतान पर संभावित अतिरिक्त लागत को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि किराना सहित अन्य कम मार्जिन



वाले कारोबार में डिजिटल भुगतान पर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त लागत का सीधा असर व्यापार के लाभ पर पड़ सकता है। इसी को लेकर व्यापारियों ने प्रस्तावित एमडीआर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करने और इसके संभावित प्रभावों पर चर्चा की। किराना व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और एकजुटता जरूरी है। संघ की ओर से अभियान के दौरान व्यापारियों से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील की गई।

# आटो की किस्त ना चुका पाने से बैंक का ताला तोड़कर चोरी करने के प्रयास ने पहुंचाया जेल

कटनी (स्वतंत्रमत)




पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में पन्ना मोड़ सेन्ट्रल बैंक का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है । प्रार्थी विनीत सोलंकी पिता धर्मदास सोलंकी उम्र 38 वर्ष शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा हरदुआ पन्ना मोड ने थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 सितम्बर को रात्रि लगभग 02:34 बजे क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के सुरक्षा अधिकारी ने फोन पर सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति चोरी की नियत से बैंक के मेन गेट का ताला तोड़ रहा है। इसके बाद 22 सितम्बर को प्रात: 09:45 बजे बैंक पहुँचकर मुआयना किया गया, तो मुख्य ताले पर किसी भारी वस्तु से मारकर तोड़ने के निशान पाए गए। बैंक के अंदर जाकर देखने पर कोई चोरी होना नहीं पाया गया, परंतु अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक का ताला तोड़कर चोरी करने का असफल प्रयास किया गया । रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 859/26 धारा 303(2)62 बीएनस का पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी एवं चोरी गए मशरुका की तलाश प्रारम्भ की गई। तलाश के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा परम्परागत एवं तकनीकी साक्ष्य सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज, सम्भावित स्थानों की चौकिंग की गई गई जिसके फलस्वरूप दिनांक 22 सितम्बर को गंगाराम चौधरी पिता बृजलाल चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी घंघरी कला थाना कुठला जिला कटनी से सघन पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार करते हुए आटो की किस्त ना चुका पाने के कारण बैंक में चोरी करने की योजना बनाना बताया जिसके पास से दो पैचकसए छोटी आरी को विधिवत जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है ।



गोल्डन स्टार नव युवक मंडल गोरखपुर



सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति, आजाद चौक



फोटो: अनिल तिवारी

बजरंग गणेश उत्सव समिति, यादव कालोनी



संकट मोचन मंदिर गणेश समिति गढ़ा

# श्रेयस अय्यर को टी-20 रैंकिंग में 7 स्थान का फायदा

## सिकंदर रजा वनडे ऑल राउंडर रैंकिंग में नंबर-1 के करीब, 5 पायदान चढ़े



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान श्रेयस अय्यर को आईसीसी की नई टी.20 बैटिंग रैंकिंग में 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 22वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज और जापान के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का उन्हें फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा वनडे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 276 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। टी.20 बैटिंग रैंकिंग के टॉप.10 में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल है। ईशान किशन टॉप और अभिषेक शर्मा दूसरे पर बने हुए हैं। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा आठवें से नौवें पर खिसक गए हैं। भारत की तरह इंग्लैंड के भी तीन बल्लेबाज टॉप.10 में हैं। इंग्लैंड के जेमी ओवरटन टी.20 इंटरनेशनल गेंदबाजी रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाले खिलाड़ियों में रहे। वे 47 स्थान ऊपर चढ़कर टॉप.10 में पहुंच गए हैं। उनके करियर की बेस्ट 674 रेटिंग है। वहींए पाकिस्तान के अबरार अहमद नंबर.1 गेंदबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स ने भी वनडे रैंकिंग में 35 स्थान की बड़ी छलांग लगाई है। वे 37वें नंबर पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में उन्होंने 46 रन बनाने के बाद 5 विकेट लिए थे।

# एशियन गेम्स में 28 साल बाद भारत को वेटलिफ्टिंग मेडल

### मीराबाई ने सिल्वर दिलाया, रोशिबिना वुशु के फाइनल में पहुंचीं

नई दिल्ली।

जापान के आइची नागोया में चल रहे 20वें एशियाई खेलों में बुधवार का दिन भारत के लिए शानदार रहा और भारतीय खिलाड़ियों ने एक रजत समेत पांच पदक जीते। टोक्यो ओलिंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अंततः एशियाई खेलों में पदक जीतने का इंतजार समाप्त करते हुए 49 किग्रा वर्ग में ऐतिहासिक रजत पदक जीता। वहीं निशानेबाजी में भारतीय खिलाड़ियों ने दो कांस्य पदक हासिल किएए जबकि पुरुष बैडमिंटन टीम सेमीफाइनल में चीन से हार गई, जिससे उसने कांस्य पदक जीता। सॉफ्ट टेनिस में जय मीणा ने कांस्य जीतकर एशियाड में इस खेल का पहला पदक दिलाया।



### 12 साल बाद मीराबाई ने जीता पदक

मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू 2014 से एशियाई खेलों में पदक जीतने के इंतजार में थीं। 32 वर्षीय मीराबाई ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में कुल 198 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 88 और क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा का भार उठाया। यह भारत का 1998 के बाद भारोत्तोलन में पहला एशियाई खेल पदक है। 1998 में बैंकाक में हुए एशियाई खेलों में कर्णम मल्लेश्वरी ने भी रजत पदक जीता था।

### निशानेबाजों ने दिखाया दम

भारत की महिला और पुरुष स्कीट टीम ने कांस्य पदक जीते। महिलाओं की टीम में रायजा ढिल्लोंए माहेश्वरी चौहान और परीनाज धालीवाल ने कुल 331 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया। पुरुष टीम में अनंतजीत सिंह नरूका, मैराज अहमद खान और भवतेग सिंह गिल ने कुल 346 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

### वुशु में रोशिबिना ने जगाईं स्वर्ण की उम्मीदें

भारतीय वुशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी नाओरेम ने बुधवार को एशियाई खेलों में भारत की स्वर्ण की उम्मीदों को जीवित रखा। रोशिबिना ने आइची प्रांत मार्शल आर्ट्स हाल में इंडोनेशिया की थानिया कुसुमनिंगतास को 2.0 से हराकर महिलाओं के वुशु सांडा 60 किलो वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना चीन की शियाओयू झांग से होगा। रोशिबिना ने पिछले दो एशियाई खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। दिव्यांशी चौधरी के चोट के कारण बाहर होने के बाद टीम में शामिल किया गया था।

# गोवा में होगा आईपीएल 2027 ऑक्शन

## बीसीसीआई सेक्रेटरी बोले दिसंबर में लगेगी बोली, 3 साल बाद भारत लौटेगी नीलामी




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2027 का ऑक्शन गोवा में होगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसंबर में मिनी ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। पिछले तीनों ऑक्शन भारत से बाहर हुए थे। 2024 में दुबईए 2025 में सऊदी अरब के जेद्दा और 2026 में अबूधाबी में नीलामी कराई गई थी। ऑक्शन की तारीख और शहर अभी तय नहीं हुआ है। वेन्यू चुनते समय बीसीसीआई फ्रेंचाइजियों और उनके डेलिगेशन के ठहरने की व्यवस्था को सबसे ज्यादा महत्व देगा। अक्टूबर से दिसंबर तक भारत में वेडिंग सीजन होने के कारण 5.स्टार होटल में पर्याप्त कमरे मिलना भी एक बड़ा फैक्टर रहेगा। बीसीसीआई को ऑक्शन के लिए दो रातों के लिए 100 से ज्यादा कमरों की जरूरत होती है।ऑक्शन को भारत वापस लाने के फैसले में आईपीएली फ्रेंचाइजियों का फीडबैक भी अहम रहा। टीमों ने मिनी ऑक्शन के लिए अपने डेलिगेशन को विदेश ले जाने में होने वाली लॉजिस्टिक और ऑपरेशनल परेशानियों पर आपत्ति जताई थी।

# नये ई-कॉमर्स नियम अधिक पारदर्शिता, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे: कैट

नयी दिल्ली।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने ई.कॉमर्स के नये नियमों का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि इससे पारदर्शिता, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी। कैट ने उपभोक्ता संरक्षण ई.कॉमर्स संशोधन नियम 2026 को अधिसूचित किए जाने का स्वागत करते हुए इसे देश के डिजिटल व्यापार तंत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी कदम बताया है। नये नियम 01 जनवरी 2027 से लागू होंगे। इनमें सर्च रैंकिंग में पारदर्शिता, प्रायोजित लिस्टिंग का स्पष्ट खुलासा, छूट की वास्तविक जानकारी दिखाने, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन से एकीकरण, शिकायत निवारण व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले डार्क पैटर्न्स पर रोक जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किये गये हैं। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि कैट लंबे समय से अत्यधिक छूट, अपारदर्शी एल्गोरिद्म, भ्रामक प्रचार, सर्च परिणामों में हेरफेर तथा चुनिंदा विक्रेताओं को प्राथमिकता दिए जाने जैसे मुद्दों को उठाता रहा है। नये नियम इन चिंताओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और ऑनलाइन तथा ऑफलाइन व्यापार के बीच समान प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करेंगे। श्री खंडेलवाल ने विशेष रूप से प्रायोजित लिस्टिंग के अनिवार्य खुलासेए सर्च रिजल्ट्स में हेरफेर पर रोक तथा किसी भी छूट के विज्ञापन के साथ पिछले 30 दिनों के न्यूनतम मूल्य को प्रदर्शित करने की अनिवार्यता का स्वागत किया।




उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा और भ्रामक मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि ये सुधार वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत और लोकल टू ग्लोबल के सरकार के विजन के अनुरूप हैं तथा देश के छोटे व्यापारियों, उद्यमियों और एमएसएमई को डिजिटल बाजार में अधिक अवसर प्रदान करेंगे।

### सार्वजनिक बैंकों की शाखाओं का ऑडिट करने वाले सीए का भी होगा पीयर रिव्यू

**नयी दिल्ली।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान अगले साल से एक नया फ्रेमवर्क लागू करने वाला है जिसके तहत सार्वजनिक बैंकों की शाखाओं का ऑडिट करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट का भी अनिवार्य रूप से पीयर रिव्यू किया जाएगा। पीयर रिव्यू के तहत एक सीए के काम की समीक्षा दूसरे सीए द्वारा की जाती है। तीन या उससे अधिक सीए वाले फर्मों के लिए पीयर रिव्यू पहले से अनिवार्य है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक संस्थानों की मुख्य लेखा.बही का ऑडिट करने वाले सीए के लिए भी यह व्यवस्था पहले से ही लागू है, इसके तहत सार्वजनिक बैंक भी आते हैं। अब इसका विस्तार सार्वजनिक बैंकों की शाखाओं का ऑडिट करने वाले सीए तक किया जा रहा है।

# एसबीआई कार्ड ने योनो पर पेश किया सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड




**नयी दिल्ली।** एसबीआई कार्ड ने बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के ई-प्लेटफॉर्म एसबीआई योनो पर सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड पेश करने की घोषणा की। एसबीआई कार्ड ने बताया कि सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड से ग्राहकों को एक आसान डिजिटल अनुभव मिलेगा। वे सावधि जमा खातों (फिक्स्ड डिपॉजिट) से जुड़ा क्रेडिट कार्ड ले सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी और एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलीला पांडे की मौजूदगी में इसे पेश किया।

ग्राहक एसबीआई योनो पर चार तरह के सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड - एसबीआई कार्ड इलीट, एसबीआई कार्ड प्राइम, सिम्पलीक्लिक एसबीआई कार्ड और सिम्पलीसेव एसबीआई कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई में सावधि जमा खाता रखने वाले ग्राहक एसबीआई योनो पर शत-प्रतिशत कागज रहित प्रक्रिया के जरिये आसानी से सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

श्रीमती पांडे ने कहा कि अब ग्राहक एसबीआई योनो पर एक आसान और सुविधाजनक तरीके से कुछ ही मिनट में पूरी तरह से कागजरहित डिजिटल प्रक्रिया के जरिये सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड पा सकते हैं। वे चार विकल्पों में से अपनी जरूरतों के हिसाब से सबसे सही कार्ड चुन सकते हैं।

# दिल्ली हवाई अड्डा ओएजी मेगाहब्स की रैंकिंग में 28वें पायदान पर पहुंचा



**नयी दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ओएजी मेगाहब्स की रैंकिंग में 11 पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली हवाई अड्डे से इस समय देश और विदेश के 160 शहरों के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं। इस प्रकार यह एक वैश्विक विमानन हब के रूप में तेजी से अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। हर महीने 15 लाख यात्री इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल ट्रांजिट के लिए करते हैं। एयरपोर्ट का प्रबंधन करने वाली कंपनी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ;डायलद्ध ने बुधवार को बताया कि यहां से 70 विमान सेवा कंपनियां परिचालन कर रही हैं जो 70 अंतरराष्ट्रीय और 90 घरेलू गंतव्यों को जोड़ती हैं। हाल ही में दिल्ली से चीन की राजधानी बीजिंग और उज्बेकिस्तान के नमनगन के लिए उड़ानें शुरू की गई हैं। घरेलू शहरों में बरेली, दमन, अंबिकापुर, हलवारा लुधियाना और किशनगढ़ के लिए नये कनेक्शन के साथ दिल्ली एयरपोर्ट का नेटवर्क मजबूत हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फिलीपीन एयरलाइंस नवंबर 2026 के मध्य तक दिल्ली.मनीला सेवा शुरू करेगी। ईवीए एयर 01 दिसंबर 2026 से दिल्ली-ताइपे सेवा शुरू करेगी, जिससे दिल्ली की ताइवान के साथ पहली सीधी कनेक्टिविटी बनेगी। सीधी कनेक्टिविटी के लिए रूस और मंगोलिया की विमान सेवा कंपनियों के साथ भी बातचीत चल रही है। भारत-अफ्रीका हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए अफ्रीकी एयरलाइंस के साथ भी बातचीत हो रही है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप पणिकर ने कहा दिल्ली हवाई अड्डे के हब के तौर पर मजबूत होने की वजह देश का घरेलू विमानन बाजार है। हमारा मॉडल देश के शहरों को दुनिया से जोड़ता है। साथ ही वैश्विक गंतव्यों को देश के विशाल और बढ़ते यात्री आधार के करीब लाता है।


### हवाई यात्रियों की संख्या 6.3 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली।** किराये में बढ़ोतरी और उड़ानों की संख्या में कटौती से घरेलू एयरलाइंस के हवाई यात्रियों की संख्या में अगस्त में सालाना आधार पर लगातार तीसरे महीने गिरावट देखी गई। नागर विमानन महानिदेशालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसारए गत अगस्त में एक करोड़ 21 लाख 26 हजार लोगों ने घरेलू एयरलाइंस की उड़ानों में सफर किया। पिछले साल अगस्त की तुलना में यह आंकड़ा 6.34 प्रतिशत कम है। वहींए माह-दर-माह आधार पर हल्का सुधार देखा गया है। जुलाई में हवाई यात्रियों की संख्या 1.20 करोड़ रही थी जो 44 महीने का निचला स्तर था। लगातार तीन महीने की गिरावट का असर पूरे कैलेंडर वर्ष के आंकड़ों पर भी दिखना शुरू हो गया है। इस साल जनवरी से अगस्त तक घरेलू एयरलाइंस की उड़ानों में 11.05 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 0.18 प्रतिशत कम है।

# शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी शेयर टूटे

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आई हालांकि आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 119 अंक ऊपर 74,648 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। कारोबार की समाप्ति पर यह 299.17 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 74,828.25 अंक बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी लगभग ऐसा ही रहा। यह 117.80 अंक यानी 0.50 प्रतिशत चढ़कर 23,446.80 अंक पर पहुंच गया। मंगलवार को दोनों प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही थी। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.57 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.89 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेक्टर आधारित सूचकांकों में निफ्टी आईटी 0.87 प्रतिशत और निफ्टी मीडिया 0.50 प्रतिशत गिर गया। धातु समूह के सूचकांक में 2.40 प्रतिशत, एफएमसीजी में 1.32 प्रतिशत और रियल्टी में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही। फार्मा, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी ऊपर बंद हुए। एनएसई में जिन 3,689 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,344 के शेयरों में तेजी और 1,232 में गिरावट रही। अन्य 113 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।



सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 3.28 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.07 प्रतिशत, आईटीसी का 1.77 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.73, पावरग्रिड का 1.65, एलएंडटी का 1.50, बजाज फिनसर्व का 1.15, सन फार्मा का 1.14 और अडानी पोर्ट्स का 1.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। आईटी सेक्टर में बिकवाली के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.10 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.03 प्रतिशत और टीसीएस का 0.95 प्रतिशत टूट गया। टाइटन और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.38 प्रतिशत चढ़ गया। हांगकांग के हैंग सेंग में 1.01 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.39 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.69 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10 प्रतिशत नीचे था।

# किसान कृषि की नई तकनीक, फसल विविधीकरण और खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को अपनाएं : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने सीधी के बलराम कृषि महोत्सव को किया वर्चुअली संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि खेती का भविष्य उज्जवल है। किसानों को अपनी खेती को समय के साथ बदलते हुए नई तकनीक, फसल विविधीकरण और खाद्य प्रसंस्करण से जोड़ने की दिशा में पहल करनी होगी। श्री अन्न, उद्यानिकी, पशुपालन और कृषि आधारित उद्योगों में रूचि लेकर किसान आमदनी के नए रास्तें खोल सकते हैं। सीधी मिलेट उत्पादन में अग्रणी है, यहां कोदो, कुटकी, सांवा, मिजरी और काकुन जैसी कई मिलेट फसलें पारंपरिक रूप से उगाई जाती हैं, जो यहां की संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। प्रसन्नता का विषय है कि श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए जिले में 2 हज़ार हेक्टेयर में रागी और लगभग ढाई हज़ार हेक्टेयर में कोदो की फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों को प्रसंस्करण और बाजार से भी जोड़ा जाएए जिससे उनकी आमदनी के नए रास्तें खुलें। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह विचार सीधी के बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चंद्रेह शिव मंदिर में विराजे बाबा भोलेनाथ, बढ़ौरानाथ स्वामी और जगत जननी जगदंबा को नमन करते हुए कहा कि सीधी जिले में आदिशक्ति के अनेक



पावन धाम हैं, प्रदेशवासियों पर सबकी कृपा बनी रहे, यही कामना है। इस अवसर पर मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई उपस्थित थे।

### पर्यटन और दरी कारीगरी के लिए भी प्रसिद्ध है सीधी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनजातीय संस्कृति से सजे सीधी की संभावनाओं की सूची बहुत लंबी है। खेती.किसानी के साथ पर्यटन, दरी कारीगरी, प्रकृति के वैभव और लोक संस्कृति यहां की रीढ़ है। पंजा दरी कारीगरों ने अपनी मेहनत और कला के बल पर सीधी को नई पहचान दी है। सीधी जिला कालीन बुनकरों का घर है, पंजा दरी विश्व प्रसिद्ध हैए इसकी मांग विदेश तक है। पंजा दरी और कालीन हथकरघा उत्पादों को एक जिला-एक उत्पाद के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। रामपुर नैकिन के भरतपुर गांव में हथकरघा और आकर्षक खादी परिधान बनाने की इकाई भी संचालित है। इससे स्थानीय कारीगरों को आय के अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सीधी के किसान नवाचार और तकनीक अपना रहे हैं। जिले में धान, गेहूं, सरसों, चना, तिल और अरहर जैसी प्रमुख फसलों के साथ फल और सब्जियों का भी उत्पादन हो रहा है। टमाटर उत्पादन में सीधी की अपनी अलग ही पहचान है। प्याज, आलू, भिंडी, खीरा और बैंगन जैसी सब्जियों के साथ कटहल, कलमी आम, ग्राफ्टेड अमरूद, कलमी नींबू, फूलगोभी और चुकंदर जैसी उन्नत फसलों में मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पानी की बचत के साथ पैदावार भी बढ़ रही है।

### समय पर पंजीयन कराएं किसान

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। किसानों द्वारा लिए गए कृषि ऋण को चुकाने की व्यवस्था भी उनकी सुविधा की अनुसार की गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किसानों को अपनी फसल समर्थन मूल्य पर देने के लिए समय रहते पंजीयन कराने की समझाईश दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सीधी में पिछले 6 महीनों में महिला समूहों ने 24 क्विंटल महुआ लड्डू और 5 क्विंटल महुआ बिस्किट बेचकर करीब 13 लाख रुपए की आमदनी अर्जित की है। इस उपलब्धि के लिए महिला उद्यमी बधाई की पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें दुग्ध उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



# निर्माण पूर्ण होने के साथ ही उपकरण, फर्नीचर और मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश


**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की**

भोपाल (स्वतंत्र मत )

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं पूर्ण हो चुके कार्यों के लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों की सतत एवं सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य संस्थाओं के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद उनके संचालन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर की उपलब्धता तथा आवश्यक मानव संसाधन की पदस्थापना की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएए ताकि स्वास्थ्यसंस्थाओं का संचालन तत्काल प्रारंभ किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों, अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित विभागीय एजेंसियों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्माण, उपकरण, फर्नीचर और मानव संसाधन से संबंधित सभी कार्यों की एकीकृत रूप से मॉनिटरिंग की जाए। प्रत्येक स्तर पर निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य की तुलना में वर्तमान में कम संस्थाएं लोकार्पण के लिए तैयार हो पाई हैं। प्रगति में कमी के कारणों की विस्तृत समीक्षा कर निर्माण कार्यों में आवश्यक गति लाई जाए तथा विलंब के लिए उत्तरदायी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। बैठक में आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजू एस, प्रबंध संचालक, भवन विकास निगम सिबी चक्रवर्ती, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्री अवि प्रसाद, विभागीय वरिष्ठ अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जंगली सियार के आतंक से ग्रामीण एवं पालतू जानवर परेशान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** ग्राम पिपरया टिकरी वन चौकी बंडी टेक वन परिक्षेत्र दमोह के लोग इन दोनों जंगली सियार के आतंक से जमकर परेशान हैं। सियारों का झुंड रात के समय गांव तथा आसपास के क्षेत्र में घूम कर पालतू पशुओं को निशाना बना रहा है। वही कुछ लोगों को वह काट भी चुका है जिससे उनके अंदर संक्रमण फैलने की संभावना बनी हुई है। इस संदर्भ में बाबू सींग पिता हज्जी सींग लोधी 50 वर्ष निवासी ग्राम पिपरया टिकरी वन चौकी बंडी टेक वनपरिक्षेत्र ने वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन संरक्षण के नाम पर इक लिखित आवेदन देते हुए जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने तथा जो लोग इनके शिकार हुए हैं उनका उचित इलाज करा



कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। वन्य जीव द्वारा आवेदक के भाई एवं पालतू जानवरों को घायल किये जाने की जानकारी भी आवेदन में दी गई है। यह कि 21 सितंबर को रात्रि करीब 11 बजे मुझे अपने घर में वनी सार में पालतू जानवरो भैसों की आवाज आई जिसे देखने मै एवं मेरे भाई हाकम सींग पिता हज्जी सींग लोधी गये तो हम लोगों ने देखा कि जंगली 2-3 सियार ने पालतू जानवरों पर हमला कर घायल कर दिया था। मैंने चिल्लाया तो सियारों ने हम लोगों पर हमला कर दिया जिसमें हम लोग भागे मेरे भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया उक्त दिनांक को ग्राम के अन्य व्यक्तियो एवं पालतू जानवरों को भी जंगली जानवरों ने घायल किया हैं जिसमें साहब सींग को गंभीर चोट आयी थी, जिसका इलाज चल रहा हैं, उक्त घटना से ग्रामीण अत्याधिक भयभीत है। वर्तमान में जंगली जानवरों का हमारे क्षेत्र में काफी आंतक हैं वह हमारे गावं में कृषि तथा जानवरों तथा ग्राम वासियों को कभी भी कोई गंभीर नुकसान पहुंचा सकते है।

# सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों की शिक्षा, रोजगार, अधिकार और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण आधार

भोपाल (स्वतंत्र मत)

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों के लिए केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उनकी शिक्षा, रोजगार, अधिकार और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि कई बार संवाद की बाधा व्यक्ति में नहीं, बल्कि संचार की पहुंच में होती है। ऐसे में व्यक्ति को बदलने के बजाय संवाद के माध्यम को सुलभ बनाना आवश्यक है। सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों को अपनी बातए आवश्यकताओं और भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का अवसर देती है। मंत्री श्री कुशवाह अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा



दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सांकेतिक भाषा समानता और समावेशन का सुंदर उदाहरण है। इसके माध्यम से दिव्यांगजन समाज से बेहतर तरीके से जुड़ सकते हैं। आज प्रदेश के दिव्यांगजन बच्चे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा एवं हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं और सांकेतिक भाषा के माध्यम से देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सांकेतिक भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने और प्रशिक्षित सांकेतिक भाषा दुभाषियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पुलिस स्टेशनए अस्पताल सहित रोजमर्रा की आवश्यकता वाली महत्वपूर्ण जगहों पर सांकेतिक भाषा दुभाषियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम से लेकर पंचायत स्तर तक दिव्यांगजनों को आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आवश्यक योग्यताएं प्राप्त करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। निजी संस्थानों में इंटरव्यू एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों को आरक्षण सहित विभिन्न अवसरों का लाभ लेने के लिए आवश्यक पात्रता एवं योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगजनों की प्रतिभा और हुनर को उचित अवसर मिले तथा संवाद और संचार की बाधाएं उनके विकास के रास्ते में बाधक न बनें।

# विद्यार्थियों ने चित्रों और भाषण से दिखाई विकसित भारत की कल्पना

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा और समर्पण के 25 वर्षों की अनवरत यात्रा के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पीएम श्री पीजी महाविद्यालय दमोह में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने चित्रों और विचारों के माध्यम से



विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की। सेवा संकल्प अभियान में विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं वैचारिक अभिव्यक्ति को मंच देने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अध्यक्षता जिला पंचायत दमोह अध्यक्ष रंजीता पटेल ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक जैन, सेवा संकल्प अभियान प्रभारी मनीष तिवारी, राजेंद्र चौरसिया, पीएल शर्मा, एल्डरमैन संतोष रोहित, मोंटी रैकवार, नीलेश सिंघई, अमरदीप जैन, अखिलेश सिंह घोषी, विकास जैन एवं कृष्णा पटेल कार्यक्रम संयोजिका इंद्रा जैन उपस्थित रहे।

**विकसित भारत के निर्माण में दें सहयोग-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा विद्यार्थियों के सपनों और उनकी कल्पनाओं में ही आने वाले भारत की तस्वीर दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहींए बल्कि वर्तमान में भी राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। सेवा संकल्प अभियान प्रभारी मनीष तिवारी ने कहा अभियान का उद्देश्य सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है।

# निर्माणाधीन सड़क पर फिसली यात्री बस, बड़ा हादसा टला

**गैसाबाद (स्वतंत्र मत)।** हटा-पन्ना स्टेट हाईवे पर गैसाबाद थाना के पास बुधवार दोपहर पवई से हटा की ओर आ रही यात्री बस निर्माणाधीन सड़क पर फिसलकर अनियंत्रित हो गई। बस सड़क किनारे उतरकर फंस गई। हादसे के दौरान बस में यात्री सवार थे। चालक की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया और यात्रियों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन सड़क पर मुरम बिछी होने से फिसलन की स्थिति बनी हुई थी। इसी दौरान सामने से आ रहे वाहन से क्रॉसिंग



करते समय बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। घटना की जानकारी मिलने पर यात्रा व्यवस्था के दौरान गैसाबाद पहुंचे, हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क निर्माण कंपनी के प्रबंधन से चर्चा कर तत्काल आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए ताकि मार्ग पर यातायात सुचारु बना रहे और दोबारा ऐसी स्थिति निर्मित न हो। घटना में किसी यात्री के घायल होने की जानकारी नहीं है।

# जबेरा-तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 5 प्राचीन स्थल राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल : राज्यमंत्री लोधी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा जबेरा-तेंदूखेड़ा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि मप्र पुरातत्व विभाग द्वारा क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहरों को राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किया गया है। क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मढ़ा मंदिर ग्राम दौनी तेंदूखेड़ा, सूर्य मंदिर ग्राम मोहड़ तेंदूखेड़ा, मढ़ा मंदिर, ग्राम बड़दुंवा तहसील जबेरा श्री राम जानकी मंदिर ग्राम पुंवार तहसील जबेरा, वंशीपुर मठ जबेरा राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किए गए हैं।

मंत्री श्री लोधी ने कहा इन प्राचीन स्थलों को राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किए जाने से इनके समुचित संरक्षण, संवर्धन एवं ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। दमोह जिला सदियों पुरानी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं का केंद्र रहा है। इन धरोहरों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत से जोड़ने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देने में सहायक होगा। क्षेत्रवासियों ने भी इस महत्वपूर्ण पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत के सम्मान और संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# दमोह जिले का पहला प्रकरण किया स्वीकृत

## गोल्डन आवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर रत्नेश एवं योगेश सुमन को मिले 25 हजार एवं प्रशस्ति पत्र

दमोह (स्वतंत्र मत)

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में मदद कर उनकी जीवन रक्षा करने वाले व्यक्ति को शासन से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने के लिए ग्राम इमलाई निवासी राहवीर योगेश सुमन और रत्नेश सुमन को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने परिवहन आयुक्त मप्र भोपाल को भेजा था। जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। 22 सितंबर को कलेक्ट्रेट



सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग में जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने राह वीर गुड सेमेरिटन को 25 हजार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों भाई रत्नेश और योगेश सुमन राहवीर योजना में अपना योगदान देने वाले दमोह जिले के पहले राहवीर भी बन गए हैं।

रत्नेश सुमन और योगेश सुमन द्वारा सड़क पर घायल अवस्था में पड़े भारत प्रजापति और विजय लोधी को अस्पताल पहुंचाने में तत्परता दिखाई गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// निविदा सूचना//**

N.I.T. No/PWD/e-tendering/PRO/599 — Date 23/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_538315_1 24/09/2026 | स.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में संभागीय कार्यालय के पीछे इन्द्रानगर एवं सेठी नगर में सड़क व नाली निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा) | 04 माह<br>रु. 28.82 लाख | रु. 5000/-<br>रु. 21618/- | 24/10/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग**
**नगर निगम, जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर**
**म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 176 श्री जगदीश कुमार अग्रवाल पिता श्री मीना लाल अग्रवाल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.12.2001 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री जगदीश कुमार अग्रवाल पिता श्री मीना लाल अग्रवाल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2006 के माध्यम से श्रीमति विमला जैन पति श्री दीपचंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति विमला जैन पति श्री दीपचंद जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर**
**म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक Jr. LIG 452 श्रीमती आरती पाठक पति श्री सुधीर पाठक, श्रीमती माया तिवारी पति श्री सत्यनारायण तिवारी, श्रीमती अंजना तोमर पति श्री अशोक तोमर एवं श्रीमती रंजना शर्मा पति श्री महेश कुमार शर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16.03.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती आरती पाठक पति श्री सुधीर पाठक, श्रीमती माया तिवारी पति श्री सत्यनारायण तिवारी एवं श्रीमती अंजना तोमर पति श्री अशोक तोमर ने पंजीकृत हकत्याग दिनांक 18.09.2026 के माध्यम से श्रीमती रंजना शर्मा पति श्री महेश कुमार शर्मा को हकत्याग किया है। अतः श्रीमती रंजना शर्मा पति श्री महेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण भवन / भूखण्ड बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर**



**मझौली थाने का मामला, एफआईआर दर्ज**

## डम्पर से ले जाई जा रही थी चोरी की रेत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मझौली थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया ने बताया कि इंद्राना रोड़ गेरा मार्केट के पास भीड़ भाड़ थी तभी एक डम्पर पंडाल के पास से निकल रहा था। वाहन को रोककर वाहन चालक से नाम पता पूछने पर निक्कू बर्मन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खजरी कटंगी बताया। दस्तावेज मांगने पर चालक द्वारा स्वयं का ड्रायविंग लायसेंस पेश किया किन्तु वाहन का बीमा, फिटनेस एवं ई खनिज में पंजीयन (रायल्टी) नहीं होना बताया। पूछताछ करने पर डम्पर मालिक अंशुल सिंह चंदेल के कहने पर डम्फर में बिना रायल्टी की रेत लोड करके परिवहन करना बताया। पुलिस ने आरोपी निक्कू बर्मन के कब्जे से डम्पर मय रेत के जब्त करते हुये कार्यवाही की।

**निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश**

## विसर्जन स्थलों पर लिया सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख विसर्जन क्षेत्रों–भटौली, तिलवारा, गोकलपुर आदि घाटों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को विसर्जन प्रक्रिया को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। विसर्जन स्थलों और पहुंच मार्गों पर 24 घंटे निर्बाध प्रकाश और निरंतर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नदी एवं जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य से निर्मित कृत्रिम विसर्जन कुंडों की स्थिति का जायजा लिया गया और नागरिकों से इनमें मूर्ति विसर्जन करने की अपील की।





# न्यायाधीशों और न्यायिक सुविधाओं की कमी भी मामलों के निपटारे में देरी का प्रमुख कारण

### मप्र हाईकोर्ट में हुई लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की याचिका पर सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दीवानी न्यायालयों एवं हाईकोर्ट में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए व्यापक दिशा–निर्देश जारी करने की मांग को लेकर अधिवक्तावृय आनन्द चावला एवं विद्या शंकर मिश्रा द्वारा दायर जनहित याचिका को मप्र हाईकोर्ट की खंडपीठ ने निरस्त कर दिया। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे एवं न्यायमूर्ति विवेक रुसिया की खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक लालवानी ने सर्वोच्च न्यायालय के रामरमेश्वरी देवी बनाम निर्मला देवी, एन.जी. दस्ताने बनाम श्रीकांत एस. शिवदेव, दलीप सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य तथा महिला विनोद कुमारी बनाम मप्र राज्य के न्याय दृष्टांतों का हवाला दिया।



दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट के रामरमेश्वरी देवी मामले का हवाला देते हुए यह भी कहा गया कि मुकदमे को अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए और दोषी पक्ष पर वास्तविक एवं उचित लागत लगाई जा सकती है। यदि किसी अंतरिम आदेश के कारण प्रतिपक्ष संपत्ति के उपयोग से वंचित होता है, तो अंतिम निर्णय के अनुरूप वास्तविक क्षति की भरपाई के लिए, यथार्थवादी मेस्ने प्रॉफिट (मध्यवर्ती लाभ), लागत एवं रेस्टिट्यूशन (पूर्व स्थिति की बहाली) का आदेश दिया जाना चाहिए।

### बेबुनियाद मुकदमेबाजी पर प्रभावी रोक लगाने की मांग

याचिकाकर्ताओं ने अनावश्यक स्थगन, झूठे दावे, गलत दस्तावेज एवं शपथ–पत्र तथा बेबुनियाद मुकदमेबाजी पर प्रभावी रोक लगाने और ऐसे मामलों में वास्तविक लागत एवं हर्जाना लगाए जाने के संबंध में

### हर मामले के लिए एक समान एसओपी संभव नहीं

मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की परिस्थितियां अलग होती हैं। इसलिए, अंतरिम आवेदनों या स्थगन के संबंध में ऐसा कोई निश्चित नियम या सख्त नहीं बनाया जा सकता, जो प्रत्येक मामले में समान रूप से लागू हो। दीवानी मुकदमे में किसी आवेदन पर निर्णय लेने से पहले संबंधित पक्ष को सुनवाई का उचित अवसर देना आवश्यक है। खंडपीठ ने व्यापक दिशा–निर्देश जारी करने का कोई आधार नहीं पाते हुए जनहित याचिका खारिज कर दी और मामले का पटाक्षेप कर दिया।

### प्रभावी आर्थिक दंड की आवश्यकता

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि अनावश्यक स्थगन तथा विभिन्न अंतरिम आवेदनों के कारण मामलों के निपटारे में देरी हो रही है। उनका यह भी कहना था कि कई अंतरिम आवेदनों के अंतिम निराकरण में तीन से चार महीने तक का समय लग जाता है तथा बेबुनियाद मुकदमेबाजी और झूठे शपथ-पत्रों के लिए प्रभावी आर्थिक दंड की आवश्यकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि मामलों के लंबित रहने और उनके निपटारे में देरी का एकमात्र कारण स्थगन नहीं है। मध्यप्रदेश में लंबित मामलों की संख्या की तुलना में न्यायाधीशों की संख्या अधिक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा न्यायालय कक्षों, आधारभूत सुविधाओं और मंत्रालयीन कर्मचारियों की कमी तथा रिक्त पद भी मामलों के निपटारे को प्रभावित कर रहे हैं। खंडपीठ ने कहा कि इन समस्याओं पर राज्य सरकार द्वारा भी विचार और आवश्यक कदम उठाए जाने की जरूरत है।

# 10 की जगह मांगा 50 रूपए स्टैण्ड शुल्क ना देने पर दम्पत्ति पर हमले की कोशिश

### मेडिकल कॉलेज से सामने आई स्टेंड संचालक की गुण्डागर्दी, वीडियो वायरल




जबलपुर (स्वतंत्र मत)


नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में मारपीट और कथित अभद्रता के मामले बढ़ रहे हैं। बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में एक महिला और उसके पति के साथ अभद्रता करते वाहन स्टैंड संचालक दिखाई पड़ रहे हैं। यही नहीं स्टैंड संचालकों ने इन्हें बेल्ट से मारने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला का पति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए आया था। महिला जब अस्पताल आई, तो वाहन स्टैंड के कर्मचारियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर स्टैंड संचालकों और कर्मचारियों ने गुंडागर्दी दिखाते हुए महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग

परिजनों का आरोप है कि 10 रुपए की 50 रुपए की राशि मांगी गई। युवक ने यूपीआई से भुगतान करने की बात कही, लेकिन स्टैंड कर्मचारियों ने नकद रुपए देने को कहा। विवाद बढ़ने पर स्टैंड कर्मचारी पियूष विश्वकर्मा युवक और एक एक्टिवा सवार महिला से बहस करता दिखाई दिया। इसी दौरान एक युवक ने बेल्ट उतार ली और बाइक लेकर खड़े युवक को मारने की कोशिश की। वायरल वीडियो में गाली–गलौज और विवाद होता दिखाई दे रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि उन पर बेल्ट से हमला करने का प्रयास किया गया। वीडियो सामने आने के बाद मामले को लेकर लोगों में नाराजगी है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। लोगों ने पुलिस से वीडियो की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की।

# लोन रिकवरी के लिए पहुंचे बैंक मैनेजर पर हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोन की रिकवरी के लिए सदर पहुंचे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मैनेजर पर कर्जदार और उसके साथियों ने हमला कर दिया। मारपीट में मैनेजर की नाक पर चोट आई और खून बहने लगा। मैनेजर ने आरोप लगाया कि हमलावर उनके पास रखे 16 हजार रुपए भी लूटकर ले गए। घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया। कैंट थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सदर गली नंबर–9 निवासी सतीश अग्रवाल ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सदर शाखा में सोना जमा कर गोल्ड लोन लिया था। उसकी किश्तें लगातार बकाया थीं। बैंक की ओर से कई बार नोटिस और मैसेज भेजे गए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। मंगलवार शाम बैंक मैनेजर मनीष संझा लोन की रिकवरी और नोटिस देने सतीश के घर पहुंचे। उन्होंने किश्तों का भुगतान नहीं करने के संबंध में बातचीत की तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सतीश और उसके साथियों ने मैनेजर के साथ मारपीट शुरू कर दी। मैनेजर के मुताबिक आरोपियों ने उनके चेहरे पर हमला किया, जिससे नाक पर चोट आई और खून बहने लगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनके पास रखे 16 हजार रुपए भी सतीश और उसके साथियों ने ले लिए। बैंक मैनेजर पर हमले की जानकारी मिलने पर बैंक के कर्मचारी भी कैंट थाने पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस आरोपी सतीश अग्रवाल और उसके साथियों की तलाश कर रही है।



### गढ़ाफाटक के राजा की भव्य महाआरती आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आज गुरुवार को रात्रि 7.30 बजे बड़ी महाकाली, कालीधाम गढ़ाफाटक में श्री बाल गणेश उत्सव समिति कालीधाम, गढ़ाफाटक (गढ़ाफाटक का राजा) के तत्वाधान में भव्य महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में भगवान श्री गणेश की विशेष आराधना एवं महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। समिति के पदाधिकारी कृष्णा चौरसिया, वेदांत चौरसिया, ध्रुव नामदेव आदि ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

# जिनसार छात्रावास में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विधि विधान से किया गया पूजन-अर्चन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग सांइसेज (जिनसार) के छात्रावास में विराजी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का बुधवार को विधिवत पूजन–अर्चन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वतंत्र मत परिवार परिवार द्वारा आरती में हिस्सा लेकर संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



### अवैध शराब और जुए-सट्टे पर रोक लगाने महिलाएं हुई एकजुट

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** ग्राम गुरजी टोला की महिलाओं ने गांव में बिक रही कच्ची और पक्की शराब के साथ जुआ-सट्टे पर रोक लगाने की मांग की है। महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को शिकायत देकर गांव में जांच और कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का कहना है कि वे खेतों में मजदूरी कर परिवार चलाती हैं, लेकिन घर के पुरुष मजदूरी से मिली रकम शराब में खर्च कर देते हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। शिकायत में महिलाओं ने बताया कि गांव में शराब और जुए का चलन बढ़ने से आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं होती हैं। शराब के नशे में पुरुष घर की महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं, जिससे घरों की शांति भंग हो रही है। महिलाओं ने कहा कि लगातार झगड़ों के कारण उनका जीवन मुश्किल हो गया है और जान–माल का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से गांव में कच्ची–पक्की शराब, जुआ और सट्टे पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

# सांसद दिल्ली दर्शन के प्रथम चरण में दिल्ली के लिए रवाना हुए 15 विद्यार्थी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को देश की राजधानी के लोकतांत्रिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के उद्देश्य से जबलपुर सांसद आशीष दुबे द्वारा प्रारंभ किए गए 'सांसद दिल्ली दर्शन' कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ हुआ। बुधवार को 5 विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के चयनित 15 विद्यार्थी अपने 5 प्रभारी शिक्षकों के साथ गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। विद्यार्थियों का चयन 'सांसद वाद–विवाद प्रतियोगिता' एवं 'सांसद निबंध प्रतियोगिता' के माध्यम से किया गया है।कार्यक्रम में शासकीय एवं निजी विद्यालयों को समान अवसर देते हुए 50 प्रतिशत शासकीय और 50 प्रतिशत निजी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। प्रथम बैच में संसदीय क्षेत्र के पं.लज्जा शंकर झा



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय,शासकीय क.उ.मा.वि. ब्यौहारबाग, सांदीपनि शा.उ.मा.वि.आधारताल, क्राइस्ट चर्च डायसेशन स्कूल घमापुर एवं सेंट ग्रेबियल स्कूल रांझी के विद्यार्थी शामिल हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान विद्यार्थी नया संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय समर स्मारक सहित प्रमुख ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेंगे। प्रत्येक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक उनके साथ रहेंगे तथा आवास,भोजन और परिवहन की व्यवस्थाओं का समन्वय सांसद कार्यालय की टीम द्वारा किया जाएगा। 26 सितंबर को नई दिल्ली में विशेष अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा,जिसमें सांसद आशीष दुबे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे तथा चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो एवं गिफ्ट हैंपर प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

# किसलय को मिली हिन्दी काव्य विभूषण की मानद उपाधि

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हिन्दी साहित्य प्रचार–प्रसार तथा हिन्दी को राष्ट्रभाषा के उच्चासन पर आसीन कराने हेतु प्रतिबद्ध श्रीनाथद्वारा, राजस्थान के सुप्रसिद्ध साहित्य मंडल का हिन्दी लाओ –देश बचाओ त्रिदिवसीय समारोह विगत दिनों सम्पन्न हुआ। लोकनृत्य, हिन्दी पर व्याख्यान, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व साहित्यकारों को विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया गया। सम्मान समारोह के गरिमामयी क्षणों में संस्कारधानी आचार्य विजय तिवारी किसलय को हिन्दी काव्य विभूषण की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम संचालक द्वारा सम्मानितों का विस्तृत परिचय और काव्यमय प्रशस्तियाँ भी पढ़ी गई। विभिन्न कृतियों का लोकार्पण व साहित्य–मंडल



पुस्तकालय हेतु साहित्यकारों ने अपनी अनेक कृतियां श्याम प्रकाश देवपुरा को भेंट कीं।


South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

RUBY - NATIONAL AWARD WINNER MULTIPLEX

| | |
|---|---|
| THE PARADISE (HINDI) (A-18+) | 11:45 AM, 3:15 PM, 6:45 PM & 10:15 PM |
| DAAYRA (HINDI) (A-18+) | RUBY 4:15 PM & 7:00 PM |
| VIBE (HINDI)(A-18+) | 9:00 AM \| RUBY 12:15 PM |
| RESIDENT EVIL (HINDI/ENG) (A-18+) | RUBY HINDI-5:50 PM \| ENG- 7:45 PM |
| MIRZAPUR (HINDI) (A-18+) | 11:00 AM, 2:35 PM, 6:20 PM & 10:00 PM<br>RUBY 9:30 PM |
| HANUMAN ANSH (HINDI) | 9:30 AM, 12:30 PM, 3:30 PM, 6:30 PM & 9:30 PM<br>RUBY 1:30 PM, 3:00 PM & 9:50 PM |

@moviemagic_jbp | MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508



ॐ शांति ॐ ॐ शांति ॐ

श्रद्धांजलि



डॉ. आनंद तिवारी जी

के सहज जीवन, सरल ह्रदय एवं धार्मिक संस्कारों की स्मृतियों को नमन।
उनका देवलोकगमन रविवार, 13 सितंबर 2026 को हुआ।
ईश्वर की दिव्य इच्छा के समक्ष नतमस्तक होकर
परिवारजन उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

गुरुवार, 24 सितंबर 2026
दोपहर 4:00 बजे से 5:00 बजे तक

कार्यस्थल : रुक्मणी हॉल-2,
कचनार क्लब, विजय नगर, जबलपुर

शोकाकुल परिवार
श्रीमती ममता तिवारी (पत्नी)
हिमांशु तिवारी - डॉ. प्रियंका तिवारी, सुधांशु तिवारी - डॉ. गार्गी तिवारी
ईशान, पावनी, सान्वी, मैत्रेयी, समस्त तिवारी परिवार एवं मित्रगण

• नेशनल हॉस्पिटल • सन लाईफ केयर पैथोलॉजी • गार्गी डेंटल केयर,
• ओजस गैलेक्सिया • कपीश कंस्ट्रक्शन

सम्पर्क : 9425154891, 9893082044


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@gmail.com**, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एमपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**